दाईं ओर : जर्मनी के सैनिक बच्चे










बाईं ओर : राइनलैंड का एक दृश्य
दाईं ओर : म्युनिच शहर का एक दृश्य






बाईं ओर : राइन के किनारे कारखानों का एक दृश्य
दाईं ओर : १८१३ का बना जर्मनी का पहला रेल-इंजन





बाईं ओर : नहर के किनारे म्युनिच का प्रसिद्ध म्युजियम
दाईं ओर : म्युजियम में हवाई जहाज संबंधी क्रमविकास का एक विभाग



का कार्य्य बहुत अच्छा हो सकता है। आपको यह सुनकर आश्चर्य होगा कि वहाँ कुछ लोकप्रिय पुस्तकों की १० लाख से अधिक प्रतियाँ प्रतिवर्ष बिकती हैं। और वहाँ के पत्र-पत्रिकाओं की तो कुछ बात ही न पूछिए। सम्पूर्ण जर्मनी में प्रत्येक व्यक्ति उन्हें पढ़ता है। अकेले लिपजिग नगर में दो लाख से अधिक मनुष्य पुस्तक-प्रकाशन-कार्य्य और इससे सम्बन्ध रखनेवाले व्यवसायों में लगे हैं।

लिपजिग अपनी वसन्तकालीन प्रदर्शनी के लिए प्रसिद्ध है। उस समय यहाँ योरप के समस्त भागों से लगभग २५ हजार यात्री जमा होते हैं। ये नवीन आविष्कार और टेकनिकल उद्योगों की विभिन्न शाखाओं की उन्नति देखने आते हैं। अमरीका, आस्ट्रेलिया और दक्षिणी अमरीका की रियासतों से बड़े-बड़े खरीदार यहाँ प्रतिवर्ष आते हैं। यहाँ के बड़े-बड़े कारवारियों से माल भेजने के लिए लम्बे-चौड़े इकरारनामे करते हैं। मुद्रण-व्यवसाय-सम्बन्धी तो इस नगर में योरप की सबसे बड़ी प्रदर्शनी लगती है।

एक दिन प्रातःकाल जब मैं होटल से बाहर आ रहा था, मेरी एक नवयुवक बंगाली विद्यार्थी से भेंट हुई। यह विद्यार्थी मेरे कलकत्ते के एक मित्र के दामाद थे और स्थानीय विश्वविद्यालय में वनस्पति-शास्त्र का अध्ययन कर रहे थे। इन्हें यह समाचार मिला था कि मैं लिपजिग में हूँ, इसलिए ये मुझसे मिलने आये थे। ये दो दिन मुझे खेल और सन्ध्या के लोकप्रिय विश्राम-स्थान दिखाने ले गये। सम्पूर्ण महाद्वीप में ग्रीष्म-काल का जनता इतना आनन्द लेती है कि ऊपर से देखने से यह नहीं जान पड़ता कि यह देश अर्थसंकट से पीड़ित है। सन्ध्या-समय सर्वत्र उपवनों और स्नान के केन्द्रों में प्रमुदित जन-समूह देख पड़ता है। नवयुवक टेनिस खेलते हुए नजर आते हैं। मजदूर स्त्रियाँ भी खुले मैदानों में खेल का आनन्द लेती हुई देख पड़ती हैं। सम्पूर्ण वायुमंडल ही आमोद-प्रमोद से पूर्ण प्रतीत होता है। कहीं किसी महामारी का नाम नहीं, बड़े बूढ़े तक टहलने के लिए निकलते हैं और प्रति सन्ध्या को उपवनों के शीतल समीर का आनन्द लेते हैं। पाइन के वृक्ष पंखा-सा झलकर इस बल-वर्द्धक वायु की वृद्धि करते हैं और विश्रामगृह प्रमुदित युवकों और युवतियों से पूर्ण दिखाई पड़ते हैं।

एक दिन जब मैं अपने नवयुवक मित्र के साथ एक बाग में घूम रहा था, स्थानीय विश्वविद्यालय-छात्राओं का एक दल हमारी ओर आकृष्ट हो गया। वे हमारे देश के सम्बन्ध में हमसे प्रश्न करने लगीं। उन्हें हमारे देश का अत्यल्प ज्ञान था। उनका खयाल था कि हमारा देश धन-धान्य से पूर्ण है और उसमें बहुत ही धनी मनुष्य निवास करते हैं। योरप के लोगों में हमारी आर्थिक दशा के बारे में यह गलतफहमी इसलिए है कि हमारे कुछ राजा और रईस, जो इस महाद्वीप की यात्रा करते हैं, होटलों और विश्राम-गृहों में अपार धन लुटाते हैं। प्रत्येक भारतीय जो साफा बाँधता है, अपार धन का स्वामी समझा जाता है। प्रत्येक भारतीय बड़ा धनी माना जाता है।

जर्मनी के एक शहर हाइल्डेलबर्ग में मुद्रण-यन्त्र बनानेवाले एक कारखाने में मुझे थोड़ा-सा काम था। इसलिए एक दिन सुबह के सुहावने समय में एक्सप्रेस ट्रेन से इस नगर की लम्बी यात्रा के लिए रवाना हो गया। यह मार्ग अधिकांश में राइनलैंड होकर गया था। राइन जर्मनी की महानदी है और एक अत्यन्त उपजाऊ

प्रदेश से होकर बहती है। इस नदी के दोनों किनारों पर बहुत से बड़े-बड़े औद्योगिक नगर स्थित हैं। औद्योगिक जर्मनी के लिए यह नदी एक बड़े जलमार्ग का भी काम देती है। नदी के दोनों किनारों पर अंगूर के सुन्दर बाग हैं और इन्हीं स्थानों में प्रसिद्ध जर्मन अंगूरी शराब के मुख्य कारखाने हैं। ऐसे एक स्थान पर हमने संगमरमर की एक सुन्दर मूर्त्ति घोड़े की पीठ पर देखी। इसके एक हाथ में अंगूर और दूसरे हाथ में प्याला था।

छः घंटे की यात्रा के बाद सन्ध्या-समय मैं हाइल्डेलबर्ग पहुँचा। मैंने वहाँ के कारखाने को अपने आने के सम्बन्ध में पहले ही सूचित कर दिया था, इसलिए उनका एक आदमी मुझसे स्टेशन पर मिलने आया। उसने उसी समय मुझे स्टेशन के सामने एक होटल में ठहराया। वहाँ मैंने दूसरे दिन प्रातःकाल तक आराम किया। सारे जर्मनी में खास-खास होटलों में अँगरेजी बोली जाती है। इससे यात्रियों को बड़ी सुविधा होती है, नहीं तो भोजन और अन्य सुविधाओं के सम्बन्ध में यात्रियों को होटल के कर्मचारियों से कहने में बड़ी कठिनाई होती। इस होटल का प्रधान अभ्यर्थनाकारी भारत में पाँच वर्ष रह चुका था, इसलिए उसे एक भारतीय को देखकर बड़ी प्रसन्नता हुई। मेरी सुविधाओं की ओर उसने खास तौर से ध्यान दिया। लम्बी यात्रा के बाद मैं थक गया था, इसलिए उसने मेरे लिए गर्म पानी से स्नान करने की व्यवस्था कर दी। दिन में बहुत अधिक गर्मी थी, इसलिए इस स्नान से मुझे बहुत आराम मिला। उसी दिन सन्ध्या को होटल के विश्राम-गृह में स्थानीय साहित्यिक क्लब की एक बड़ी बैठक हुई। ३० के लगभग व्यक्ति उपस्थित थे। वे सब ४० वर्ष से ऊपर थे और साहित्यिक प्रतीत होते थे। सभापति महोदय, जो स्थानीय विश्वविद्यालय के प्रधान थे, बहुत ही लोकप्रिय व्यक्ति प्रतीत होते थे। बहुत-सी स्त्रियाँ भी उपस्थित थीं।

सबेरे जल-पान के बाद, जिस कारखाने में मुझे कुछ काम था, मैं उसमें ले जाया गया। मैंने उनका कारखाना भी देखा। दोपहर के भोजन के पहले मैंने अपना काम समाप्त कर दिया। उसके पश्चात् कारखाने के डाइरेक्टर ने नगर से तीन मील एक पहाड़ी पर एक शांतिमय सराय में अपने साथ भोजन करने के लिए आमन्त्रित किया। यह अत्यन्त सुन्दर स्थान था, जहाँ से नीचे के छोटे नगर का सम्पूर्ण सुन्दर दृश्य दिखाई पड़ता है। हाइल्डेलबर्ग का विश्वविद्यालय बहुत प्रसिद्ध है और इँगलैंड और अमरीका के विद्यार्थी प्रतिवर्ष यहाँ आते रहते हैं। भोजन के पश्चात् डाइरेक्टर महोदय मुझे हाइल्डेलबर्ग का प्राचीन 'कैसिल' दिखाने ले गये। यह 'कैसिल' पहाड़ी की चोटी पर एक सुन्दर स्थान में स्थित है। यह प्राचीन स्मृति-चिह्न बहुत अच्छी तरह सुरक्षित है और इसे देखकर यात्री-गण मध्य-काल के वैभव का अनुमान कर सकते हैं। इस छोटे नगर में प्रतिवर्ष हजारों यात्री आते हैं और पर्वत के छायादार वृक्षों के नीचे शान्तिपूर्वक कई दिवस व्यतीत करते हैं।

हाइल्डेलबर्ग में दो दिन ठहरने के पश्चात् मैं अपने मित्र श्रीयुत दास गुप्ता से मानहाईम नगर में जा मिला। यह एक बड़ा व्यापारिक नगर है। राइन नदी नगर के बीच से बहती है और उसके दोनों किनारों पर बड़े-बड़े कारखाने हैं। नगर के निकट कुछ प्राकृतिक स्नानागार बने हैं। यहाँ गठिया आदि से पीड़ित लोग

ग्रीष्मकाल में प्रायः स्नान करने आते हैं। यहाँ ११वीं शताब्दी की कई कारुकार्यमय इमारतें अभी तक मौजूद हैं।

मेरा काम केवल दो घंटे का था और मैं अपने मित्र का साथ नहीं दे सकता था, क्योंकि वे एक फर्म के साथ व्यस्त थे। इसलिए मैं स्वयं बाहर घूमने निकला। जर्मन एक शब्द भी नहीं बोल सकता था, इसलिए कुछ घंटों इधर-उधर घूमने के बाद घर लौटते समय मैं राह भूल गया। बड़ी कठिनाई के बाद मैं एक टैक्सी ड्राइवर को कठिनाई समझा सका कि मुझे कहाँ जाना है। वह तुरन्त मुझे स्टेशन ले गया। चूँकि यह होटल शहर का एक प्रसिद्ध होटल था और उसकी बनावट अतीव आधुनिक तरीके की थी, इसलिए मोटरवाला जल्दी मेरा गन्तव्य स्थान समझ गया। होटल इस स्टेशन के प्रधान द्वार के ठीक सामने था। श्रीयुत दास गुप्त मेरे आसरे में बहुत चिन्तित हो रहे थे और सोचते थे कि मैं कहाँ चला गया। होटल के पोर्टर ने कहा कि मैं सड़कों का एक मानचित्र अँगरेजी में आसानी से प्राप्त कर सकता था। खैर, बहुत थक जाने के कारण हमने जल्दी खाना खाया और म्युनिच की लम्बी यात्रा के लिए रेल पर सवार हुए। यह आयतन और प्रसिद्धि में जर्मनी का तीसरा शहर है और शिक्षा का एक विख्यात केन्द्र है।

वर्ष के इस विशेष अवसर पर म्युनिच में 'आक्टोबर मेला' की धूम मची थी। यह एक प्रकार से आसपास के जिलों के किसानों का मेला था, जो खलिहान उठ जाने के बाद शहर में दिल बहलाने आते हैं। किसान-स्त्रियाँ अपनी देशी पोशाक से स्थान को बड़ा मनोमोहक बना देती हैं। नगर में खूब भीड़ थी, और कई जगह भटकने के बाद हमें एक दूसरे दर्जे के होटल में मुश्किल से एक कमरा मिला। उत्सव प्रतिदिन आधी रात तक होते रहते हैं। म्युनिच 'मदिरा' के व्यवसाय का बहुत बड़ा केन्द्र है। बड़े-बड़े खेमों में, जिनमें दो-दो हजार मौज मनानेवाले जमा होते हैं, गिलासों से नहीं बल्कि बड़े-बड़े शीशे के लोटों से शराब पीते हैं और सब चिन्ताएँ छोड़ हँसते, परिहास करते और नाचते हैं। कभी-कभी इतनी अधिक भीड़ होती है कि बीस कदम जाने में आधा घंटा से अधिक लग जाता है। रात को हम यह मेला देखने गये और दो घंटे बाद वापस आ गये।

म्युनिच को संसार के सर्वश्रेष्ठ अपने 'टेकनिकल म्युजियम' के लिए गर्व है। ज्योतिष, पदार्थ विज्ञान, रसायन, यंत्र-निर्माण, आवागमन और टेकनिकल विभाग के सैकड़ों अन्य विषयों की दर्शनीय वस्तुएँ यहाँ इकट्ठी की गई हैं। राष्ट्र की देशभक्ति का यह एक स्मरणीय उदाहरण है। हजारों आदमियों—विद्वान्, इंजीनियर, कलाकार, व्यापारी और संस्थाओं ने सेवा या धन के रूप में इसके लिए स्वेच्छापूर्वक त्याग किए हैं। प्रदर्शनी की इमारत ९ एकड़ भूमि में है और उसको घूमकर देखने में लगभग ९ मील चलना पड़ता है। इस संग्रहालय का उद्देश्य ऐतिहासिक दृष्टि से स्वाभाविक और पारिभाषिक विज्ञान का क्रम-विकास इस प्रकार बतलाना है कि वह सर्वसाधारण की समझ में आ जाय। इसके पुस्तकालय में विज्ञान और टेकनोलाजी पर दो लाख प्राचीन और नवीन पुस्तकें संगृहीत हैं।

दो विभाग देखने में हमें तीन घंटे से अधिक मिले। शिक्षा की दृष्टि से यह संग्रहालय अत्यन्त महत्त्वपूर्ण है। प्रतिदिन अपने अध्यापकों के साथ हजारों विद्यार्थी यहाँ आते हैं और अध्यापक-गण उन्हें यह बतलाते हैं कि साइंस की क्रमोन्नति कैसे हुई। यहाँ शताब्दियों से मनुष्य की इस श्रम-साध्य उन्नति का क्रम-विकास देखकर नवयुवकों के हृदय में बड़ा उत्साह पैदा होता है।

शोकाञ्जलि

ठाकुर गोपालशरणसिंह

गये परलोक तुम लोक में प्रकट कर,
बुद्धिबल का प्रभाव मञ्जु कर्म-फूल में।
हिन्दी के हितैषी रहे सेवा उसकी की सदा,
क्यों न आज हिन्दी-जग डूबे दृग-जल में ?
तुममें सुजनता सुशीलता रही जो चारु,
आती है स्मरण वह नित्य पल-पल में।
निष्ठुर नियति ने ही कर दी पटल बाबू,
अङ्कित तुम्हारी स्मृति हृदय-पटल में।

मधुर व्यक्तित्व

राजर्षि पुरुषोत्तमदास टण्डन

श्री हरिकेशव घोष का व्यक्तित्व मधुर और आकर्षक था। दूसरों के हित में सहायता देना उनके स्वभाव का एक अंग था। हिन्दी के काम में उनकी विशेष रुचि थी। हिन्दी साहित्य-सम्मेलन के लिए कई बार उनके सहयोग की मुझे आवश्यकता पड़ी थी, और उन्होंने अपनी सहज शालीनता से अपना सहयोग दिया था। सम्मेलन के मुद्रणालय की कल्पना को रूप देने में मैंने उनके अनुभव का लाभ सम्मेलन के लिए चाहा और उन्होंने प्रेमपूर्ण सहृदयता से सम्मेलन के मुद्रणालय की स्थापना कराई। उनके चले जाने से हिन्दी के कार्यकर्त्ता अपने एक उदार सहयोगी को खो बैठे हैं। उनकी स्मृति मेरे हृदय में प्रेम और कृतज्ञता के साथ निवास करती है।

हँसमुख हरिकेशव घोष

पं० मोहनलाल नेहरू

इनको मैं बचपन से जानता था। इस प्रेस को चिंतामणि बाबू ने बड़ी सफलता से चलाया था और बहुत ऊँचे पावे पर पहुँचाया था; मगर जब से इनके हाथ में आया, दिनोंदिन इसकी तरक्की होती गई। इस प्रेस के अलावा कितने ही उद्योग हरिकेशव बाबू ने चलाए। साइंटिफिक इंस्ट्रूमेंट कंपनी और शक्कर का कारखाना उनमें प्रधान हैं। इंडियन प्रेस की कई शाखाएँ इन्होंने खोलकर बनारस और कलकत्ते में भी प्रेस का काम जारी कर दिया।

हरिकेशव बाबू बड़े ही हँसमुख आदमी थे। किसी से क्रोध नहीं करते थे। ग्राहकों से बड़ी नम्रता से बर्ताव करते और अपने नौकरों तक से सरलता और सुशीलता से पेश आते।

प्रसिद्ध कवियों की रचनाएँ

सेवाग्राम	श्री सोहनलाल द्विवेदी	१०)
गांधी-अभिनन्दन ग्रंथ	,,	७॥)
बासन्ती	,,	२।–)
चित्रा	,,	२।–)
युगाधार	,,	२॥)
विषपान	,,	१)
भैरवी	,,	२॥)
पूजागीत	,,	२)
वासवदत्ता	,,	२)
कुणाल	,,	३)
झरना	,,	१)
बांसुरी	,,	१)
बच्चों के बापू	,,	॥)
माधवी	ठाकुर गोपालशरण सिंह	२)
मानवी	,,	२॥)
ज्योतिष्मती	,,	२॥)
संचिता	,,	३)
सुमना	,,	२)
गंगावतरण	स्व० जगन्नाथदास रत्नाकर	१।)

उद्धव-शतक—स्व० जगन्नाथदास 'रत्नाकर'	२)
नीरजा—श्रीमती महादेवी वर्मा	१॥)
हल्दीघाटी—श्री श्यामनारायण पाण्डेय	२॥)
रूपान्तर ,,	२)
तुमुल ,,	२)
सरस सुमन—श्रीगुरुभक्त सिंह	॥)
रविबाबू के कुछ गीत—अनुवादक श्री रघुवंशलाल गुप्त	२॥)
रानी दुर्गावती—पं० देवीदयाल चतुर्वेदी 'मस्त'	१)
दैत्यवंश—श्री हरदयालु सिंह	३॥)
तक्षशिला—श्री उदयशंकर भट्ट	३)
अपराजिता—श्री रामेश्वर प्रसाद 'अंचल'	३)
अभिव्यक्ति—श्रीमती प्रेमकुमारी गुप्त	२॥)
संक्षिप्त विहारी—श्री रमाशंकर प्रसाद	२)
संक्षिप्त सूर सागर—श्री बेनीप्रसाद	३॥)
द्विवेदी काव्य-माला—पं० देवीदत्त शुक्ल	४)
नवसतसई सार—डा० कैलाशनाथ भटनागर	२॥)
सुबहवतन—पं० बृजनारायन चकबस्त	२॥)
एकादशी—श्री नत्थाप्रसाद मिलिन्द	१।)

सर्वोपयोगी और सस्ती पापुलर इँग्लिश-हिन्दी डिक्शनरी—४॥)

जीवन-चरित्र

विश्व कवि रवीन्द्रनाथ—स्व० उमेशचन्द्र मिश्र	५)
विद्यासागर—पं० रूपनारायण पाण्डेय	४)
बुद्धदेव—श्री शरतकुमार राय	१॥)
गोस्वामी तुलसीदास—डा० श्यामसुन्दरदास	१॥)
मेरी आत्म कहानी ,,	२)
चरित चर्या—स्व० पं० महावीरप्रसाद द्विवेदी	१=)
एक आत्मकथा—पं० देवीदत्त शुक्ल	२)
आत्मकथा—डा० राजेन्द्रप्रसाद	१२)
मैक्सिम गोर्की—महेन्द्रचन्द्र राय	३)

विविध पुस्तकें

ऐतिहासिक भौतिकवाद—श्री मन्मथनाथ गुप्त और श्री रमेन्द्रनाथ वर्मा	६)
योरप-यात्रा में ६ मास—पं० रामनारायण मिश्र और गौरीशंकर प्रसाद	४)
ऋद्धि—श्री ज्ञानेन्द्रमोहन दास	२॥)
ग्रह-नक्षत्र—श्री जगदानन्द राय	३)
प्राकृतिकी ,,	३॥)
गांधी-मीमांसा—स्वर्गीय पं० रामदयाल तिवारी	४)
दूध पिलानेवाले जन्तु—श्री शुकदेवनारायण	३)

धार्मिक पुस्तकें

सचित्र हिन्दी महाभारत	८०)
हिन्दी महाभारत—आचार्य द्विवेदीजी	६)
श्रीमद्भागवत १, २	१६)
श्रीमद्वाल्मीकीय रामायण १, २	१३)
श्री रामचरितमानस	१२)
विनयपत्रिका	४)
कवितावली	२॥)
कुण्डलिया रामायण	४)
तुलसी रत्नावली	१॥)
ज्ञानेश्वरी गीता	६)
भक्तचरितावली	३॥)
श्रीकृष्ण गीतावली	॥।)
बाल-रामायण	१)
रामचरित मानस अयोध्याकांड—श्यामसुन्दरदास	३॥)

मैनेजर, बुकडिपो, इंडियन प्रेस (पब्लिकेशंस), लिमिटेड, प्रयाग

मनस्वी नरपुङ्गव

पं० देवीदत्त शुक्ल, भूतपूर्व सम्पादक 'सरस्वती'

मनस्वी कार्यार्थी न गणयति दुःखं न च सुखम्।

स्वर्गीय हरिकेशव घोष की जीवन-कथा एक कर्त्तव्यनिष्ठ मनस्वी नरपुंगव की कथा है। उनके प्रतापी पिता स्वर्गीय चिन्तामणि घोष कहा करते थे कि उन्होंने स्माइल्स् की 'सेल्फ-हेल्प' नामक पुस्तक का पंद्रह बार पारायण ही नहीं किया था, किन्तु उसके सिद्धान्तों को अपने जीवन में चरितार्थ करने का प्रयत्न भी किया था। नहीं कहा जा सकता कि उनके इन तेजवन्त पुत्र ने भी उन्हीं की भाँति स्माइल्स् की उक्त पुस्तक का सम्यक् रूप से अध्ययन किया था या नहीं; परन्तु जो इनके सम्पर्क में रहे हैं, वे दृढ़ता के साथ यह कह सकते हैं कि कर्त्तव्य-निष्ठा को ही इन्होंने अपने जीवन का ध्येय बना लिया था। अपने इसी दृढ़ ध्येय के फलस्वरूप ये अपने चारों ही सहोदरों का अमूल्य प्रेमपूर्ण सहयोग प्राप्त करने में समर्थ हुए थे। ऐसे ही बल से बलवन्त होकर ये अपने कार्यक्षेत्र में अति द्रुतगति से अग्रसर हुए और इन्हें तद्वत् पद-पद पर आशातीत सफलताएँ प्राप्त होती गईं।

एक अत्यधिक दुःखद परिस्थिति के कारण इन्हें अपनी पढ़ाई छोड़कर केवल बीस वर्ष के वय में इण्डियन प्रेस जैसी प्रसिद्ध संस्था का भार अपने अनभ्यस्त कोमल कन्धों पर लेना पड़ा था। ये उसके लिए प्रस्तुत नहीं थे; परन्तु अन्य कोई उपाय ही नहीं था।

सन् १९२० की बात है कि इनके पिता बड़े बाबू अपने प्यारे इण्डियन प्रेस को हिन्दी-भाषी प्रान्तों की एक आदर्श संस्था बनाकर उसके प्रबन्ध का सारा भार अपने ज्येष्ठ पुत्र हरिपद घोष के बलिष्ठ कन्धों पर रखकर अपनी वृद्धावस्था को सुखपूर्वक व्यतीत करने की योजना को कार्य का रूप दे रहे थे कि सहसा आपका परिवार बेरीबेरी रोग से आक्रान्त हुआ और उस भयानक रोग से पीड़ित होकर हरिपद बाबू अपनी उठती हुई जवानी में थोड़े ही दिनों की बीमारी में स्वर्गवासी हो गए। इस हृदय-विदारक दुर्घटना से सभी लोग बहुत ही दुःखी हुए। बड़े बाबू का धीर-वीर हृदय तो यहाँ तक विचलित हो उठा कि उन्होंने अपने प्रिय इण्डियन प्रेस तक को बेच देने का निश्चय प्रकट किया। उनके इस निश्चय से घोष-परिवार तो दुखी हुआ ही, इंडियन प्रेस के सब कर्मचारी भी आकुल-व्याकुल हो उठे। इसी समय हरिकेशव बाबू आगे आये और अपने छोटे भाई श्री हरिप्रसन्न घोष को साथ लेकर, उपयुक्त समय देखकर, बड़े बाबू के पास गये। दोनों भाइयों ने उनसे विनयपूर्वक आग्रह किया कि 'आप प्रेस को न बेचें, हम उसे चलायँगे।' उनके इस विनम्र अनुरोध का बड़े बाबू पर प्रभाव पड़ा और प्रेस नहीं बिका। उस समय ये बनारस इंजीनियरिंग कालेज में अध्ययन कर रहे थे। फलतः इन्होंने कालेज का पढ़ना छोड़कर कर्त्तव्य की प्रेरणा से इंडियन प्रेस जैसी भारी संस्था के संचालन का भार अपने हाथों उठाकर अपने कोमल कन्धों पर रख लिया।

नवयुवक स्वामी को कार्यक्षेत्र में अवतीर्ण देखकर प्रेस के सभी कर्मचारी अत्यधिक प्रसन्न हुए। ये बड़ी लगन के साथ प्रेस का काम करने लगे। इसी बीच एक और बात हुई। यह अनुमान किया गया कि इलाहाबाद यूनिवर्सिटी का एक-न-एक दिन अवश्य विकास होगा। उस समय उसके सन्निकट स्थित होने के कारण यूनिवर्सिटी इंडियन प्रेस की इमारतों और भूमि को अवश्य ले लेगी। अतएव इस अवस्था के आने के पहले ही यूनिवर्सिटी के हाथ इमारतों और इंडियन प्रेस के बेच देने का निश्चय किया गया और वह शीघ्र ही बिक भी गया। इंडियन प्रेस का बचा-खुचा सामान किराए के दो बँगलों में रक्खा गया। घोष-परिवार जार्जटाऊन की कोठी में उठ गया। यहीं रहकर ये अब किराए के बँगलों में इंडियन प्रेस का काम करने लगे। 'सरस्वती' और 'बालसखा' तो यहीं एक एक स्थानीय प्रेस में छपते थे; पर प्रेस की पुस्तकें बनारस में इंडियन प्रेस की शाखा में छपती थीं। इन सब कार्यों की देख-रेख ये तत्परता के साथ तो करते ही थे; परन्तु उस समय सबसे अधिक आवश्यकता थी नए सिरे से एक बड़ा प्रेस खोलने की, क्योंकि वैसा किए बिना इंडियन प्रेस जैसी बड़ी संस्था का ठीक ढंग से कार्य-संचालन होना सम्भव नहीं था। अतएव नए प्रेस की स्थापना का भारी भार भी इन्हें उठाना पड़ा और इन्होंने सहर्ष उसे उठा ही नहीं लिया, प्रत्युत चार-पाँच वर्ष के परिश्रम में इंडियन प्रेस की नई विशाल इमारत बनवाकर खड़ी कर दी। साथ ही उसे आवश्यक, आधुनिक प्रेस-सामग्री से अलंकृत भी कर दिया। यह होते ही इंडियन प्रेस के कार्यक्षेत्र को भी ये शीघ्रता के साथ विस्तृत करने लगे। प्रयाग का और बनारस के प्रेस का कार्य जब सुचारु रूप से होने लगा, तब लोगों को ज्ञात हो गया कि ये कितने अधिक क्षमताशाली तथा कार्यकुशल तो हैं ही, धीर-गम्भीर होते हुए महत्त्वाकांक्षी भी हैं। तभी तो उन्हें अपने कार्य के लिए प्रयाग और बनारस के दो प्रेस पर्याप्त नहीं जँचे। अतएव कलकत्ते में एक तीसरा प्रेस खोलकर उसकी व्यवस्था का सारा भार अपने तीसरे सहोदर श्रीहरिसाधन घोष को सौंपकर वे प्रयाग में रहकर इन तीनों प्रेसों की सँभाल करने लगे।

प्रयाग के प्रेस में उनके दूसरे सहोदर श्री हरिप्रसन्न घोष उनकी सहायता किया करते थे और जब-जब वे बाहर जाते थे, प्रेस का सारा भार इनके ऊपर आ जाता था। अपनी सच्ची कर्त्तव्यनिष्ठा से अपने सहोदरों का वास्तविक सहयोग पाकर उन्होंने प्रेस के कारबार में तो अत्यधिक सफलता प्राप्त की ही, व्यापार के अन्य क्षेत्रों में उससे भी अधिक सफलता प्राप्त की। परन्तु वह सब लिखने का अधिकार हमें नहीं है। उसकी हमें पूरी जानकारी भी तो नहीं। उनकी गति विद्युत्-जैसी थी। हम उन्हें पहुँच के बाहर ही पाते। जभी दिखते, घोर रूप से कार्य में व्यस्त, बात तक करने की फुरसत नहीं। कार्यवश प्रायः उनके पास जाना पड़ता था। पहुँचते ही तुरन्त पूछते, 'कहिए।' मैं भी एक-दो वाक्यों में अपनी बात कह सुनाता। नपे-तुले शब्दों में, एक वाक्य में वे मेरी कठिनाई हल कर देते थे। उनकी गति ऐसी ही द्रुत थी।

प्रेस के 'सरस्वती'-विभाग तक ही हमारा उनका सम्पर्क सीमित था और यह लगातार २७ वर्ष तक ज्यों का त्यों बना रहा। इस दीर्घ-काल के सम्पर्क में केवल दो बार को छोड़कर उन्हें हमने कभी अप्रसन्न या असंतुष्ट नहीं पाया।

वे सचमुच बड़े दयालु, क्षमाशील और उदारमना स्वामी थे। अपने उक्त लम्बे समय के सम्पर्क में हमें उनके इन सद्‌गुणों का परिचय पद-पद पर मिलता था। यहाँ मैं उनके अप्रसन्न होनेवाली उक्त दो घटनाओं का उल्लेख करूँगा। एक बार मेरी अनुपस्थिति में उन्होंने एक लेख 'सरस्वती' में छापने को दे दिया था। जब मैं आया, तब उन्होंने मुझसे उस लेख की बात कही और यह भी कहा कि 'उसमें चित्र भी जायगा, ब्लाक बनने को दे दिया गया है।' 'बहुत अच्छा', कहकर मैं कार्य में दत्तचित्त हो गया। कार्य की अधिकता के कारण मैं चित्र की बात ही भूल गया। वह लेख अचित्र ही छपा। जब उन्होंने छपा हुआ फर्मा देखा और उसमें चित्र नहीं देखा, तब वे सीधा ब्लाक-डिपार्टमेण्ट में गये और वहाँ से उक्त ब्लाक लेकर आ रहे थे कि राह में मुझसे भेंट हो गई। उन्होंने खड़े होकर ब्लाक दिखाते हुए मुझसे पूछा—'यह ब्लाक क्यों नहीं छपा?' ब्लाक देखते ही मेरे होश उड़ गए। मैंने धीरे से कहा—'भूल हो गई।' वे क्रोध से तमतमा रहे थे। उन्होंने ब्लाक को जोर से चट्टान पर पटक दिया और अपनी स्वाभाविक गति से, किन्तु भरे हुए अपने कमरे की ओर चले गये।

अपनी भूल के कारण मेरा मन विकल हो उठा। काम में मन नहीं लग रहा था; किन्तु थोड़ी ही देर बाद जब फिर भेंट हुई, तब उनके अधर पर वही मधुर हास्य-रेखा और वाणी में वही सरसता और कोमलता। उनमें आत्म-संयम की अद्‌भुत शक्ति थी।

हमने उन्हें कई बार कर्मचारियों पर क्रोध प्रकट करते देखा और यदि उस अवसर पर कोई आगन्तुक आ जाता, तो उसी क्षण वे मधुर होकर मुसकराते हुए उससे बातें करने लगते। उनकी इस मनःस्थिति को ही देखकर कदाचित् सन् १९२१ में हिन्दी के एक दैनिक पत्र में एक लेख-द्वारा उनका व्यंग्य किया गया था। लेखक महोदय ने इस तथ्य का अनुभव करने का कष्ट नहीं किया कि आत्मसंयम भी मनुष्योचित एक सद्‌गुण होता है और यह सद्‌गुण भी उनमें पूरी मात्रा में था। यही कारण था कि उनके क्रोध का पात्र कभी कोई नहीं बना। उनका क्रोध कर्पूर की भाँति सदा हवा ही हो जाया करता था। दूसरी बार वे 'सरस्वती' में 'द्वितीय महा-युद्ध की डायरी' का छपना देखकर नाराज हुए थे, यद्यपि वह छापी गई थी उनकी ही सहमति से। मुझे उनके मनोभाव को देखकर खेद हुआ था। इन दो अवसरों को छोड़कर हमारे उनके बीच, स्वामी और सेवक के रूप में भी, कभी कोई ऐसी बात नहीं हुई, जो मुझे अखर गई हो। उनमें सद्व्यवहार कूट-कूटकर भरा था। वे अपने इसी सद्‌गुण के बल से अपने कर्मचारियों से इच्छानुसार काम करवा लिया करते थे और लोग भी उत्साह के साथ उनके आदेशों का पालन करते थे। वे काम लेने में भी पटु थे; स्वयं करने में पटु तो थे ही।


हम लोग समझा करते थे कि उनको कहाँ पता रहता होगा कि 'सरस्वती' आदि में कहाँ क्या छपता रहता है। हम स्वयं देखते रहते थे कि कामों के पीछे वे भागते-से रहते हैं, तब उनको इतनी फुरसत कहाँ कि 'सरस्वती' आदि भी देखते रहें। परन्तु बात ऐसी नहीं थी। वे अवश्य देखते रहते थे, भले ही एक ही निगाह से। इसका हमें अनेक बार प्रमाण मिला। परन्तु हम बराबर भ्रम ही में पड़े रहे। सन् १९२६ में सरस्वती में "प्रेमचन्द की करतूत" शीर्षक एक लेखमाला निकली थी। कुछ लोगों ने बड़ा हो-

हल्ला मचाया। उन तक शिकायत की गई, परन्तु वे कुछ नहीं बोले। इतना मुझसे एक दिन अवश्य कहा था कि 'करतूत' शब्द का प्रयोग सुन्दर नहीं है, और लेखमाला से तो वे यहाँ तक प्रभावित हुए थे कि लेखमाला के लेखक श्री अवध उपाध्याय की रूबिया को उन्होंने बिना हम लोगों से परामर्श किए ही छपवा दिया था।

अपने विभाग के कार्यवश मुझे उनके पास जब-तब जाना पड़ता था। वे भी कभी-कभी मुझे बुला लिया करते थे। परन्तु बातचीत केवल दो मिनट में ही समाप्त हो जाती थी। वे साल भर का काम दिसम्बर के अन्त में निर्दिष्ट कर दिया करते थे। उसी के अनुसार विभाग का सारा काम यंत्रवत् होता रहता था। साल भर तक किसी प्रकार का उसमें हस्तक्षेप नहीं करते थे। ऐसा प्रतीत होता था, मानो उनको पता ही नहीं कि हम लोग क्या काम करते हैं।

हम लोग अपने विभाग का काम ठीक नियम के साथ करते थे, मानो वह अपना ही काम हो। जो चाहते थे, करते थे। कोई पूछनेवाला नहीं था। जो लोग हम लोगों के व्यवहार से असंतुष्ट हो जाते थे, वे शिकायत लेकर उनके पास जाया करते थे। बहुतों की शिकायतों के सम्बन्ध में कभी-कभी वे हम लोगों से पूछते थे कि 'क्या बात है, वे ऐसा क्यों कहते थे?' ठीक-ठीक बात उनसे कह दी जाती थी। तब वे मुसकराकर चुप हो जाते थे। एक का उल्लेख मैं उपर कर ही चुका हूँ। अन्य अवसरों पर तो उन्होंने कुछ पूछा भी नहीं और हम लोगों का बराबर साथ दिया। दो मुख्य बातों का यहाँ उल्लेख करूँगा।

पंजाब के श्रीयुत संतराम, बी० ए० 'सरस्वती' के पुराने लेखक तो थे ही, उनका प्रेस के प्रकाशन-विभाग से भी सम्बन्ध था। वे प्रेस के अपने जैसे हो गए थे। 'सरस्वती' में उनके लेख बराबर छपते रहते थे। सन् ३३ या ३४ में उन्होंने एक ऐसा लेख भेजा, जिसके फलस्वरूप लाहौर के एक सज्जन ने हम लोगों पर मानहानि का दावा करने का नोटिस दिया। नोटिस की बात जब बाबू साहब से कही गई और उसके दिए जाने के कारण का उल्लेख किया गया, तब उन्होंने संक्षेप में यही कहा, 'जाइए, आप लोग अपना काम कीजिए। उन्हें दावा करने दीजिए।' इसी प्रकार जब 'विशाल भारत' के सम्पादक पं० बनारसीदास के इंटरव्यू के छपने की बात को लेकर बड़ा हो-हल्ला मचा, उस समय भी वे सब कुछ सुनते रहे और हम लोगों से पूछताछ तक न की। परन्तु हमने कांग्रेसी नेता श्री सुन्दरलालजी के विशेष आग्रह पर और इस शर्त पर कि चतुर्वेदीजी भी अपने 'विशाल भारत' में इसी मर्म का अपना वक्तव्य छाप देंगे, उस इंटरव्यू के सम्बन्ध में अपना वक्तव्य 'सरस्वती' में छाप दिया। उसके छप जाने पर जब उन्होंने उसे पढ़ा, तब मुझे बुलाकर कहा कि 'आपका वक्तव्य मैंने पढ़ा है। यदि यही करना था, तो इंटरव्यू क्यों छापा था?' यह कहकर वे अपने काम में लग गए। उनके ओंठों पर वह मधुरिमा नहीं झलक रही थी, जो किसी से बातचीत करते समय वहाँ सदैव दिख जाया करती थी। वे अपना काम करने लगे और मैं हतप्रभ होकर अपनी जगह चला आया। भर्त्सना करने का उनका यह एक अनोखा स्वाभाविक ढंग था। परन्तु सबसे अधिक प्रभावित हुआ मैं उनके उस उदार व्यवहार से, जो उन्होंने उस अवसर पर किया था, जब 'सरस्वती' में प्रकाशित राधारानीवाले लेखों






स्वर्गीय श्री हरिकेशव घोष के ज्येष्ठ भ्राता स्वर्गीय श्री हरिपद घोष तथा ज्येष्ठा भगिनी स्वर्गीया श्रीमती हरिप्रभा वसु।




घोष-परिवार

स्वर्गीय श्री हरिकेशव घोष (खड़े हुए बाएँ से चौथे)



श्री हरिप्रसन्न घोष



श्री हरिसाधन घोष

इंडियन प्रेस लि० के संचालक
और स्वर्गीय श्री हरिकेशव घोष
के अनुज




श्री हरिनाथ घोष



श्री हरिभूषण घोष

श्री हरिकेशव घोष का परिवार




१




पत्नी श्रीमती मीरा घोष




२




३



४




५




६



७



८



९



१०

१---पुत्री श्रीमती माया मित्र
२-- " " शान्ति मित्र
३---पुत्र श्री सत्यप्रसाद घोष
४-- " " असीमप्रसाद घोष
५---पुत्री कुमारी रमा घोष
६---पुत्र श्री देवप्रसाद घोष



११



१२

७---पुत्री कुमारी छाया घोष
८-- " " चित्रा घोष
९---पुत्रवधू श्रीमती गीता घोष
१०---पुत्र श्री ज्योतिप्रसाद घोष
११---पौत्री श्री शुभ्रा
१२-- " शुक्ला

के कारण हम लोगों को विकट विरोध का सामना करना पड़ा था। उन पर बड़े-बड़े दबाव पड़े, परन्तु उन लेखों के सम्बन्ध में उन्होंने कभी कुछ नहीं कहा कि तुम लोगों ने अच्छा किया या बुरा। वे हम लोगों का विश्वास करते थे। उनको विश्वास था कि हम लोगों से भूलकर भी प्रेस का अहित न होगा। उनका यह मनोभाव हम लोगों को ज्ञात था और हम लोग भी निष्ठापूर्वक अपना कर्त्तव्य-पालन सदैव करते रहे।

एक बार 'सरस्वती' में नवयुवक लेखकों के सम्बन्ध में एक टिप्पणी छपी। उसे पढ़कर उन्होंने मुझे बुलवाया। जब मैं पहुँचा तब हँसकर बोले, 'यह टिप्पणी क्यों छापी है? क्या इन सज्जन की रचनाएँ आप छापेंगे?' मैंने कहा कि 'यह तो लेख देखने ही पर कह सकूँगा।' उन्होंने हँसते हुए कहा कि 'साफ-साफ क्यों नहीं कहते कि नहीं छापूँगा।' इस प्रकार अपने तीक्ष्ण व्यंग्य से उन्होंने मेरे उत्तर का सारा मजा ही नहीं किरकिरा कर दिया, किन्तु उसकी पोल भी खोल दी। मैं लज्जित होकर अपनी जगह लौट आया। इस प्रकार के प्रसंग प्रायः आया करते थे। मैंने बार-बार इस बात का अनुभव किया कि वे जो कुछ कहते थे, वही ठीक होता था। उनमें विलक्षण प्रतिभा थी।

हिन्दी की वर्तमान प्रगति में इण्डियन प्रेस और उसकी 'सरस्वती' का अपना हाथ सब से अलग है और इस सत्कार्य का सारा श्रेय 'सरस्वती' के संचालकों को है। उन्होंने हिन्दी की विशिष्ट सेवा की है। हिन्दी के इतिहास में उनके सत् प्रकाशन और 'सरस्वती' का अपना एक अलग अध्याय है। अपनी संस्था के इस गौरव को वे अपने सत्प्रयत्नों से अधिकाधिक विकसित ही करते रहे। सत्साहित्य का प्रसार करने में उन्होंने अपना पैर सदैव आगे ही रक्खा। सचित्र हिन्दी महाभारत, सचित्र हिन्दी श्रीमद् भागवत, उमर खैयाम जहाँ उनकी सुरुचि और कलात्मक बुद्धि के परिचायक हैं, वहाँ पन्त, ठाकुर गोपालशरण सिंह आदि बहुसंख्यक कवियों और ग्रन्थकारों के प्रकाशनों से उनके सत्साहित्य-प्रेम की अभिव्यक्ति होती है। बहुधंधी होते हुए भी वे प्रेस के प्रकाशन-कार्य के सम्पादन के लिए समय निकाल ही लिया करते थे। 'सरस्वती' और 'बालसखा' की उन्नति करने के लिए वे सदैव संनद्ध रहते थे। यों तो 'सरस्वती' को समुन्नत करने की योजना उन्होंने सन् १९२१ ही में निर्दिष्ट कर ली थी, परन्तु उसको कार्य का रूप सन् १९२६ में दिया था। सन् १९२९ में उन्हीं की प्रेरणा से 'सरस्वती' सर्वथा अभिनव रूप में प्रकाशित हुई थी। रंगीन छपाई के साथ-साथ लोकोपयोगी पाठ्य सामग्री से अलंकृत उस वर्ष 'सरस्वती' निकली थी। परन्तु देशव्यापी महर्घता के फलस्वरूप उन्हें अपनी उक्त योजना को स्थगित कर देना पड़ा। किन्तु ज्यों ही अवसर मिला, वे 'सरस्वती' को नहीं भूले। सन् १९३४ और १९३५ में उन्होंने 'सरस्वती' को अत्यधिक सुन्दर रूप में निकाला। दुर्भाग्य से द्वितीय महायुद्ध के लक्षण स्पष्ट दिखाई देने लगे और वे फिर सावधान हो गए। वे सचमुच बड़े बुद्धिमान् और कार्यकुशल व्यक्ति थे। उनकी सूझ-बूझ विलक्षण थी। देशकाल को देखकर ही वे काम करते थे। यही कारण था कि उन्हें बराबर सफलता मिलती रही।

उनके सफल जीवन का विवरण देना सरल काम नहीं है। उसके लिए धैर्य चाहिए तथा

समय भी। उनके असमय में दिवंगत हो जाने से मैं हतबुद्धि हो गया हूँ। मुझे कभी ध्यान में भी नहीं आया था कि एक दिन मुझे यह दुःखद कार्य करना पड़ेगा। फिर अब मुझमें ऐसी तीव्र बुद्धि भी नहीं रही कि मैं उनके सारे सद्‌गुणों का परिचय दे सकूँ। वे बड़े तेजस्वी और क्रिया-शील व्यक्ति थे। उनके कार्यों का ब्योरेवार वर्णन करना कम-से-कम मेरी शक्ति के बाहर की बात है। वे इतना कार्यव्यस्त रहते थे, उनके कार्यक्षेत्र भी इतने भिन्न थे, वे कहाँ कब क्या क्या करते रहते थे और इन सबमें वे अपनी प्रतिभा और क्षमता से सारे कार्यों का सम्पादन किस प्रकार करते थे, इस सबका हिसाब लगाकर उनके सम्बन्ध में समुचित रूप से उनके गौरव-पूर्ण चरित्र का चित्रण करना हँसी-खेल नहीं है। अतएव मैं इस महत् कार्य से यहाँ विरत होता हूँ। केवल एक बात का उल्लेख और करूँगा।

हम लोगों में से बहुतेरे यह जानते थे कि केवल प्रातःकाल सबेरे वे अपने स्वाभाविक रूप में भिलते पाए जाते थे। सबेरे चाय पीने के बाद वे प्रायः अखबार देखा करते थे। उस समय जो भी पहुँच जाता था, उससे बातचीत भी करते थे। उस समय का उनका व्यवहार अत्यधिक उदारता तथा सहानुभूति से पूर्ण रहता था। उस समय प्रकट होता था कि वे कितने सुजन और दयालु हैं। उनके इस समय के सौजन्यपूर्ण व्यवहार से कितनों ही ने लाभ उठाया है। उनमें से एक मैं भी हूँ। इस समय वे कदापि 'न' नहीं करते थे।

एक बार एक विशेष उद्देश्य से मैं सबेरे उनके पास गया। थोड़ी देर इधर-उधर की बात करने के बाद जब मैंने अपनी बात कही, तब वे मुझसे सहमत नहीं हुए। मैंने देखा, उन्होंने हाथ का अखबार एक ओर डाल दिया और कुर्सी से उठकर जल्दी-जल्दी कमरे से बाहर हो गए। मैंने उनका ऐसा व्यवहार कभी नहीं देखा था। मैं क्षुब्ध हो उठा। मैंने मन में सोचा कि जान पड़ता है, बाबू साहब नाराज हो गए हैं। थोड़ी देर तक मैंने उनके लौटने की प्रतीक्षा की। जब वे नहीं आये, तब मैं वहाँ से उठा और अपने घर चला आया। मन विकल था। जब दस बजे प्रेस पहुँचा, तब मुझे उनका एक पुर्जा मिला। उसमें उनकी स्वीकृति थी। उनकी ऐसी ही उदारता थी, परन्तु उस पुर्जे को पढ़कर मैंने मन-ही-मन दुःख-मिश्रित लज्जा का अनुभव किया। मैंने तब जाना कि मेरा प्रस्ताव उचित नहीं था, तो भी उन्होंने उसे स्वीकार कर अपनी सुजनता का ही परिचय दिया। वे वास्तव में एक पर-दुःख-कातर सुजन थे। आज उनके दिवंगत हो जाने से हम लोग एक बड़े भारी अभाव का अनुभव कर रहे हैं। उनके असमय में ही स्वर्ग-प्रयाण करने से इंडियन प्रेस की भीषण क्षति तो हुई ही है, स्वदेश की भी हुई है।

पटल बाबू की स्मृति

डॉ० उदयनारायण तिवारी, एम० ए०, डी० लिट्०

"आज प्रेस में इतनी चहल-पहल क्यों है और बाबू लोग दफ्तर के समय से अधिक देर तक क्यों काम कर रहे हैं?" मैंने स्वाभाविक जिज्ञासा से पूछा।

"क्या आपको यह नहीं मालूम कि कल इलाहाबाद से बड़े साहब यहाँ आ रहे हैं? बाबू लोग हिसाब-किताब ठीक करने में व्यस्त हैं। प्रेस-सम्बन्धी और भी छोटी-मोटी त्रुटियाँ सुधारी जा रही हैं। बड़े साहब किसी भी प्रकार की त्रुटि अथवा असावधानी को सहन नहीं करते। हिसाब का रजिस्टर हाथ में लेते ही उनकी नजर गलती पर ही पड़ती है। कार्यालय के बाबुओं की तो बात ही क्या है, वे बेचारे तो नौकर ठहरे, उनके छोटे भाई भी उनसे डरते हैं।" एक कर्मचारी ने उत्तर दिया।

बात सन् १९४० की है। उन दिनों इन पंक्तियों का लेखक इण्डियन प्रेस की कलकत्ते की शाखा, ९३ ए०, धर्मतल्ला स्ट्रीट में, अतिथि के रूप में रहता था तथा अपनी डी० लिट्० की थीसिस "भोजपुरी की उत्पत्ति एवं विकास" लिख रहा था। प्रेस के कर्मचारी ने जिन बड़े साहब की ओर इशारा किया था, वे इण्डियन प्रेस के जनरल मैनेजर स्वर्गीय श्री हरिकेशव घोष (पटल बाबू) थे।

पटल बाबू से मेरा परिचय कब हुआ, यह मुझे ठीक याद नहीं। कदाचित् सन् १९२९ में एम० ए० पास करने के बाद ही मैं आदरणीय भैया साहब, पं० श्रीनारायण चतुर्वेदी का पत्र लेकर उनसे मिला था। मैं सम्भवतः छुट्टियों में, नौकरी की तलाश में उनसे मिलने गया था; किन्तु थोड़ी देर बातें करने के बाद ही न मालूम वे मेरी प्रवृत्ति से कैसे परिचित हो गए। उन्होंने कहा—'अजी, तुम प्रेस की नौकरी क्यों करोगे? अभी तो तुमने एम० ए० पास किया है, अभी थोड़ा और पढ़ो।'

मेरी सुषुप्त आकांक्षा जागृत हो उठी। मैं सचमुच पढ़ना चाहता था, किन्तु अपनी चारों ओर की परस्थिति से बाध्य होकर नौकरी की खोज में गया था। और उधर मुंहमाँगा वरदान मिला। प्रथम परिचय में ही एक व्यक्ति ने नितान्त आत्मीय ढंग से मुझसे वही बात कही, जो मैं हृदय से चाहता था। उसके बाद मैंने श्री पटल बाबू से कभी नौकरी की बात नहीं की; किन्तु मैं उनके सद्व्यवहार से मुग्ध होकर उनका चिरभक्त बन गया।

दिन, रात और वर्ष व्यतीत होते गये। बीच में कभी-कभी पटल बाबू मिलते और इधर-उधर की बातें हो जातीं। वे यदा-कदा अपने साथ प्रेस भी लिवा जाते और मेरी रुचि के अनुसार कतिपय नवीन पुस्तकें भेंट करते। मैं प्रसन्नता से उनका यह दान स्वीकार करता। वे मेरी पढ़ाई के सम्बन्ध में भी पूछ लेते और जब मैं उनसे कहता कि मैं अपने अध्ययन में निरन्तर प्रवृत्त हूँ, तो उन्हें प्रसन्नता होती।

सन् १९३३ से १९३९ के मेरे दिन आँधी-पानी के थे। मैं इस समय शनि की दशा का फल ले रहा था; किन्तु बिना हानि-लाभ का विचार करते हुए मैं एक के बाद दूसरी परीक्षा देता गया और ईश्वर की कृपा से मुझे आशातीत सफलता भी मिलती गई। सन् १९४० की

जुलाई में मुझे इस बात की आवश्यकता प्रतीत हुई कि मैं कलकत्ते जाकर आदरणीय गुरुवर डॉ० सुनीतिकुमार चटर्जी के तत्त्वावधान में भाषाविज्ञान का अध्ययन करूँ तथा अपनी थीसिस लिखूँ। इसके लिए मुझे कलकत्ता विश्वविद्यालय में नियमित रूप से अध्ययन की आवश्यकता थी। मैं अपने कलकत्ता-निवास के संबंध में बातें करने के लिए आदरणीय पं० श्रीनारायण चतुर्वेदी के साथ श्री पटल बाबू से मिला। चतुर्वेदीजी उनसे पहल ही मेरे कलकत्ता जाने की चर्चा कर चुके थे। अतएव मुझे देखते ही पटल बाबू ने कहा—'तुम कलकत्ते जाओ और जब तक तुम्हारी इच्छा हो, रहो। वहाँ तुम्हें सब प्रकार की सुविधा रहेगी।'

मैं १ अगस्त, १९४० को ९३ ए, धर्मतल्ला स्ट्रीट पर स्थित इण्डियन प्रेस में पहुँचा। वहाँ मुझे मालूम हुआ कि लोग एक सप्ताह पूर्व से ही मेरी प्रतीक्षा कर रहे हैं। मेरे लिए वहाँ एक सुन्दर कमरा सुरक्षित था और भोजनादि की बढ़िया व्यवस्था थी। मैं लगभग डेढ़ वर्ष तक वहाँ रहकर अध्ययन करता रहा। इस बीच किसी ने मुझसे यह कभी न पूछा कि आप यहाँ और कितने दिन रहेंगे। मैं बड़े साहब का मित्र जो था!

पटल बाबू जब भी कलकत्ते जाते, मिलने-जुलनेवालों की वहाँ खासी भीड़ लग जाती। उन्हें मुझसे मिलने का अवकाश ही न मिलता। वे प्रायः ५ बजे प्रातःकाल उठकर मेरे कमरे में आ जाते और प्रयाग के मित्रों की बातें करने लगते। उन्हें मुझसे शिकायत थी कि निवास तथा भोजनादि के अतिरिक्त मैं उनसे और कोई सहायता क्यों नहीं लेता। मैं उनसे प्रायः कहा करता—"बौद्ध भिक्षुओं के लिए यह कहा गया है कि उन्हें 'सुभर' तथा 'सुवच' होना चाहिए। 'सुभर' से तात्पर्य यह है कि जहाँ वे रहें, वहाँ के लोगों के लिए तनिक भी भारस्वरूप न हों। आखिर, आपने सभी सुविधाएँ तो दे ही रखी हैं। अब और क्या चाहिए?" पटल बाबू के होठों पर एक हलकी मुसकान दौड़ जाती।

मैं सन् १९४२ में कलकत्ते से प्रयाग लौट आया और अपनी थीसिस को टाइप कराने की व्यवस्था करने लगा। युद्ध के दिन थे और बाजार में बढ़िया कागज आकाश-कुसुम हो रहा था। एक दिन अचानक पटल बाबू से भेंट हो गई। वे मेरी थीसिस के सम्बन्ध में पूछने लगे। मैंने कहा—'बड़ी कठिनाई है, पटल बाबू! कहीं बढ़िया कागज नहीं मिलता।' उन्होंने तत्काल पूछा—'कैसा कागज चाहिए और कितने पैसे खर्च करोगे?' मैंने कहा—'मेरे आदरणीय गुरु डॉ० बाबूराम सक्सेना अपनी थीसिस के लिए लन्दन से अमेरिकन बैंकपेपर लाए थे।' उन्होंने कहा—'आज वह कहाँ मिलेगा? किन्तु देखो, उद्योग करूँगा।' दूसरे दिन प्रातःकाल पटल बाबू मोटर से मेरे घर आये। उनके साथ छः-छः सौ शीट (ताव) के आठ बण्डल थे। यह अमेरिकन बैंकपेपर ही था। मैंने जब उनसे पूछा कि कितने रुपए देने होंगे, तो उन्होंने मोटर चला दी और हँसते हुए कहा—'हिसाब बाद में होगा।' मैं समझ गया कि ये बिना मूल्य लिये अमूल्य कागज दे गए। किन्तु मेरे लिए सबसे बड़ी आश्चर्य की बात यह थी कि जीवन के क्षण-क्षण में अत्यधिक व्यस्त रहनेवाले पटल बाबू जैसे व्यवसायी को कागज जैसी साधारण चीज का ध्यान कैसे रहा। किन्तु सच तो यह है कि दैनिक जीवन के साधारण क्रिया-कलापों में ही तो बड़े लोगों के असाधारण

व्यक्तित्व का परिचय मिलता है और पटल बाबू ऐसे ही महान् लोगों में से थे।

श्री पटल बाबू अपने भाइयों में सबसे ज्येष्ठ थे। उनसे बड़े एक भाई अवश्य थे; किन्तु युवावस्था में ही उनका देहान्त हो गया था। सम्मिलित कुटुम्ब की कुल जिम्मेदारी बड़े भाई पर ही रहती है, इस बात को वे खूब समझते थे। छोटे भाइयों के प्रति उनका कितना आकर्षण था, इस सम्बन्ध की दो बातें ही मुझे याद हैं। मैं जिन दिनों कलकत्ते में था, उस समय उनके छोटे भाई श्री हरिनाथ बाबू मानस रोग से पीड़ित हो गए। समाचार मिलते ही पटल बाबू प्रयाग से कलकत्ते पहुँचे। ओषधि आदि की उचित व्यवस्था के साथ-साथ उन्होंने हरिनाथ बाबू को अपने साथ ही रखना ठीक समझा। वे एक क्षण के लिए हरिनाथ बाबू को अकेले नहीं छोड़ते थे। एक दिन जब वे सो रहे थे, तो प्रातःकाल पटल बाबू मेरे कमरे में आये। मैंने देखा, वे असाधारण रूप से चिन्तित हैं। मैंने पूछा—'पटल बाबू, आप रात में बिलकुल नहीं सो सके क्या?' उन्होंने कहा—'हाँ, ऐसी ही बात है। हरिनाथ की बीमारी के कारण अत्यधिक चिन्तित हूँ।'

यों तो पटल बाबू का सभी भाइयों के प्रति अगाध स्नेह था; किन्तु उनके दूसरे भाई धूनी बाबू तो उनके प्राण ही थे। दोनों भाई साथ ही मोटर में बैठकर प्रायः लोगों से मिलने-जुलने जाते थे। पूरी राम-लक्ष्मण की जोड़ी थी। एक दिन मैंने देखा कि श्री पटल बाबू की मोटर मेरे घर के सामने रुकी। वे अकेले थे, किन्तु थे अत्यधिक प्रसन्न मुद्रा में। मुझे उन्होंने बुलाया और कहा—'चलते हो चतुर्वेदीजी की ओर!' मैं उनके पास जा बैठा। मैंने कहा—'आज आप अत्यधिक प्रसन्न दीखते हैं। बात क्या है?' उन्होंने कहा—'तुम्हें मालूम नहीं, मेरे घर में छोटे धूनी का आगमन हुआ है।' बात यह थी कि धूनी बाबू को पुत्ररत्न प्राप्त हुआ था।

यह प्रसिद्ध है कि श्री पटल बाबू एक कुशल व्यापारी थे और उन्होंने प्रभूत सम्पत्ति का अर्जन किया; किन्तु उनके उस जीवन से मुझे किंचित् मात्र भी परिचय प्राप्त करने का अवसर नहीं मिला। कदाचित् जिन्हें वे स्नेह प्रदान करते थे, उनसे व्यापारिक सम्बन्ध नहीं रखते थे। जो हो, उनके जीवन के अत्यल्प अंश को ही मुझे देखने का सौभाग्य प्राप्त हुआ था। निश्चय ही वे अपने विशाल जीवन के अन्य अंशों में भी महान् थे। वे नितान्त शिष्ट, मृदुभाषी तथा सरलता की मूर्त्ति थे। उनका व्यक्तित्व आकर्षक था और उनका अट्टहास स्वाभाविक रूप से अपनी ओर आकृष्ट कर लेता था। यद्यपि अब उनका पार्थिव शरीर इस नश्वर संसार में नहीं है, तथापि उन्हें भूल जाना सरल नहीं है। आज भी ऐसा लगता है कि वे किसी ओर से आ रहे हैं।



दीर्घदर्शी और सहृदय पटल बाबू

पं० लल्लीप्रसाद पाण्डेय

सन् १९१७ में जब मैं नई उमंग से प्रयाग आकर प्रेस में भर्ती हुआ, पटल बाबू हाई स्कूल के छात्र थे। उनके बड़े भाई हरिपद बाबू को तो मैं जल्दी पहचान गया; क्योंकि वे उस समय प्रेस का काम-काज करते थे; परन्तु उनके अन्य भाइयों को जानने-पहचानने का अवसर पीछे मिला। उस समय पटल बाबू पन्द्रह-सोलह वर्ष के रहे होंगे। श्री चिन्तामणि बाबू की कुर्सी के पास दफ्तर में, अवकाश मिलने पर, उनके पुत्र आकर बैठ जाते थे। एक बार इन लोगों को बैठे देख मैंने पं० बदरीनाथ भट्ट (आद्य-संपादक बालसखा) से पूछा कि ये कौन कौन हैं। उन्होंने बतलाया कि ये लोग हरिपद बाबू के छोटे भाई हैं।

संभवतः असली गुलाबजल मिलने में कठिनाई देखकर बड़े बाबू ने 'इंडियन परफ्यूमरी' नाम से एक छोटा सा कारखाना ५ मालवीय मार्ग की कोठी में, एक अंश में, खोला था। (घोष परिवार का आवासस्थल आजकल यही विशाल कोठी है।) उस समय इस सड़क का नाम सेमेट्री रोड था। माल तैयार करने के लिए कन्नौज से दो जानकारों को बुलाया गया था। ये लोग जलेसर जाकर गुलाबजल और मद्रास प्रान्त में जाकर केवड़ा जल बना लाते थे। इत्र कन्नौज से ले आते थे। सुगंधित तेल और सुर्ती उस कोठी में ही प्रस्तुत की जाती थी। इसकी देख-भाल सुबह-शाम पटल बाबू करते थे। इस कारखाने को बड़ा रूप देने का विचार था। किन्तु बाबू हरिपद घोष का असमय में देहान्त हो जाने पर पटल बाबू को प्रेस के प्रबन्ध के लिए प्रस्तुत होना पड़ा और परफ्यूमरी की देखभाल दूसरे भाई को सौंप दी गई।

प्रेस का काम सँभालने पर पटल बाबू से हम लोगों का परिचय बढ़ा। आरम्भ में पटल बाबू अपने पिताजी से सलाह लेकर ही प्रेस का काम-काज करते थे। इसी समय, सन् १९२१ में, काशी में एक किराये के मकान में प्रेस की शाखा खोल दी गई। बाबू विश्वेश्वरप्रसाद और मामा बाबू (श्री सतीशचन्द्र मित्र) वहाँ काम करने को भेज दिए गए। एक साल में जब वहाँ पर, मलदहिया मुहल्ले में, खुले स्थान में, प्रेस के लिए कोठी मोल ले ली गई तब एक दिन बड़े बाबू ने मुझे अपने पास बुलाया और बिठाकर काशी में कोठी लेने का ब्योरेवार समाचार बतलाया। अन्त में मुझसे कहा कि प्रयाग भी तीर्थ है और काशी भी बाबा विश्वनाथ की पुण्य नगरी है। बंगाल के तथा अन्य प्रान्तों के बहुत से लोग काशीवास करने में अपना अहोभाग्य समझते हैं। आपका प्रयाग में घर तो है नहीं जो इस स्थान से आपका विशेष आकर्षण हो। इसलिए यदि आप काशी जाकर वहाँ महाभारत के संपादन और मुद्रण में तत्पर हो जायँ तो बड़ा अच्छा हो।

यह सुनकर मुझे अपार हर्ष हुआ। 'अन्धा माँगे आँखें' की लोकोक्ति चरितार्थ हुई।

मुझे काशी निवास की इच्छा बहुत पहले से थी। वहाँ हिन्दी के प्रसिद्ध लेखकों का जमघट सा था। इसके पहले बड़े बाबू मुझसे कई बार

महाभारत का कार्य हाथ में लेने को कह चुके थे; परन्तु मुझे अपनी योग्यता का भरोसा कम था, इस कारण मैं उस काम को टालता जाता और दूसरे कामों में लगा रहता था। पं० बदरीनाथ भट्टजी के, प्रेस की नौकरी छोड़कर, चले जाने पर उनके कागजों में मुझे पं० महावीरप्रसाद द्विवेदी का एक पत्र मिल गया। उसमें लिखा था कि 'अनुवादक को सँभलकर अनुवाद करने की चेतावनी दे दीजिए। (पहले बिहार के एक सज्जन यह काम करनेवाले थे।) जब कई पर्वों का अनुवाद हो जाय, तब मेरे पास भेजिएगा। उस समय स्वास्थ्य अच्छा होगा, तो सम्पादन करूँगा।' मैंने सोचा कि जो काम आचार्य द्विवेदी के करने का है, उसको मैं किस साहस से अपने हाथ में लूँ। फिर वेदव्यासजी के महापुराण का सम्पादन करने के लिए मेरे पास उपयुक्त सामग्री भी न थी। इसके अतिरिक्त इस कार्य में सहायता के लिए अच्छे जानकारों की भी आवश्यकता थी। इन्हीं कठिनाइयों की भीषणता से मैं अपनी जान बचाता था कि यह काम किसी अन्य विद्वान् को दे दिया जाय। पर अन्त में यह कार्य मुझे ही करना पड़ा।

१२-८-१९२३ की शाम को छोटी लाइन की गाड़ी से मैं, दारागंज स्टेशन पर, काशी के लिए प्रस्थित हुआ। पटल बाबू, मेरे लिए भी, टिकट लिए हुए रामबाग स्टेशन से इसी गाड़ी में सवार थे। बातचीत करते हुए हम लोग रात को ९॥ बज काशी में, प्रेस के अहाते के फाटक पर, पहुँचे। पर फाटक भीतर से बन्द था। कई बार पुकारने और फाटक पीटने पर भी जब किसी ने फाटक न खोला तब पटल बाबू उस अँधेरे में, घेरे की दीवार पर चढ़कर, भीतर कूदे और अन्दर से फाटक को खोला। ताँगा अहाते में गया। कोठी के बरामदे में चौकीदार सो रहा था। उसे जगाया और रात को सोने की व्यवस्था की। दूसरे दिन सब काम मुझे समझाकर वे प्रयाग वापस चले आए और मैं विश्वनाथजी तथा अन्नपूर्णा के दरबार में हाजिरी देकर काम करने लगा।

महाभारत के सम्पादन में कौन-कौन-सी कठिनाइयाँ हुई और काशी में किन किन महापुरुषों की सेवा में जाने पर उनका निराकरण हुआ, उनके वर्णन का यह उपयुक्त स्थान नहीं है। महाभारत के संपादन-प्रकाशन आदि में संभवतः एक लाख रुपया खर्च हुआ होगा।

अच्छे कामों में प्रायः विघ्न हुआ करते हैं और यदि विघ्न न हों तो कार्य की पवित्रता में सन्देह होने लगता है। अभी महाभारत का सम्पादन हो ही रहा था कि एक प्रबल विघ्न का सूत्रपात हुआ। प्रेस के एक पुराने कार्यकर्ता, जो मेरे अग्रजस्थानीय हैं और मुझ पर जिनकी सदा असीम अनुकम्पा रही है, काशी की शाखा में काम करने को भेज दिए गए। प्रयाग में उनको सब प्रकार की सुख-सुविधा प्राप्त थी। काशी में इसका ठीक उलटा था। स्वयं भोजन बनाना पड़ता, जिसका उनको अभ्यास कम था। कोई साथी न था जिससे हिलते-मिलते। मिलने-जुलनेवालों के पास वे शाम को प्रेस से दूर दशाश्वमेध जाया करते और रात को नव-दस बजे वापस आते। इस सबसे खीझकर कहा करते कि 'हमारा काशी-प्रवास, अदृष्ट का उपहास' है।

हम लोग साथ ही रहते थे। खासा हेल-मेल था। एक दिन न जाने किस छोटी सी बात पर विवाद हो गया। मुझे ऐसे प्रसंग को टाल देना चाहिए था; परन्तु मेरी क्षुद्रता ने मुझको विवाद से विरत न होने दिया। अन्त में चिढ़कर

मैंने सोचा कि अब यहाँ काम करना ठीक नहीं। बस, मैंने पटल बाबू के पास त्यागपत्र भेज दिया। उसमें लिख दिया कि 'मुझे विश्वनाथजी अपनी नगरी में नहीं रहने देना चाहते। पुण्यपुरुष को काशी में रहने का अधिकार मिलता है। मैं तो अधम हूँ। मुझसे काम करने में, जाने-अनजाने, जो भूलें हुई हों उनको क्षमा कीजिएगा।' यह घटना सन् १९२६ के आरम्भ के किसी महीने की है।

मैं सोचता था कि त्यागपत्र स्वीकृत होने पर कहीं चला जाऊँगा। विपत्नीक होने से और कोई चिन्ता तो है नहीं, केवल कन्या के ऋण से मुक्त होना है, सो किसी प्रकार भगवान् कृपा कर देंगे।

त्यागपत्र भेजने के तीसरे या चौथे दिन किसी गाड़ी से पटल बाबू काशी पहुँचे। उनको वहाँ, बिना किसी पूर्व सूचना के, देखकर मैं स्तम्भित हो गया। त्यागपत्र देने के लिए मुझ पर घड़ों पानी पड़ गया। इतनी बड़ी संस्था के संचालक को मेरी दुर्बुद्धि के कारण काशी आना पड़ा। जिनसे मेरा मनोमालिन्य हो गया था उन्होंने पटल बाबू को अपनी सफाई दी और मैंने कहा कि अग्रज मानकर मैं तो सदा इनका आदर करता रहा हूँ और अब दूसरी स्थिति हो जाने से नौकरी छोड़कर भाग जाना चाहता हूँ। अस्तु, उनसे निबटकर पटल बाबू साहब ने मुझसे कहा—'यदि आपने अन्यत्र कार्य करने की व्यवस्था नहीं कर ली है और इण्डियन प्रेस का कार्य करने में आपकी कोई क्षति नहीं हो रही है तो त्यागपत्र वापस ले लीजिए। महाभारत के सम्पादन का जो काम हाथ में लिया है, उसे पूर्ण कर दीजिए। पिताजी (बड़े बाबू साहब) की प्रबल इच्छा महाभारत को मुद्रित रूप में देखने की है।'

उस दिन से फिर कभी मैंने त्यागपत्र देने का साहस नहीं किया; यद्यपि और भी दो-एक बार ऐसे अप्रिय प्रसंग आए।

यह ऐसी घटना थी जिसको मैं कभी भूल नहीं सकता; कदाचित् पटल बाबू को इसका स्मरण भी न रहा होगा। क्योंकि यह घटना उस समय की है जब न तो प्रेस का कार्यभार इतना गुरुतर हुआ था और न पटल बाबू का कार्यक्षेत्र ही इतना अधिक विस्तृत था।

काशी में रहने लगने पर कई वर्ष तक मैं नित्य सायंकाल को दशाश्वमेध घाट पर जा बैठता था। वहाँ बंगालियों की भीड़भाड़ देख मुझे ऐसा लगता मानो कलकत्ते के किसी मुहल्ले में आ गया हूँ। प्रायः बँगला भाषा में कीर्तन सुनता और विश्वनाथ जी तथा अन्नपूर्णा के दर्शन करके प्रेस लौट जाता। प्रेस में ही रहने को मुझे मुफ्त स्थान दिया गया था। जान-पहचान कम लोगों से थी। फिर धीरे धीरे वहाँ के साहित्यसेवियों से इतनी अधिक घनिष्ठता हो गई कि काशी मुझे अपनी जन्मभूमि सदृश हो गई। इच्छा थी कि प्रेस से निष्कृति पाकर कहीं काशी में ही, किसी सार्वजनिक संस्था की सेवा में, शेष जीवन बिता दूँगा। इसी बीच पटल बाबू साहब का पत्र प्रयाग में रहकर 'हल' और 'बालसखा' का सम्पादन-कार्य सँभालने के लिए पहुँचा। मैं चिन्ता में पड़ गया।

मित्रों ने कहा कि इस अवस्था में लोग काशीवास करने को आते हैं और तुम यहाँ से टरकना चाहते हो! क्या जीवन भर प्रेस की नौकरी ही करते रहोगे? बाबू श्यामसुन्दरदास, पं० रामनारायण मिश्र, राय कृष्णदास आदि नहीं चाहते थे कि मैं काशी से हटूँ। पर पटल बाबू ने बतलाया कि 'मेरे भरोसे लायक कोई

भी तो प्रयाग में मेरे पास रहे।' इस समय प्रयाग में कुछ हिन्दी-सेवी लोग प्रेस की नौकरी छोड़ चुके थे। इस दशा में यदि मैं भी, पुराने चले आ रहे सम्बन्ध को तोड़कर नौकरी छोड़ देता तो यह शंका हो जाती कि यह भी काम छोड़कर चले जानेवाले दूसरे लोगों की साँठगाँठ में है। इसलिए काशी छोड़ने को मुझे विवश होना पड़ा। वहाँ पं० ठाकुरप्रसादजी को मेरी कमी हमेशा खलती है।

जो सहायक संपादक महाशय प्रयाग में काम करते थे, उनके भी जल्दी प्रेस की सेवा से अलग हो जाने पर मुझे प्रयाग शीघ्र पहुँचना पड़ा।

प्रयाग में जाकर देखा कि पटल बाबू साहब निरन्तर काम में लगे रहते हैं। भोजन करना और सोना भी, काम के आगे, उन्हें तुच्छ जँचता है। मिलने-जुलनेवालों से भी उनको बातचीत करनी पड़ती है। सभा-समितियों में भी जाना पड़ता है। बड़ी-बड़ी व्यापारिक चिट्ठियाँ पढ़ते और उनके उत्तर लिखते हैं। प्रेस के भीतर मुद्रणव्यवस्था देखते, जहाँ त्रुटि पाते उसे सँभालते, पुस्तकों की बिक्री का प्रबन्ध करते और समय निकालकर काशी, शीतलपुर और कलकत्ता आदि जाकर वहाँ का कामकाज सँभालते हैं।

आज कल जिस बड़े हॉल में इण्डियन प्रेस (पब्लिकेशन्स) लिमिटेड का कार्यालय है, यह पहले कई कक्षों में विभक्त था। किसी कक्ष में जनरल मैनेजर बैठते थे, किसी में सम्पादक और लेखक बैठते थे। किसी में पत्रिका-विभाग था और किसी में पुस्तकों की बिक्री का विभाग। छत को गिराए बिना ही, इन कमरों की दीवारों को अलग कर, कार्यालय को जो विशाल और भव्य रूप दिया गया है, वह पटल बाबू की भवन-निर्माण-कला का अपूर्व उदाहरण है। जिस समय कमरों की दीवारें तोड़ी जाकर हॉल नया रूप धारण कर रहा था, उस समय कारीगरों के निरीक्षक बूढ़े नब्बू मिस्त्री से मैंने कहा कि ऐसी तोड़ फोड़ करने से छत तो कमजोर न हो जावेगी। मिस्त्री ने कहा—'पण्डितजी, क्या बताऊँ। मैनेजर साहब कुछ सुनते ही नहीं। मैं बूढ़ा हो गया, ऐसा गोरखधन्धा मैंने देखा ही नहीं।' जब मैंने यह शिकायत बाबू साहब से की तो वे हँसने लगे। कहने लगे—'पुस्तकें पढ़कर और जानकारों से सलाह लेकर ही दफ्तर का कायाकल्प कर रहा हूँ। छत के कमजोर होने की तनिक भी चिन्ता नहीं।' पटल बाबू को भवन-निर्माण-कला से बहुत प्रेम था। इसलिए वे हमेशा कहीं न कहीं कुछ न कुछ बनवाते रहते थे। उनकी भवननिर्माण कला के परिचायक टैगोर टाउन (प्रयाग) की घोष बस्ती, मालवीय रोड पर स्थित घोषनिवास का परिवर्धित रूप, कैनिंग रोड के उनके बँगले और दूकानें तथा काशी और कलकत्ते की प्रेस की इमारतें हैं। कुछ जान-पहचानवालों के अनुरोध करने पर वे उनके भी मकान का नकशा बनवाते और बीच बीच में देख आया करते कि इमारत ठीक बन रही है या कुछ नुक्स रह गया है।

किस प्रदेश के लिए कौन सी पाठ्य पुस्तकें लिखनी हैं, उनमें किस विषय के पाठ आवश्यक हैं, उनके लिए सामग्री कहाँ-कहाँ से लेनी है, इसकी जानकारी उनको भरपूर थी। लेखक को उनसे सभी आवश्यक साधार सूचनाएँ सुलभ रहती थीं। कितनी ही हिन्दी पाठ्य पुस्तकों तक का संकलन उन्होंने स्वयं किया, यद्यपि उन पर नाम अन्य किसी का छाप दिया गया। इसी प्रकार उनके पास हिसाब तैयार रहता था

कि कौन-सी पाठ्य पुस्तक की, किस साल, कितनी प्रतियाँ छापना ठीक होगा। यदि अधिक संख्या में पाठ्य पुस्तक छाप ली जाय और अगले वर्ष वह कोर्स में न रहे, तो घाटा हो। इसीलिए ऐसा हिसाब परमावश्यक होता है।

पुस्तकें और सामयिक पत्र पढ़ने का उनको व्यसन था। इस कारण वे प्रेस के पत्रों के सम्पादकों को प्रायः सलाह दिया करते थे कि कौन-कौन-सी सामग्री छापने से पाठकों का हित होगा। वे यह भी बतला देते थे कि कौन-सी सामग्री किन पत्रों या पुस्तकों में मिलेगी। इस प्रकार पटल बाबू की विशाल दृष्टि हर ओर रहती थी।

सामर्थ्य से अधिक परिश्रम करने के कारण जब वे पिछली बार रोग से जूझ रहे थे, तब हितैषियों के जोर देने पर उन्होंने स्वीकार किया था कि चंगे हो जाने पर मर्यादा के बाहर परिश्रम करने से बचेंगे; परन्तु शरीर में शक्ति आते ही उन्होंने रोग की गुरुता का भय छोड़कर जो कार्य-चक्र को पूरे वेग से प्रवर्तित किया, तो रोग ने भी अन्तिम प्रतिरोध करने की ठान ली और उनको सदा के लिए विश्राम दे दिया।

बड़े बाबू साहब की मेरे ऊपर जितनी अधिक कृपादृष्टि रहती थी, उसमें पटल बाबू और उनके भाइयों ने रत्ती भर भी कमी नहीं होने दी। इसी से कभी-कभी ऐसा प्रसंग आ जाता था कि जिस पुस्तक को प्रेस से प्रकाशित होने योग्य मैं न समझता था, उसके प्रकाशित हो जाने पर जब मैं शिकायत करता, तब मैनेजर साहब हँसकर कहते कि उस पुस्तक को छापने में हमें खुशी नहीं है, पर हमको सब लोगों से मिलकर चलना पड़ता है, इसलिए कभी-कभी ऐसा भी काम कर देना पड़ता है। 'अधिक लाभ के लिए थोड़ी हानि भी सही।' इतना उदार मालिक क्वचित् ही मिलता है। "परगुणपरमाणून्पर्वतीकृत्य नित्यं निजहृदि विलसन्तः सन्ति सन्तः कियन्तः ?"

उदारता और सज्जनता की मूर्त्ति

श्री बी० एन० झा, शिक्षा-संचालक, उत्तरप्रदेश

स्वर्गीय हरिकेशव घोष से मेरा परिचय आज से प्रायः ३० वर्ष पूर्व हुआ था, जो उत्तरोत्तर प्रौढ़ और परिपुष्ट होता गया। छोटे, बड़े, मित्र, सहकारी इत्यादि सभी उन्हें स्नेहवश 'पटल बाबू' ही कहते थे। अपने सरल और निश्छल स्वभाव के कारण वे मिलनेवाले के हृदय-पटल पर अनायास अधिकार प्राप्त कर लेते थे। व्यवसाय के विभिन्न क्षेत्रों में उनको मिलनेवाली सफलता के यही दो मुख्य कारण थे। उत्कृष्ट कोटि के व्यवसायी होते हुए भी उनकी मनोवृत्ति में व्यावसायिक सहज संकीर्णता और स्वार्थ का सर्वथा अभाव था। उनकी उदारता में क्षुद्रता, लघुता और महत्ता जैसी कोई इयत्ता नहीं थी। उनके हृदय-द्वार सबके लिए समान रूप से उन्मुक्त रहते थे।

प्रतिभाशील होकर वे उत्कृष्ट प्रतिभा के सच्चे पारखी थे। इस प्रदेश का संभवतः ऐसा कोई उच्च कलाकार न बचा होगा, जिसकी सुन्दर कृति उनके द्वारा प्रकाशित न की गई हो। शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रकाशन के द्वारा उन्होंने साधिकार अपना विशिष्ट स्थान बना लिया था। उनका सुन्दर कलेवर, प्रतिभा की द्योतक चमकीली आँखें और विनय-मधुर स्वभाव उनके मिलनेवालों को सदा स्मरण रहेगा। वे उदारता और सज्जनता की मूर्त्ति थे। मुझे दुःख है कि वे अल्पायु हुए। उनके रिक्त स्थान की पूर्त्ति सहज न होगी।

पटल बाबू

पं० रामनरेश त्रिपाठी

दुःख की बात है कि पटल बाबू अब इस संसार में नहीं रहे। उनके नाम के साथ एक सदा प्रसन्नमुख, दूसरों की सहायता में आनन्द अनुभव करनेवाले, उदार-चेता, दृढ़-निश्चयी, निःस्वार्थ और निष्कपट भाव से मित्रता निभानेवाले, संयमी, परिश्रमी, उद्योगी और पिता के गौरव को बढ़ानेवाले मित्र का स्मरण हो आता है और हृदय आह्लाद से भर जाता है। उनकी मृत्यु हो गई, यह एक साधारण-सी घटना है, जो प्रत्येक जीवित प्राणी के साथ बँधी हुई है; न जाने कब सामने आ जाय। महत्त्व की बात तो यह है कि पटल बाबू ने जीवन को सदा उन्नति और यश की ओर अग्रसर करते हुए बिताया। उनका जीवन आदि से अंत तक सद्‌गुणों के आभूषणों से सुशोभित हो रहा है। दुःख उनके लिए नहीं, अपने लिए है; क्योंकि एक आलोक हमारे बीच से निकल गया। तुलसीदास के शब्दों में—

"रामधाम टोडर गये, तुलसी भये असोच।
जियबो मीत पुनीत बिन, यही जानि संकोच॥"

उनकी-सी दशा हम अपनी भी देखते हैं।

मुझे वे दिन अच्छी तरह याद हैं, जब सन् १९१५ में जीविकोपार्जन के लिए मैं पहले-पहल इलाहाबाद गया था। पटल बाबू के पिता स्व० बाबू चिंतामणि घोष से मैं मिला था और उनकी सम्मति और सहायता से मैंने 'साहित्य-भवन' नाम से पुस्तकों का कारबार खोला था, और साथ ही लेखन और प्रकाशन के काम में भी प्रवृत्त हुआ था। उस समय इंडियन प्रेस का सारा प्रबंध पटल बाबू देखते थे। स्व० चिंतामणि बाबू के पास ही पटल बाबू से मेरा सबसे पहला परिचय हुआ था। तब से लेकर सन् १९४१ तक, जब तक मैं इलाहाबाद में स्थायी रूप से रहा, उनका मित्रभाव मेरे साथ सदा एक रस बना रहा। यह उनके स्वभाव की विशेषता थी।

जब-जब मुझे सहायता की आवश्यकता पड़ी, उन्होंने कभी टाल-टूल नहीं किया। मैं कृतज्ञता प्रकट करता, तो दो-एक बार उन्होंने कहा भी कि "आप तो मेरे पिताजी के बताए मार्ग पर चल रहे हैं, इससे मैं स्वयं विशेष ध्यान रखता हूँ।" पिता के प्रति उनमें कितनी श्रद्धा थी, इन वाक्यों में वह स्पष्ट झलक रही है।

सन् १९३१ में अपनी पुस्तकों के प्रकाशन की आवश्यकता समझकर मैंने अपना एक स्वतंत्र प्रेस खोलने की इच्छा प्रकट की, तब पटल बाबू ने मुझे बहुत उत्साहित किया। वे मुझे अपने साथ कलकत्ते ले गये; अपने साथ ठहराया; लगभग एक सप्ताह तक कई कंपनियों में घुमा-फिराकर, अपने प्रेस के मिस्त्री से जाँच कराके एक सिलेंडर मशीन खरीदवा दी और इलाहाबाद वापस आकर अपने प्रेस से मेरे प्रेस के लिए सब जरूरी सामान बहुत थोड़े दामों पर मुझे दे दिया। जब कलकत्ते से मशीन आ गई, तब अपने प्रेस की मशीनों के प्रबंधक श्री काली बाबू को, जो मशीनों के एक दक्ष मिस्त्री भी थे, एक अन्य मिस्त्री के साथ भेजकर मेरी मशीन 'फिट' करा दी और प्रेस चल निकला। मशीन के फिट होने में एक सप्ताह से अधिक समय लगा। पटल बाबू प्रायः रोज एक चक्कर लगा जाया करते थे। वे जब आते थे, तब मन में कितना उत्साह भर

जाता था, उसकी छाप तो आज भी हृदय पर अमिट-सी है।

एक बार मेरे प्रेस में हड़ताल हुई। मैंने उनसे कहा, तो उन्होंने कहा—'घबराइए नहीं, प्रेस बंद मत कीजिए। पाँच बजे शाम को मैं अपने कंपोजीटरों को भेजूँगा। वे रात में आठ बजे तक काम कर जाया करेंगे। छापने के लिए काफी काम तैयार हो जायगा, तो एक मशीन-मैन भेज दूँगा, वह छाप जायगा।' ऐसा ही हुआ। शाम को पाँच-साढ़े पाँच बजे एक लारी में कंपोजीटर आते और रात में ८-९ बजे तक कंपोज कर जाते; फिर दूसरे-तीसरे दिन एक मशीन-मैन आकर कुल छाप जाता। परिणाम यह हुआ कि मेरे प्रेस की हड़ताल तीन ही चार दिनों में समाप्त हो गई।

पटल बाबू ने कभी मुझे 'ना' नहीं कहा। मैं कोई ब्लाक माँगता, तो फौरन दिला देते; केस, रैक या मशीन का कोई पुर्जा माँगता, और उनके प्रेस में फालतू पड़ा होता, तो वे कभी बहाना नहीं करते थे। एक अद्भुत-सा सुन्दर स्वभाव उन्होंने पाया था, जो प्रेस के व्यवसायियों में प्रायः दुर्लभ है।

हम दोनों समान रोगी थे। पहले मुझे डायबिटीज का रोग हुआ, पीछे उनको। इससे मिलने पर कुछ देर तक तो अपने-अपने रोग ही के अनुभव कहते-सुनते; फिर एक कुटुंबी की भाँति घरेलू चर्चाएँ होतीं। उनके पास बैठ-कर बातें करने में बड़ा सुख मिलता था; क्योंकि वे हृदय खोलकर बातें करते थे।

उक्त रोग के कारण ही १९४१ में इलाहाबाद से मैं तो प्रेस के झंझटों को छोड़कर भाग निकला और अभी तक शरीर को बचा रखने में समर्थ हुआ। पर पटल बाबू ने अपना बोझा बहुत भारी कर लिया था; और उनका स्वभाव भी बड़ा परिश्रमी था; इससे वे शरीर पर ध्यान कम दे सके। मेरा अनुमान है कि अधिक परिश्रम करने के कारण ही उनका शरीर जीवन के भार को उठाने में असमर्थ हो गया।

कुछ भी हो, मुझे हर्ष है कि मैं एक उच्च कोटि के मनुष्य का मित्र था, जिसके कितने ही सुखद संस्मरण अब मेरे मन की संचित सम्पत्ति की भाँति मेरे जीवन के साथ रहेंगे।



बाबू हरिकेशवजी घोष

पं० सुन्दरलाल द्विवेदी

घोष बाबू साहब के स्वर्गवास की दुःखद दुर्घटना की खबर मुझे मार्च के अन्तिम सप्ताह में मिल सकी। प्रयाग के बाबू प्यारेलालजी यादव ने एक कार्ड द्वारा यह खबर दी थी। निधन की बात देखते ही मैं एकदम चकरा गया। दो महीने से मुझे चक्कर यों ही आया करते हैं। मैं विह्वल हो उठा। अधपढ़ा कार्ड जमीन पर पटक दिया और विह्वल हो गया। सोचा, ऐसी बात न होगी। फिर सोचा कि यादव बाबू विश्वस्त मनुष्य हैं; बात सच होगी। दुबारा उठाकर कार्ड फिर पढ़ा। शरीर को विकृत देखकर १३ वर्ष की मेरी बिटिया कमला पूछने लगी—'बाबूजी क्या बात है? पत्र कहाँ से आया है? देखूँ तो।' पत्र उठाकर वह पढ़ गई। वह भी महादुखी हुई और मुझे समझाने लगी कि आप कमजोर यों ही बहुत हैं। रंज न कीजिए।

उनके सम्पर्क में ३१ वर्ष तक रहने के कारण इतना घनिष्ठ वातावरण हो गया था कि घोष-परिवार को मैं अपना ही परिवार मान रहा हूँ। मुझे उनके निधन से जो दुख रहता है, उनकी एक-एक बात याद करके जो विह्वलता होती रहती है, वह दूसरे किसी के जानने की चीज नहीं है।

१ अगस्त सन् ८ में जब मैं इंडियन प्रेस में नौकर होकर गया, तब आप ८।१० वर्ष के रहे होंगे। अभी आपकी अवस्था इस योग्य न थी कि अपने परिवार को और इष्ट-मित्रों को बिलखते हुए छोड़कर चल दें।

यों तो संसार में सभी माता-पिता अपने बच्चों पर प्यार करते हैं। सभी जीवधारियों में प्रेम करने का माया-मोह होता है। पर कारण विशेष से वह किसी-किसी बच्चे से बढ़ भी जाता है। बातचीत करते हुए प्रसंग-वश आपके स्वर्गीय पिता बाबू चिन्तामणिजी घोष ने यह स्पष्ट शब्दों में कहा था कि यह बच्चा जब से पैदा हुआ है, तब से हमें किसी तरह की चिन्ता नहीं रही। श्रीवृद्धि होती ही गई। इससे स्पष्ट है कि आप बड़े भाग्यशाली थे।

आपके पिताजी जब सख्त बीमार थे, तब मैं कोठी पर उनके दर्शन करने गया। उस वक्त पटल बाबू साहब मिले। मैंने आपके पिताजी की तबीअत का हाल पूछा और कहा कि बहुत दिनों से आप प्रेस में क्यों नहीं जाते? आपने कहा कि बड़े बाबू साहब की तबीअत अच्छी नहीं है। बीमारी जोर पर है। तुम कल उनसे मुलाकात करना। मैं प्रेस में कैसे आऊँ? वे कहते हैं कि तुम्हीं मेरे पास रहो।

आपके पिताजी को प्रायः सभी लोग बड़े बाबू कहा करते थे और आपको घर के लोग, दफ्तर के लोग और कुछ बाहर के लोग भी पटल बाबू के नाम से सम्बोधित करते थे। पटल बाबू के चार अनुज हैं और बड़े भाई बाबू हरिपद घोष का स्वर्गवास हुए बहुत दिन हो गए। वे बड़े बाबू साहब को दुःखित करके दिवंगत हो गए थे। आप छः भाई थे और दो बहिनें। बड़े बाबू साहब के बाद पटल बाबू साहब ने ही अपने अनुज बाबू हरिप्रसन्नजी घोष की सहायता से प्रेस का कार्यभार सँभाला था।

पटल बाबू साहब बड़े भाग्यशाली थे। संसार में पदार्पण करते ही लक्ष्मी आपकी चेरी

बन गई। समस्त जीवन ऊँचे दर्जे की अमीरी में बीता। हजारों मनुष्यों के आप प्रभु रहे।

आपकी बुद्धि बड़ी तीव्र थी। अँगरेजी के आप प्रकांड ज्ञाता थे। प्रेस में आगन्तुक अँगरेजों से आप ऐसी धारा-प्रवाह अँगरेजी में बातचीत करते थे कि वे लोग चकित होकर आपके मुंह की ओर टकटकी बाँधकर देखते रहते थे।

आपके अनेक गुणों में महत्त्वाकांक्षा सर्वोपरि थी। इसी से प्रेरित होकर आपने विलायत की यात्रा की थी। वहाँ प्रेस-सम्बन्धी अनेक तरह का ज्ञानार्जन करके जब लौटे, तब अपने प्रेस के लिए अनेक तरह की मशीनरी और सामान लाए और प्रेस को ऊँचे दर्जे पर पहुँचाया। आपने बढ़िया से बढ़िया इमारतें बनवाईं, जिनमें प्लाजा सिनेमा की इमारत उल्लेखनीय है।

प्रेम के तो आप पुजारी ही थे। यों तो सभी से वे प्रेम करते और हँसकर बात करते थे; किन्तु भ्रातृप्रेम का एक उदाहरण मेरे दिमाग में सदा चक्कर लगाया करता है। एक बार आपके अनुज बाबू हरिप्रसन्नजी घोष (धूनी बाबू साहब) टाइफाइड से ग्रस्त थे। एक दिन उनकी तबीअत कुछ अधिक खराब हो गई थी। आप कोठी से कार में बैठकर प्रेस आये। कई बाबू उनका समाचार पूछने को दौड़े। मैं भी कुछ पूछने के लिए गया। कुर्सी पर बैठते ही विक्षिप्त मनुष्य की तरह दीवालों की ओर देखकर कहने लगे—'इस सबका क्या होगा? कौन करेगा? सब बेच डालूंगा।' इतना कहकर कुर्सी से उठे और कार में बैठकर कोठी को चल गये। हम लोग अपना-सा मुंह लेकर अपने काम पर चल गये। उन्होंने किसी से एक भी बात नहीं की।

बड़े बाबू के न रहने पर प्रेस का कार्यभार सब भाइयों ने बड़ी योग्यता से सँभाला। अपने छोटे भाई बाबू हरिप्रसन्न घोष के सहयोग से आपने प्रेस को उन्नति के शिखर पर पहुँचा दिया, आप बड़े कार्य-कुशल थे। आप बढ़िया चीज और बढ़िया काम पसन्द करते थे। अच्छा काम करनेवाले नौकरों का समुचित सम्मान करते थे। काम खराब करने पर डाँट-फटकार भी करारी देते थे। एक बार एक कम्पोजीटर को मैंने गुस्ताखी करने पर उनके पास पेश किया। वह वहाँ भी यही कहने लगा कि क्या इनसे गलती नहीं होती? गलती सबसे होती है। क्या आपसे गलती नहीं होती? बस, उनका पारा एकदम ऊपर चढ़ गया और जोरों से कड़ककर कहा—'इसी दम प्रेस से बाहर हो जाओ। इसको इसी वक्त निकाल दो।' बाबू लोग देखने लगे कि क्या मामला है। कम्पोजीटर अपने कपड़े वगैरह लेने को भीतर जाने लगा। बाहर न जाते देख, मुझे गुस्सा आ गया और मैंने भी उसे जोर से वहीं डाँटा। इस पर पटल बाबू ने मुझे ऐसी करारी डाँट बतलाई कि सब देवता याद आ गए। मैं फौरन समझ गया कि मेरा कसूर है। मैनेजर साहब के कमरे में मुझे उसे फटकार नहीं देनी चाहिए थी। मैंने तत्क्षण मामला समझ लिया और फौरन माँफी माँगकर वहाँ से चला गया। शाम को उन्होंने अपना मतलब समझा दिया कि ऐसा न करना चाहिए। इस तरह की डाँट-फटकार आप अपनी सीट पर कर सकते थे।

सुयोग्य पिता की परम सुयोग्य सन्तान

श्री रामचन्द्र वर्मा

इण्डियन प्रेस के संस्थापक स्वनामधन्य स्व० श्री चिन्तामणि घोष के दर्शनों का तो मुझे कभी सौभाग्य प्राप्त नहीं हुआ था। परन्तु उनके सम्बन्ध में मैं स्वर्गीय बाबू श्यामसुन्दरदास-जी तथा अन्य अनेक महानुभावों से जो बातें सुना करता था, उनका मुझ पर यथेष्ट प्रभाव पड़ता था; और इसीलिए मैं चिन्तामणि बाबू को सदा एक आदर्श नर-रत्न समझकर उनके प्रति यथेष्ट श्रद्धा रखता था। आगे चलकर जब मुझे कई अवसरों पर स्व० श्री हरिकेशव घोष (पटल बाबू) से मिलने का सौभाग्य प्राप्त हुआ, तब मैंने समझा कि पटल बाबू परम सुयोग्य पिता के परम उपयुक्त आत्मज और अनेक गुणों तथा विशेषताओं की खान हैं।

पहले-पहल काशी में मुझे पटल बाबू से मिलने का अवसर उस समय प्राप्त हुआ था, जब काशी नागरीप्रचारिणी सभा ने इण्डियन प्रेस को अपने प्रकाशनों का एकमात्र अभिकर्त्ता (सोल एजेण्ट) बनाने का विचार किया था। उस समय स्व० बाबू श्यामसुन्दरदासजी ने सभा की प्रबन्ध-समिति का एक विशेष अधिवेशन अपने भेलूपुरवाले निवास-स्थान पर आमंत्रित किया था। समिति के सदस्य के रूप में मैं भी वहाँ गया था। स्व० बाबू गौरीशंकर प्रसाद, स्व० पं० रामनारायण मिश्र आदि सभा के सभी तत्कालीन कार्यकर्त्ता और कर्णधार वहाँ उपस्थित थे। सब मिलाकर हम लोग कोई १२-१३ आदमी थे।

इण्डियन प्रेस को सभा के प्रकाशनों की एजेन्सी देने के सम्बन्ध में लोगों को कई तरह की आपत्तियाँ और आशंकाएँ थीं। सब लोग अपने-अपने विचार प्रकट करते थे और उधर से सब बातों का उत्तर देनेवाले अकेले पटल बाबू थे। इतने आदमियों की इतनी तरह की बातों के समीचीन उत्तर जिस ढंग से पटल बाबू देते थे, उसे देखकर हम सब लोग दंग रह जाते थे। हम लोग कई-कई दिन पहले से सोचकर बहुत-सी बातें अपने मन में वहाँ ले गए थे। परन्तु हम लोगों के सभी तर्क-वितर्कों का पटल बाबू तत्काल जैसा ठीक उत्तर देते थे, और जिस दक्षता से सबकी शंकाओं का समाधान करते थे, उसका हम सब लोगों पर एक विलक्षण प्रभाव पड़ता था। उसी समय मैंने पहले-पहल देखा कि पटल बाबू बहुत ही समझदार, दूरदर्शी और व्यवहारकुशल हैं। परिणाम यह हुआ कि सब लोगों का सब तरह से सन्तोष हो गया और इण्डियन प्रेस को अभिकरण (एजेन्सी) देना निश्चित हो गया।

इसके बाद सब लोग वहीं भोजन करने बैठे। उस समय काम की बात छोड़कर (क्योंकि वह तो तय ही हो चुकी थी) इधर-उधर की बातें होने लगीं। उस समय यह देखने में आया कि पटल बाबू केवल अपने व्यवसाय की बातों में ही दक्ष नहीं हैं, बल्कि सभी तरह की बातों के बहुत अच्छे ज्ञाता—और वह भी तह तक की बातों के ज्ञाता हैं। तिस पर बीच-बीच में हास्य-रस का जो पुट मिलता चलता था, वह मानो उस पटल (स्वर्ण) में सुवास होने का भी परिचय देता चलता था। सभा और इण्डियन प्रेस के व्यावसायिक पक्ष के विषय में लोगों के चाहे जो विचार रहे हों, पर पटल बाबू की योग्यता,

बुद्धिमत्ता, सज्जनता आदि के सम्बन्ध में किसी को कुछ भी सन्देह न रह गया। सभी लोग उनसे मिलकर परम प्रसन्न तथा सन्तुष्ट हुए—सब पर उन्होंने मानो सिक्का-सा जमा लिया था।

इसके उपरान्त एक बार बाबू श्यामसुन्दरदास के साथ मुझे उस समय प्रयाग जाना पड़ा, जब द्विवेदी-अभिनन्दन-ग्रन्थ की छपाई प्रायः समाप्ति पर थी। हम लोग पटल बाबू के ही अतिथि थे—उन्हीं के घर रहते थे। दोनों समय साथ ही भोजन होता था। इसके सिवा सबेरे-सन्ध्या चाय-जलपान के साथ भी घंटे-डेढ़ घंटे की बैठक और खूब मजेदार बातें हुआ करती थीं। ४-५ दिन जिस आनन्द से बीते, वह जल्दी भूल नहीं सकते। दुनिया भर के सभी विषय बातचीत में आते थे; और हर विषय में पटल बाबू की अच्छी जानकारी सामने आती थी। स्वच्छ और सुरुचिपूर्ण परिहास का तो कहना ही क्या!

याद रखने योग्य उनसे मेरी तीसरी भेंट उस समय हुई थी, जब सभा ने अपने प्रकाशन की सारी व्यवस्था फिर अपने हाथ में लेना निश्चित किया था। इस बार सभा ने स्व० पं० रामनारायणजी मिश्र को तथा मुझे इस काम के लिए प्रयाग भेजा था। इस बार भी हम लोग पटल बाबू के यहाँ ही ठहरे थे। मैंने सभा की सारी परिस्थितियाँ उन्हें समझाईं और उसकी आवश्यकताएँ उनके सामने उपस्थित कीं। उस समय हम लोगों को उनकी उदारता और सौजन्य का जो परिचय मिला, वह सचमुच अपूर्व था। पटल बाबू ने सब बातों का निपटारा जैसी सुन्दरता से किया, उससे हम लोगों ने समझ लिया कि अपने व्यवसाय या आर्थिक हानि-लाभ का उन्हें जितना अधिक ध्यान होना चाहिए था, उससे कहीं अधिक उन्हें एक सार्वजनिक संस्था के हिताहित का ध्यान था। सभा के प्रति उनकी श्रद्धा और सहानुभूति ने हम लोगों को बहुत अधिक प्रभावित किया। केवल संक्षिप्त 'हिन्दी शब्द-सागर' के सम्बन्ध में मेरी एक दो बातें मानने में उन्होंने कुछ सामान्य-सी आपत्ति की। पर जब मैंने उन्हें सभा की वास्तविक स्थिति समझाते हुए, अपनी बातों पर बहुत ज्यादा जोर दिया, तब वे यह कहकर चुप हो गए—अच्छा सोचूँगा। पर दूसरे दिन सबेरे सोकर उठते ही जब वे बाहर आये और मैंने विगत रातवाली चर्चा छेड़ी, तब हँसते हुए उन्होंने कहा—'आप चिन्ता न करें। जब आप इतनी दूर से चलकर आये हैं, और सभा का मामला है, तब मुझे आपकी बात माननी ही पड़ेगी।'

उनकी वह महत्ता देखकर मैं गद्गद हो गया—मेरा हृदय कृतज्ञता से भर गया। मैंने समझ लिया कि पटल बाबू सुयोग्य पिता की परम सुयोग्य सन्तान हैं। उनमें और बहुत-से गुण तो हैं ही—उदारता भी कम नहीं है।

गत मार्च के आरम्भ में जब मैं प्रयाग गया था, तब पटल बाबू से मिलने की आशा से इण्डियन प्रेस भी गया था। परन्तु जब उनकी अस्वस्थता का समाचार सुना और यह सुना कि वे कई महीने से कलकत्ते में चिकित्सा के लिए पड़े हैं, तब मुझे बहुत दुःख हुआ और चिन्ता भी। फिर काशी आने पर, कुछ ही दिन बाद, जब उनके निधन का दुःखद समाचार सुना, तब ऐसा जान पड़ा कि एक परम सुहृद आत्मीय मुझसे छिन गया। अब पटल बाबू जैसा सज्जन काहे को जल्दी कहीं देखने को मिलेगा! हाँ, उनका वह तेजपूर्ण हँसमुख चेहरा, ध्यान आते ही, जरूर सामने आ जायगा।

कर्मवीर पटल बाबू

प्रिंसपल श्री केदारनाथ गुप्त, एम० ए०

लगभग १५ वर्ष पूर्व मुझे श्री हरिकेशव घोष (पटल बाबू) के साक्षात्कार का सुअवसर प्राप्त हुआ था। मैं कालेज के लिए इंडियन प्रेस से कुछ पुस्तकें खरीदने गया था। पटल बाबू के वार्त्तालाप और उनके व्यवहार का मुझ पर इतना अच्छा प्रभाव पड़ा कि मैं मंत्रमुग्ध-सा हो गया और अत्यन्त प्रसन्न होकर उनकी प्रशंसा करता हुआ कालेज वापस आया। वास्तव में उनका व्यक्तित्व बहुत ही ऊँचा था। इसके अनन्तर उनसे अनेक बार मुलाकात हुई और उनसे मेरा सम्पर्क उत्तरोत्तर बढ़ता गया। पं० श्रीनारायण चतुर्वेदी के दारागंज निवास-स्थान में उनसे प्रायः मुलाकात होती थी।

मैं प्रचार करता रहता हूँ कि प्रत्येक हिन्दुस्तानी भाई को स्वस्थ रहते हुए कम से कम सौ वर्ष तो अवश्य ही जीवित रहना चाहिए। सादा मेलदार सात्विक भोजन, प्रातःकाल चार मील का दैनिक भ्रमण, नियमित ब्रह्मचर्य, मानसिक विकारों का त्याग और प्राकृतिक चिकित्सा में अभिरुचि—ये सौ वर्ष तक स्वस्थ रूप से जीवित रहने के साधन हैं। जब मैं पटल बाबू से १०० वर्ष के जीवन की चर्चा करता था, तो वे केवल मुसकरा देते थे।

अग्रवाल विद्यालय कालेज की पढ़ाई और उसके अनुशासन की ख्याति सुनकर पटल बाबू ने अपने द्वितीय सुपुत्र श्री सत्यप्रसाद घोष का नाम अग्रवाल कालेज की इंटर कक्षा में लिखाया था। मैं उनकी इच्छानुसार बच्चे की बराबर देखभाल किया करता था, और परमेश्वर की कृपा से वह द्वितीय श्रेणी में उत्तीर्ण भी हो गया था। श्री पटल बाबू को इससे बड़ी प्रसन्नता हुई थी। उन्होंने कलकत्ते से एक पत्र लिखकर मुझे इस सफलता के लिए धन्यवाद दिया था।

पटल बाबू में व्यापार की नैसर्गिक सूझ-बूझ थी। उन्होंने अपने समय में न केवल इंडियन प्रेस को आशातीत उन्नति के उच्च शिखर पर पहुँचाया था, अपितु अन्य स्थानों में भी उन्होंने अपने व्यवसाय को बढ़ाया था। उनको इमारतें बनवाने का बड़ा शौक था। उनके नकशे वे अपनी देखरेख में बनवाते थे, जिन्हें देखकर बड़े-बड़े इंजीनियर भी दाँतों के नीचे उँगली दबाते थे। वे जो इमारतें बनवाकर छोड़ गए हैं, उन्हें देखकर उनकी शिल्पसंबंधी बुद्धि का अनुमान किया जा सकता है।

अपने पूज्य पिता की तरह पटल बाबू को भी भारत की राष्ट्रभाषा हिन्दी से बड़ा प्रेम था। 'सरस्वती' और 'बालसखा' को उत्तम से उत्तम निकालने का उन्होंने जीवन भर प्रयत्न किया और उत्तम से उत्तम धार्मिक तथा अन्य विषयों की पुस्तकों का भी उन्होंने हिन्दी में प्रकाशन करवाया।

कर्म करना उनके जीवन का उद्देश्य था। "कर्मण्येवाधिकारस्ते मा फलेषु कदाचन्" को वे अपने जीवन में चरितार्थ करते थे। काम की अधिकता के कारण वे इधर प्रायः बीमार पड़ जाते थे; किंतु चारपाई पर पड़े-पड़े भी वे कागजों का निरीक्षण करते और कर्मचारियों को आदेश देते थे। काम करने का एक प्रकार से उनको नशा था।

सौजन्यसाकार पटल बाबू

डॉ० रामशङ्कर शुक्ल 'रसाल', एम० ए०, डी० लिट्०

भगवान् कृष्ण के "जातस्य हि ध्रुवो मृत्युः" पर ध्यान देने से यही श्रेयस्कर प्रतीत होता है कि जन्म ग्रहण करनेवालों के लिए यदि मृत्यु ध्रुव है, तो इस पर विशेष दुःखी होना समीचीन नहीं। फिर भी संसार की सांसारिकता को देखते हुए अपने किसी परमप्रिय के असामयिक और आकस्मिक निधन पर हृदय वेदना-व्यथित, चित्त चिन्तित और मन खिन्न अवश्य हो उठता है।

इसमें कोई संदेह नहीं कि निधन पर दुखी होना चाहिए उस व्यक्ति के, जो अपने कर्त्तव्य से दूर रहा हो अथवा च्युत हुआ हो। गोस्वामी तुलसीदास ने किसके निधन पर दुखी होना चाहिए, इस पर अपने मानस में कई चौपाइयाँ दी हैं। प्रयाग के सुप्रसिद्ध हिन्दी हितैषी, इंडियन प्रेस के सर्वेसर्वा प्रियवर श्री हरिकेशव घोष के निधन पर इस दृष्टि से दुखी होना न्यायसंगत और उचित नहीं; क्योंकि घोष बाबू ने अपने कर्त्तव्य को भली प्रकार सोच-समझकर यथेष्ट रूप में अपने सारे जीवन में, पूर्णतया परिपालित किया है।

व्यापक रूप में वस्तुतः कोई भी व्यक्ति किसी भी व्यक्ति के लिए, यों कहने के लिए भले ही कुछ कह दे; किन्तु यथार्थतः अपने वैयक्तिक विचार किसी दूसरे व्यक्ति के संबंध में व्यक्त करने में क्षम होता है। इसलिए मैं अपने कुछ प्रमुख संस्मरण और तदाधारित विचार व्यक्त करता हूँ। बिना व्यक्त किए मैं अपने हृदय के भार को किसी अन्य प्रकार कदाचित् दूर भी नहीं कर सकता।

पटल बाबू के सम्पर्क में मैं लगभग २५ वर्ष पूर्व आया। जिस प्रकार, जिस सौहार्द और जिस सरसता और सुजनता से वे मुझसे प्रथम बार मिले, उसमें बराबर परिचय-प्राबल्य में उत्तरोत्तर वृद्धि के साथ-साथ वृद्धि ही हुई। मैत्री-संबंध में यह एक बहुत बड़ी विशेषता है। मैत्री-संबंध में यदि उत्तरोत्तर उत्कर्ष न हुआ, तो वह हर्ष का विषय नहीं रहता। सज्जन सखाभाव किसी भी अन्यथा प्रभाव से विकृत न होकर बराबर बढ़ता ही रहा। यह अनुभव केवल मेरा ही नहीं है, वरन् जहाँ तक मैं जानता हूँ, जितने भी व्यक्ति उनके नैकटच में आए हैं, सम्भवतः सभी का यही सुखद अनुभव है।

मेरे और उनके बीच में संबंध स्थापित करानेवाले श्रद्धेय डॉ० रामप्रसादजी त्रिपाठी हैं। वे भी घोष बाबू की अभिन्न मैत्री का रसानन्द प्राप्त कर सर्वथा मुझसे सहमत हैं।

पटल बाबू की दूसरी बड़ी विशेषता जो मैंने देखी, वह थी गुण-ग्राहकता और सहृदयता। कितने ही अवसर मुझे ऐसे मिले, जिनमें उनकी ये दोनों विशेषताएँ बहुत स्पष्टतया सामने आईं। मेरे 'आलोचनादर्श' के प्रकाशित करने का प्रश्न था। बाबू श्यामसुन्दरदास का 'साहित्यालोचन' इंडियन प्रेस ने छापा था। मैंने पटल बाबू से कहा कि आपके यहाँ 'साहित्यालोचन' नामक पुस्तक है। इसे आप क्यों प्रकाशित कर रहे हैं? उन्होंने मेरी पुस्तक की पाण्डुलिपि थोड़ी-सी देखी और यह कहते हुए पुस्तक को तत्काल छापने के लिए भेज दिया कि इसे आप हमारे ही ऊपर छोड़िए। हम इसे समझ लेंगे और इस संबंध में जो आलोचनाएँ होंगी, उन्हें हम देखेंगे।

पटल बाबू में अपनी भावनाओं को नियंत्रित रखने का बहुत बड़ा गुण था। गहरे-से-गहरे क्रोध को भी, जिस समय उसका विस्फोट हो रहा हो, वे शीतल जल के घूँट के समान पी लेते थे। इसे मैंने कई बार देखा। वे भावनाओं से तो उतना नहीं, किन्तु प्रभावित होते थे अपने विवेक और अनुभवजन्य विचार से। उनका अध्ययन भले ही कुछ रहा हो, किन्तु प्रकाशन-कार्य में पूरा मनोयोग देने के कारण उनमें विविध विषयों का ऐसा सुन्दर ज्ञान था कि यह प्रतीत होता था, मानो वे उस विषय में पर्याप्त रूप से अधीत हैं।

व्रजभाषा काव्य में उनका अनुराग था और विशेष रूप में था। एक बार 'सरस्वती' का कायाकल्प करते समय मुझसे उसके संबंध में मेरी सम्मति पूछी। मैंने यह कहा कि 'सरस्वती' अभी आपकी एकांगी है, क्योंकि इसमें व्रजभाषा और उसके काव्य अथवा साहित्य का कहीं कोई स्थान नहीं। पटल बाबू ने इस आलोचना को बड़े हर्ष से स्वीकार किया और 'सरस्वती' का एक भाग व्रजभाषा के लिए निश्चित कर देने का विचार प्रकट किया; किन्तु उस भाग की देखरेख का भार मेरे ऊपर डालना चाहा, तब मैंने यह कहा कि आप किसी व्यक्ति की उन्नति किसी रूप में कर दें; किन्तु उसकी संस्कारजन्य वाणी में हेरफेर करने का आग्रह न करें। 'सरस्वती' खड़ी बोली के लिए हिन्दी संसार की एकमात्र पत्रिका रही है और इसी रूप में इसे रहना चाहिए। खड़ी बोली के गद्य और पद्य के दो विटपियों को इसने यदि पल्लवित और पुष्पित करते हुए सफल किया है, तो अब इसे उन्हीं की बराबर वृद्धि करने का प्रयास करते रहना चाहिए। दो ओर ध्यान के बट जाने और मन के लगा देने पर विशेष अच्छा कार्य नहीं होता। मुझे बड़ा हर्ष और अभिमान हुआ। इस पर उन्होंने कहा—'अच्छा। यदि 'सरस्वती' में व्रजभाषा न आयगी, तो अब प्रेस में आयगी।' इसी विचार से हमारे रसिक-मण्डल की ओर से वे स्वर्गीय रत्नाकरजी के 'उद्धव शतक' के प्रकाशक हुए। इसके उपरान्त मण्डल की दूसरी पुस्तक स्वर्गीय रामचरित उपाध्यायकृत 'व्रज सतसई' भी प्रकाशित की। व्रजभाषा काव्य का इस प्रकार इंडियन प्रेस में प्रकाशन प्रारम्भ हुआ और सम्भवतः उक्त दो ही पुस्तकें इस प्रेस द्वारा अब तक व्रजभाषा में प्रकाशित हुईं। यह उनका शील, सौजन्य और साहित्य का सच्चा अनुराग था। साथ ही साहित्योचित निष्पक्षता भी है, जिसके कारण उन्होंने द्विवेदीजी की डाली हुई व्रजभाषा-बहिष्कार की परिपाटी को तोड़ते हुए मुख पर मलिनता की रेखा नहीं आने दी।

पटल बाबू नीति-निरीक्षक और पुरुष-परीक्षक भी थे। जो व्यक्ति उनकी परीक्षा में उत्तीर्ण हुआ, उसके वे सच्चे सहायक और अभिन्न मित्र-से हो जाते थे। उनमें किसी प्रकार की ईर्ष्या, किसी प्रकार का द्वेष आदि नहीं था। प्रायः व्यापारिक दृष्टि से कोई व्यापारी अपने ही व्यापार में आनेवाले किसी नए व्यक्ति का स्वागत नहीं करता, फिर उसे सहाय्य देना तो दूर की बात है। पटल बाबू में यह बात नहीं थी। कितने ही छोटे प्रेसों को उन्होंने अपने यहाँ से कार्य देते हुए प्रोत्साहित कर आगे बढ़ाया है। इस बात का विचार वे न करते थे कि उनके ऐसा करने से उनके प्रतिद्वन्द्वी पैदा होंगे। उनकी नीति विष देकर नहीं, वरन् मधुर मधु देकर किसी को वश में करने की थी। समय पर वे

हृदय खोलकर सहायता करने के लिए तत्पर रहते थे। कहना न होगा कि हिन्दी के एक बहुत बड़े महारथी के आर्थिक-संकट-काल में मेरे केवल एक शब्द कहने पर उनकी उन्होंने तत्काल यथेष्ट आर्थिक सहायता की थी।

पटल बाबू को मैंने कभी चिन्ताग्रस्त तथा रुदनाकृति में नहीं देखा, वरन् बराबर प्रसन्नचित्त और मुसकराते हुए पाया। प्रत्युत्पन्नमतित और दूरदर्शिता उनमें असाधारण थी। विनोद-प्रियता और मनोरंजनप्रियता भी उनमें पर्याप्त थी, यद्यपि कदाचित् ही कोई समय ऐसा उनके काल-विभाजन-चक्र में रहा हो, जिसमें वे अपने व्यापारिक प्रश्नों की उलझनों में व्यस्त न रहते हों।

मेरा और उनका साथ एक बात में और था। वह है दोहरा (सुपारी, लौंग, कत्था, चूना) और सुर्ती अथवा तम्बाकू के अनुपम आस्वादन में। बंगाली होते हुए भी मुझे उनके यहाँ बंगालियों के ऐसा पान, जिसमें धनिया, सौंफ आदि भी रहती, नहीं मिला। केवल कभी बँगला बोलते समय उन्हें बंगाली कहा जा सकता था; किन्तु लगते वे हम-जैसे उत्तरप्रदेशीय-से ही। कभी-कभी सूट पहनकर वे आँग्ल देश-प्रभावित ऊपर से जान पड़ते थे; किन्तु विचार-धारा में शुद्ध भारतीय संस्कृति, धर्मनिष्ठा और सभ्यता उनमें निरन्तर निहित रहती थी।

एक बार जब महात्मा गांधी जेल से छूटकर प्रयाग पधारे थे और स्थानीय पुरुषोत्तमदास पार्क में बृहत् जनता के समक्ष वे भाषण दे रहे थे, मैं, डॉ० त्रिपाठी, रत्नाकरजी और पटल बाबू पार्क के बाहर ही खड़े थे; क्योंकि इतनी अधिक भीड़ थी कि कहीं स्थान न था। रत्नाकरजी ने महात्मा गांधी के दर्शन निकट से करने की इच्छा प्रकट की। महात्मा गांधी के निकट कुछ देवियाँ बैठी हुई थीं। घोष बाबू ने बहुत साधारण रूप में कुछ उदासीन-सा चेहरा रखते हुए कहा—'अगर रत्नाकरजी को इसी स्थान पर स्थान मिल जाए तो 'उद्धव-शतक' चरितार्थ हो जाए।' मैंने अपने मित्र स्वर्गीय पं० कृष्णकान्त मालवीय से किसी प्रकार अन्दर जाकर एतदर्थ निवेदन किया। उन्होंने रत्नाकरजी को लेजाकर ऐसी जगह पर बैठा दिया, जिसके दोनों ओर देवियों की पंक्तियाँ थीं। तब पटल बाबू ने हँसते हुए कहा—'रसालजी ने मजाक को सच्चा कर दिया; लेकिन रत्नाकरजी सुशोभित भी बहुत हैं वहाँ।' इससे स्पष्ट है कि हास्य और विनोद उन्हें कितना प्रिय था और कितनी शिष्टता तथा व्यंजकता के साथ वे इसका उपयोग करते थे।

इस प्रकार की कितनी ही घटनाएँ दृष्टि-पथ पर आती हैं। आनी ही चाहिए। मनुष्य वास्तव में एक कहानी है। कहानी के रूप में ही वह रह जाता है। पटल बाबू अब नहीं हैं; किन्तु उनकी ऐसी अनुभूत कहानियाँ उनके मित्रों, सहयोगियों और सहकारियों के मानस-पट पर चित्रांकित हैं और रहेंगी।



वह कमनीय मूर्त्ति

पं० शान्तिप्रिय द्विवेदी

इण्डियन प्रेस हिन्दी की सेवा के लिए हमारे साहित्य में ऐतिहासिक महत्त्व रखता है। वर्त्तमान हिन्दी-साहित्य के अभ्युत्थान में 'सरस्वती' का महत्त्व तो स्पष्ट है ही, इसके अतिरिक्त धार्मिक और साहित्यिक पुस्तकों का प्रकाशन भी कम महत्त्वपूर्ण नहीं है। वयस्कों ने 'सरस्वती' तथा उच्चकोटि की पुस्तकों से साहित्य का ज्ञान प्राप्त किया, बालकों ने 'बालसखा' तथा बालोपयोगी पुस्तकों से हिन्दी का सुबोध संस्कार पाया। इस तरह हिन्दी के रिक्त भण्डार को भरने में इण्डियन प्रेस ने भरपूर प्रयास किया है।

जिस युग में अँगरेजी का बोलबाला था, हिन्दी में लिखना-बोलना सम्मानजनक नहीं समझा जाता था, उस युग में भी इण्डियन प्रेस हिन्दी-साहित्य की श्रीवृद्धि में संलग्न रहा। अहिन्दी भाषी प्रकाशक होकर भी उसने हिन्दी को शिरोधार्य किया, मानो कोई बंगीय तीर्थयात्री तीर्थराज प्रयाग में आकर यहीं की गंगा (राष्ट्रभाषा हिन्दी) का पुजारी हो गया।

बंगाल अपनी कलात्मक सुरुचि के लिए प्रसिद्ध है। इस सुरुचि का परिचय इण्डियन प्रेस के मुद्रण में मिला। उसकी स्वच्छ, सुन्दर, शुद्ध छपाई प्रकाशन-क्षेत्र में सदैव एक आदर्श रही है।

स्वर्गीय पटल बाबू इसी इण्डियन प्रेस के प्रतिभाशाली उत्तराधिकारी थे। उनसे मेरा परिचय 'कवि और काव्य' के लेखन-काल (सन् १९३६) में हुआ। तब मैं बिलकुल नया-नया लेखक था। इण्डियन प्रेस के मुद्रण से आकर्षित होकर अपनी पुस्तक वहीं से प्रकाशित कराने के लिए लालायित था। मेरी पुस्तक प्रकाशित हो गई। उसका अच्छा स्वागत हुआ। उसके बाद वहाँ से मेरी अन्य पुस्तकें भी प्रकाशित हुईं। आज मैं कृतज्ञ हूँ कि उन पुस्तकों से नवयुवक साहित्य-प्रेमियों की कुछ सेवा हो सकी और मुझे उनका स्नेह-सम्बन्ध मिला। इण्डियन प्रेस मेरे लिए शुभ हो गया।

पुस्तकों के प्रकाशन-सम्बन्धी प्रसंगों में पटल बाबू से मेरी भेंट प्रायः होती रहती थी। उनसे मिलते समय लेखक और प्रकाशक का व्यवधान नहीं रहता था। पटल बाबू ऐसे मिलते थे, जैसे एक सामाजिक मनुष्य दूसरे सामाजिक मनुष्य से मिलता है। वे दूसरों के सुख-दुख को ऐसी संवेदनशील आत्मीयता से सुनते-गुनते थे, जैसे कोई पारिवारिक अभिभावक अपने गृह-प्राणियों के सुख-दुख का अनुभव करता है और यथासम्भव कठिनाइयों को दूर करने का प्रयत्न करता है। उनके जैसा मधुर व्यवहार मुझे किसी अन्य प्रकाशक से नहीं मिला।

अपने कार्य्य-क्षेत्र में वे केवल कार्य्याध्यक्ष मात्र नहीं थे। गीता के 'योगः कर्म्मसु कौशलम्' के वे सजीव उदाहरण थे। प्रत्येक कार्य्य में उनकी कला-कुशलता की छाप लग जाती थी। मेरी सद्यः प्रकाशित पुस्तक 'परिव्राजक की प्रजा' के सांस्कृतिक वातावरण के अनुरूप आवरण-पृष्ठ का कवर-डिजाइन उन्होंने ही अपनी सुरुचि से बनवाया था। सबसे ऊपर अन्न की बाली है, बीच में अशोकचक्र (धर्म्मचक्र), अन्त में शुभ्र

शंख। यह चित्र अन्न (शरीर), आत्मा और वाणी का प्रतीक है। पुस्तक के नाम का लाइन-ब्लाक जिस गैरिक वर्ण पर दुग्धोज्ज्वल निर्झर की तरह शोभायमान है, उस वर्ण की साधना अन्न, आत्मा और वाणी के सहयोग से ही सफल हो सकती है। यही पटल बाबू का जीवन-संकेत है।

वे जीवन की सगुण साधना के कर्म्मनिष्ठ कलाविद् थे। कृषक की तरह कर्म्मठ और कृष्ण की तरह प्रसन्न-चित्त थे। कार्य्य से भारा-क्रान्त और शरीर से अस्वस्थ रहते हुए भी उनके मुख पर एक सौम्य स्निग्धता थी, ओठों पर हृदय की सहज हँसी। उनकी वह कमनीय मूर्त्ति अब स्वर्गीय हो गई है। परमात्मा उन्हें अपने नन्दन वन के कुसुमों की तरह ही प्यार करते होंगे।

तेजस्वी पटल बाबू

श्री लक्ष्मीप्रसाद गुप्त, उप-शिक्षा-संचालक (प्रथम), उत्तरप्रदेश

आज से प्रायः १३, १४ वर्ष पूर्व स्वर्गीय हरिकेशव घोष से मेरा प्रारम्भिक परिचय डॉ० इबादुर्रहमान खाँ के साथ प्रयाग में ही हुआ था। उनकी अपूर्व प्रतिभा तथा तेजस्विता प्रथम साक्षात्कार ही में किसी के हृदय को प्रभावित करने में पूर्ण समर्थ थी। उनकी व्यवहार-कुशलता तथा व्यावसायिक दक्षता किसी भी परिचित एवं अपरिचित व्यक्ति को निराश करना न जानती थी।

पाश्चात्य जगत् का भ्रमण कर उन्होंने अपनी ईश्वर-प्रदत्त व्यावसायिक पटुता को इतना सम्पन्न कर लिया था कि अपने पिता स्वर्गीय चिन्तामणि घोष से उत्तराधिकार-स्वरूप प्राप्त मुद्रणालय को आधुनिकतम यन्त्रों से सुसज्जित कर उसे अल्पकाल में ही परमोन्नत स्वरूप प्रदान कर दिया।

जहाँ तक मुझे ज्ञात है, पटल बाबू निरन्तर अथक परिश्रम से विविध कार्यों में तल्लीन रहते थे; परन्तु इतना अधिक कार्यव्यस्त रहने पर भी वे यदाकदा अपने मित्रों से मिलने का अवकाश निकाल ही लेते थे। जब कभी भी वे मेरे सम्पर्क में आये, मैंने उन्हें बातें कम, परन्तु कार्य अधिक करते हुए पाया। वे गम्भीर से गम्भीर विषयों में भी संक्षिप्त बातें कर उनकी गुत्थियों को सहज ही में सुलझा लेने की अद्भुत क्षमता रखते थे।

उनका हृदय अत्यधिक दयालु तथा उदार था। वे यथाशक्ति किसी को निराश न करते थे तथा यथासम्भव याचक के अनुरूप कोई न कोई कार्य निकालकर उसके उदर-पोषण का मार्ग प्रशस्त कर देते थे। इतना ही नहीं, अनेक दीन छात्रों को छात्रवृत्तियाँ भी प्रदान किया करते थे।

यद्यपि वे पिछले कुछ वर्षों से भयानक रूप से रोगग्रस्त भी हो गए थे तथा डाक्टरों ने उन्हें अधिक कार्य करने से रोक भी दिया था; परन्तु उन जैसे कर्मठ व्यक्ति के लिए शान्त बैठे रहना सम्भव न था। वे अपने स्वास्थ्य की बिना कुछ चिन्ता किए, निरन्तर अदम्य उत्साह तथा साहस के साथ अपना कार्य-संचालन करते रहे। फलतः कराल काल ने समय से पूर्व ही उन्हें अपना ग्रास बना लिया।

स्वर्गीय आत्मीय

श्री कालिदास कपूर, एम० ए०, एल० टी०

'सरस्वती' द्वारा इंडियन प्रेस से मेरा परिचय सन् १९०१ के लगभग हुआ, जब ९ वर्ष की अवस्था तक पहुँचते-पहुँचते मेरा हिंदी ज्ञान इतना हो गया था कि इस पत्रिका में प्रकाशित कहानियाँ और लेख मैं बहुत चाव से पढ़ने लगा था। उस समय मुझे क्या पता था कि 'सरस्वती' और उसके पुजारी आचार्य द्विवेदीजी के आशीर्वाद से मैं हिंदी का एक लेखक हो जाऊँगा, हिंदी भारत में अँगरेजी की जगह ले लेगी और इंडियन प्रेस के प्राण पटल बाबू मेरे आत्मीय हो जायँगे।

'सरस्वती' के लिए लिखना तो मैंने सन् १९१८ से ही प्रारंभ कर दिया था, परन्तु पटल बाबू से मेरा परिचय दस वर्ष बाद हुआ। उस समय तक मैं प्रांतीय शिक्षाबोर्ड का सदस्य हो गया था और कुछ समय तक पाठ्य पुस्तकों की जाँच के बाद अब स्वयं पाठ्य पुस्तक-निर्माण में लग चुका था।

इसी समय के लगभग अन्य प्रकाशकों से भी मेरा परिचय हुआ। विदेशी प्रकाशकों से भी संपर्क हुआ। जो खूबी मैंने विदेशी प्रकाशकों और उनके प्रतिनिधियों में पाई, वह—और उससे बढ़ी हुई पटल बाबू में पाई। विदेशी प्रकाशक प्रकाशन का स्तर उन्नत करने के लिए प्रयत्नशील रहते हैं, लेखकों की कदर करते हैं। उनके साथ मौखिक सद्व्यवहार ही नहीं करते, रायल्टी अथवा पारिश्रमिक के संबंध में भी उनसे सच्चाई बरतते हैं। इन प्रकाशकों के विदेशी होते हुए भी भारत में इनकी कदर है और अँगरेजी के अधिकांश भारतीय लेखकों ने पहले इन्हीं को अपनाया है।

विदेशी प्रकाशकों की सबसे बड़ी कमजोरी यह है कि वे विदेशी हैं। अँगरेजी के वे अधिकारी अवश्य हैं, परन्तु हिंदी से वे अपरिचित हैं। हिंदी की सेवा के लिए न उनमें उमंग है, न उनके पास उसके लिए पर्याप्त साधन ही हैं।

स्वर्गीय चिंतामणि घोष इंडियन प्रेस के संस्थापक थे। उनकी मातृभाषा हिंदी नहीं थी; परन्तु वह भारतीय थे, हिंदी के भविष्य का आभास उन्हें उसी समय मिल चुका था, जब हिंदी के केंद्र उत्तरप्रदेश में उर्दू का बोलबाला था। उन्होंने विदेशी प्रकाशकों की नीति अपनाई—आज की राष्ट्रभाषा हिंदी की सेवा के लिए।

चिंतामणिजी ने अपनी लगन से, अपने व्यवहार-कौशल से, हिंदी-सेवा द्वारा व्यावसायिक सफलता प्रत्यक्ष कर दी। वह सफल व्यावसायिक ही न थे, कई पुत्र-पुत्रियों के पुण्यात्मा पिता भी थे। दुर्भाग्यवश उनके ज्येष्ठ पुत्र हरिपद घोष उनके सामने ही स्वर्गगामी हुए; परन्तु उनके निधन के पश्चात् चिंतामणिजी के जीवनकाल में ही पटल बाबू ने जिस योग्यता से प्रेस का कार्य-भार सँभाल लिया, उससे उनके वयोवृद्ध पितृदेव बहुत कुछ अपना पुत्र-शोक भूल से गए; और सन् १९२८ में उनके निधन के पश्चात् घोष और प्रेस-परिवार के कुलपतित्व का जिस प्रकार उन्होंने निर्वाह किया, उससे उन्होंने अपने प्रातःस्मरणीय पिता की कीर्त्ति में चार चाँद लगा दिए।

पटल बाबू से जब मेरा संपर्क हुआ, उस समय वह पूर्णतया स्वस्थ थे। पाठ्य पुस्तक

के प्रकाशन की बात तो मैं उनसे कर ही नहीं सकता था, क्योंकि मैं इतिहास और हिंदी में पाठ्य पुस्तकें लिख सकता था; परन्तु वहाँ अन्य और मुझसे अधिक अनुभवी शिक्षक, लेखक अथवा संपादक की जगह घेरे हुए थे। अतएव मैंने 'सरस्वती' और अन्य पत्रिकाओं में प्रकाशित साहित्यिक और शिक्षकोपयोगी लेख छाँटे और उनके पुस्तकाकार प्रकाशन की बात उनसे छेड़ी। पटल बाबू ने सहर्ष स्वीकृति दे दी। 'साहित्य-समीक्षा' से मुझे कुछ मिला, प्रकाशन-संस्था को भी लाभ हुआ होगा। परन्तु शिक्षक बंधु पढ़ाते हैं, पढ़ते नहीं। अतएव 'शिक्षा-समीक्षा' शीर्षक से प्रकाशित अधिकांश प्रतियाँ भेंट में ही बँटी होंगी। उनसे पटल बाबू को हानि ही हुई होगी। परन्तु उन्होंने मुझसे इसकी शिकायत कभी नहीं की। इधर 'साहित्य-समीक्षा' और 'शिक्षा-समीक्षा' की जो प्रतियाँ बच रही थीं, वे सब उन्होंने मुझे भेंट कर दीं। अब मैं उन्हें अपने मित्रों को भेंट-स्वरूप बाँटा करता हूँ।

सन् १९३१ में शिक्षाबोर्ड की हिंदी-समिति के संयोजक होने पर मुझसे इंडियन प्रेस की कोई सेवा नहीं बन पड़ी, उलटे हाईस्कूल पाठ्य पुस्तक के संबंध में इंडियन प्रेस का एकाधिकार ही समाप्त हुआ। परन्तु पटल बाबू की मुझ पर कृपा बनी रही। जब मैंने उनसे १९३५ के निकट एक प्रामाणिक ऐतिहासिक मानचित्रावली प्रकाशित करने का प्रस्ताव किया, तो उन्होंने मेरा प्रस्ताव सहर्ष स्वीकृत कर लिया और उसे सर्वांग सुन्दर रूप में प्रकाशित करने का वचन दिया।

सन् १९३७ के ग्रीष्मावकाश में एक पक्ष तक मैं पटल बाबू का मेहमान रहा। जल-पान, रसोई और ब्यालू के अवसर पर वे अनेक झंझटों में व्यस्त रहते हुए भी मुझसे बात करने का समय निकाल लेते। उस समय तक मधुमेह उन्हें घेर चुका था और अपने संयम से वह उसका सामना कर रहे थे। प्राकृतिक जीवन के भक्त की हैसियत से मैंने उन्हें कई सुझाव दिए और यथासंभव उन्होंने उन पर प्रयोग भी किए; परन्तु रोग से वह पूर्णतया मुक्त न हो सके।

पटल बाबू के निकट रहकर मैं उनके व्यक्तित्व से इस प्रकार प्रभावित हुआ कि वह मेरे आत्मीय-से हो गए। उन्हें स्वस्थ देखता, तो मैं प्रसन्न होता; उनके रुग्ण होने की खबर मिलती, तो मैं चिंतित हो जाता।

दस-ग्यारह वर्ष तक मुझे ऐतिहासिक मान चित्रावली पर अथक परिश्रम करना पड़ा और इस मान चित्रावली को सुन्दर और सही बनाकर प्रकाशित करने के लिए पटल बाबू को कई बार मुनासिब खर्च के अतिरिक्त हानि के रूप में गैरमुनासिब खर्च भी उठाना पड़ा। इस कारण मैं व्यथित हो जाता था; परन्तु उनकी सहज सुन्दर मुसकराहट में मुझे कभी फर्क नहीं दिखाई दिया। मानचित्रावली को सर्वांग सुन्दर बनाने के उद्योग में उन्होंने खर्च की कोई शिकायत नहीं की।

एक ओर पटल बाबू मधुमेह का सामना करते हुए प्रेस का विस्तार करते रहे, नए-नए यंत्रों से उसे सजाते रहे, प्रयाग और कलकत्ते से प्रकाशन का क्षेत्र बढ़ाते रहे और यों भारतवर्ष में हिंदी के प्रमुख सेवी हुए। दूसरी ओर शासन से हिंदी की मान्यता बढ़नी प्रारंभ हुई। पहले यह हिंदी भाषी प्रांतों में मान्य हुई, फिर देश के स्वतंत्र होने पर उसे राष्ट्रीय पद मिला। तीसरी ओर पुराना हिंदी-सेवी होते हुए मैं हिंदी सेवा को अपना पूरा समय देने के लिए उत्सुक हुआ

और सन् १९५१ तक मैं वैतनिक सेवा से मुक्त होकर अपने व्रत के निर्वाह के लिए प्रस्तुत हुआ।

इंडियन प्रेस के संचालक की हैसियत से पटल बाबू हिंदी के सर्वोच्च प्रकाशक थे। हिंदी के राष्ट्रीय पद प्राप्त करने पर मुझे हिंदी का भविष्य उज्ज्वल दिखाई दिया। अब तो मेरा पटल बाबू से सन्निकट होना स्वाभाविक था। परन्तु हिंदी का दुर्भाग्य और मेरा भी! जितना मैं उनके निकट पहुँचने के प्रयत्न में लगा, उतने ही वह मुझसे दूर जाते दिखाई देने लगे। मार्च १९५२ में मैं प्रयाग ही में था, जब हम सबने अश्रुसिंचित नेत्रों से रुग्ण पटल बाबू को कलकत्ते के लिए चिकित्सार्थ रेल पर सवार होते देखा।

मेरे क्षणिक सौभाग्य से पटल बाबू ने यथेष्ट स्वास्थ्य-लाभ कर लिया। जनवरी १९५१ की 'सरस्वती' में मैंने 'पंद्रह वर्ष की अवधि में हिंदी सेवियों का दायित्व' शीर्षक लेख प्रकाशित कराया था। फिर राजर्षि टंडन की आज्ञा से उसी विषय पर संक्षेप से फरवरी १९५२ की 'सरस्वती' में 'सक्रिय सेवा की रूपरेखा' शीर्षक लेख प्रकाशित कराया और मेरी प्रार्थना पर पटल बाबू ने मुझे उसकी ५०० प्रतिलिपियाँ भी दे दीं। रूपरेखा में प्रकाशित योजना की पूर्त्ति 'सरस्वती' के एक विशेषांक द्वारा ही हो सकती थी। पटल बाबू के स्वस्थ होने पर जब मैं उनसे मिला, तो विशेषांक की अनुमति उन्होंने मुझे सहर्ष दे दी। वैतनिक सेवा से मुक्त होकर मैंने 'मुदर्रिस की रामकहानी' भी पूरी कर ली थी। यह रामकहानी शिक्षकों के ही मतलब की हो सकती थी। 'शिक्षा-समीक्षा' का अनुभव पटल बाबू के सामने था। परन्तु उन्होंने रामकहानी के प्रकाशन की स्वीकृति भी मुझे दे दी। रामकहानी के छपने की आज्ञा देकर उन्होंने मेरे प्रति जिस आत्मीयता का प्रदर्शन किया, उसका सुख भोगना मेरे भाग्य में नहीं था, क्योंकि शीघ्र ही फिर पटल बाबू पर मधुमेह के जिस उपद्रव का आक्रमण हुआ, वह उन्हें हमसे छीनकर ही शांत हो सका।

चिंतामणिजी और उनके सुपुत्र हरिकेशव पुण्यात्मा पुरुष थे। पुण्यात्मा पुरुषों के पुण्य उनके जीवनकाल के पश्चात् भी फूलते-फलते रहते हैं। ईश्वर से प्रार्थना है कि पिता-पुत्र के पुण्य घोष-परिवार की रक्षा करते रहें। उसके सदस्य संगठित रहें, स्वस्थ रहें, दीर्घजीवी हों, राष्ट्रभाषा हिंदी की सेवा में सफल हों और हिंदी सेवियों का निरंतर बढ़ता परिवार घोष-परिवार की सफलता में सम्मिलित होता रहे।

है महा कठिन, है महा सरल

श्री गुरुभक्तसिंह 'भक्त'

मैं जान सकूं निजको तुमको, है महा कठिन, है महा सरल।

मिट्टी को दे वरदान, चाक चढ़वाकर, चक्कर में डाला,
फिर रुचि अनुकूल विविध कर्मों के साँचे में उसको ढाला।
कुछ सूत्र संचलित पुतलों से, करवाया नृत्य, रच रँगशाला,
कुछ पात्रों को दे स्नेहदान, निज ज्योति जगाकर दी ज्वाला।
कुछ मैं ही क्या, उस निर्विकार की भी इच्छा ने किया विकल।

मैं अपना अभिनय करता हूँ, जो रूप भरा वैसा ही बन,
दुनिया का पानी चढ़ न सका, हँसता रहता है सरसिज-मन।
कहने को तो मैं हूँ स्वतंत्र पर गतिरोधक है आकर्षण,
नभ पर चंदा, मैं पृथ्वी पर, बरबस लहरा उठता जीवन।
मैं इस सुंदर रहस्य का खोल न पाया हूँ, घूंघट अंचल।

मेरा चल जीवन बाँध दिया, उन अचल शुष्क पाषाणों में,
उस निष्ठुरता को तो देखो, व्याकुलता दे दी प्राणों में।
पत्थर को तोड़ बहा जीवन, लड़ता गाता चट्टानों में,
फिर टेढ़ी-मेढ़ी राह छोड़, कूदा नभ से मैदानों में।
पग ठमक गये पाकर दुकूलिनी सरस रसा का मृदु समतल।

एकाकीपन से वह ऊबा, रच दी सहचरी रुचिर माया,
चेतनता ने तब करवट ली, मानस कूलों से टकराया।
अपने ही रचे खिलौनों पर निर्माता ऐसा ललचाया,
अमरत्व त्यागकर मानव बन, उनसे खेलने चला आया।
यों जीव ब्रह्म, यों ब्रह्म जीव,
लय हो जाते ज्यों लहरी जल।
मैं जान सकूं निज को तुमको,
है महा कठिन, है महा सरल।

जीवन के ये पच्चीस वर्ष

श्री रामानुजलाल श्रीवास्तव

पूज्य श्री हरिकेशवजी घोष की छत्रच्छाया में जीवन के पिछले पच्चीस वर्ष व्यतीत हो चुके हैं। आज वे हमारे बीच में नहीं हैं। पचपन वर्ष की अवस्था में यह जीर्ण-शीर्ण शरीर और कितने दिनों का साथी रह गया है, यह मैं भी नहीं कह सकता। मार्च, सन् १९२८ में बहते-बहते मेरी नाव को वह घाट मिला था, जिसने अनेक आँधी-तूफानों के बीच अभी १७ मार्च, १९५३ तक निष्कंटक आश्रय दिया और जिसे हम स्नेह और आदरवश 'पटल बाबू' कहना सीख गए थे। आज पटल बाबू नहीं हैं, पर उनके यश और कीर्त्ति का स्तम्भ सदैव गगनचुम्बी रहेगा और आनेवाली पीढ़ियों को सतत सत्प्रेरणा देता रहेगा।

सन् १९२७ में, अस्वस्थ रहने के कारण, श्रीमान् कोरिया नरेश के व्यक्तिगत सचिव का पद छोड़कर मैं प्रयाग इलाज कराने गया था। पूज्य पदुमलालजी बख्शी, जो हमेशा से मेरे अग्रज और गुरु के समान हैं, लगभग सन् १९२१ से ही 'सरस्वती' का सम्पादन करते हुए, प्रयाग-निवासी हो रहे थे। मैं प्रयाग में बहुत कम लोगों को जानता था। इसलिए उठने-बैठने का प्रमुख ठौर-ठिकाना बख्शीजी का घर तथा इंडियन प्रेस-स्थित उनका दफ्तर ही था।

स्वास्थ्य ठीक हुआ तो भविष्य की चिन्ता हुई। बख्शीजी के साथ 'प्रेमा पुस्तक-माला' निकालने की एक योजना बनाई। पहले भी 'सरस्वती' में मेरी कुछ तुकबंदियाँ निकल चुकी थीं। अब हिन्दी-अँगरेजी लिखा-पढ़ी को और एड़ लगाने का प्रयत्न करने लगा। इसी बीच एक दिन बख्शीजी ने कहा कि इंडियन प्रेस लि० भिन्न-भिन्न प्रान्तों में अपनी शाखाएँ स्थापित करना चाहता है। क्यों न मैं अपने प्रान्त मध्यप्रदेश के लिए प्रयत्न करूँ।

घर जाकर अपने जामाता डाक्टर प्यारेलाल श्रीवास्तव से चर्चा की। उन्होंने कहा कि वे श्रीमान् हरिकेशव घोष को जानते हैं और उनसे मेरी मुलाकात करा सकते हैं। इस प्रकार हम दोनों उनके सम्मुख उपस्थित हुए। पिछले दस वर्षों से मैं जीविका उपार्जन करता आ रहा था। जीविका के लिए अनेक महानुभावों के सम्मुख जा चुका था। निजी सचिव का कार्य करते समय बड़े-बड़े दर्बारों और अफसरों के सम्पर्क में आ चुका था। स्वभाव से भी मैं बख्शीजी के समान संकोची या 'शाई' नहीं हूँ। परन्तु पटल बाबू से पहली ही भेंट में मुझे जान पड़ा कि इनसे बहुत समझ-बूझकर बात करनी चाहिए। साधारण-से-साधारण बात से भी मनुष्य को परख लेने का सामर्थ्य इनमें है।

उन्होंने मुझसे यथोचित पूछ-ताछ की और शर्त आदि के संबंध में बातचीत करने के लिए एक तिथि और समय नियत किया और अपनी डायरी में नोट भी कर लिया। उनका नोट करना मेरे लिए समय की पाबंदी की ताकीद हो गई। मैंने भी नोट किया कि यहाँ दर्बारी नहीं चलेगी और कम-से-कम उनके सम्पर्क में इस नियम की अवहेलना कभी नहीं की।

नियत तिथि को नियत समय पर सब शर्तों के सम्बन्ध में बातचीत हुई और बातें तय होने पर मुझे आज्ञा मिली कि मैं शर्तनामा तैयार

कर दूँ। यों तो कार्यकर्त्ता आदि उन्हें घेरे ही रहते हैं; परन्तु उस दिन दैवयोग से कुछ देर कोई नहीं आये। वे अपना कार्य करते रहे और मैंने भी थोड़ी देर में शर्तनामा प्रस्तुत कर दिया। पढ़कर वे बोले—"आप ग्रेजुएट हैं क्या?"

मैंने कहा—"शिक्षा तो मुझे इंटरमीजिएट तक ही मिली है।"

उन्होंने कहा—"अँगरेजी बहुत साफ-सुथरी है।"

मैंने बतलाया कि जिस अँगरेजी लिमिटेड कम्पनी में मैंने कटनी (म० प्र०) में पाँच वर्ष कार्य किया था, उसके अध्यक्ष अँगरेजी साहित्यकार और पत्रकार भी थे और मैंने भी उनके सम्पर्क में कुछ अँगरेजी लिखने का अभ्यास किया था।

वे बोले—"किन्तु यह तो कानूनी भाषा है।"

मैंने कहा—"प्राइवेट सेक्रेटरी होते हुए मुझे बीच-बीच में ट्रेजरी अफसर, जेल सुपरिण्टेण्डेण्ट आदि का कार्य भी करना पड़ा है। इसलिए थोड़ा-बहुत कानून भी मैंने देखा है।"

दूसरे दिन से मैं इंडियन प्रेस लि० की उस व्यवस्था में दीक्षित होने लगा, जिसका प्रारम्भ पूज्यास्पद श्रीमान् चिन्तामणि घोष ने किया था और जिसका परिमार्जन पूज्य पटल बाबू और उनके भाई लगातार करते आ रहे हैं।

घोष-बन्धु रचनात्मक प्रगति पर विश्वास करते हैं और पटल बाबू रचनात्मक प्रगति के प्राण थे। वे यह मानते थे कि बिना व्यवस्था के निर्माण नहीं हो सकता। इसलिए उन्होंने ऐसी व्यवस्था की थी कि भिन्न-भिन्न स्थानों में भिन्न-भिन्न धन्धे करते हुए भी उनकी नजर, दिन-प्रति-दिन के कारबार पर, अपनी कुर्सी पर बैठे-बैठे, बराबर पड़ती रहती थी। जहाँ-कहीं ढील दीख पड़ती कि फटकार की चिट्ठियाँ चलने लगतीं और जहाँ कार्य अच्छा जान पड़ता, वहाँ सराहना की।

निर्माण ही पटल बाबू के लिए चरम सुख था। अपने ३३ वर्ष के कार्यकाल में उन्होंने कितना निर्माण किया और कैसी-कैसी व्यवस्थाएँ कीं, यह बतलाने के लिए तो एक समूची पुस्तक लिखनी होगी—एक साधारण लेख बिलकुल अपर्याप्त ठहरेगा। इस लेख का उद्देश्य तो संस्मरण-मात्र है; परन्तु यह एक निश्चित सत्य है कि निर्माण से उन्हें सुख होता था और यदि अप्रत्याशित कारणों से उन्हें किसी कार्य में विफलता होती थी, तो उन्हें दुख नहीं होता था। उनका अपना जीवन तो एक साधारण मातहत के जीवन से भी अधिक सादा था।

उत्साहवर्धन

मेरे लिए प्रकाशन और वितरण का काम बिलकुल नया था। दिमाग में हुकूमत की बू-बास भरी हुई थी। स्वयं नहीं जानता था कि भविष्य क्या होगा। परन्तु प्रथम छः मास में ही व्यक्तिगत और पत्रगत आदेश देकर उन्होंने मुझे राह पर लगा दिया और छमाही रिपोर्ट प्राप्त होते ही सराहना का पत्र भेजा। इससे मुझमें आत्म-विश्वास उत्पन्न हुआ। उनका नियम यह था कि काम बिगड़ने पर चाहे फटकार की चिट्ठी लिखना भूल जायँ, पर सुधरने पर सराहना का पत्र अवश्य भेजते थे।

सन् १९३० में प्रयाग में सब शाखाओं के प्रबंधकों की एक सभा की गई। यह वास्तव में एक अध्ययन कोर्स के समान था। प्रत्येक विभाग के संचालन के संबंध में उन्होंने उपदेश-आदेश दिए। व्याख्यान देते तो कभी सुना नहीं; परन्तु वार्त्तालाप अत्यन्त प्रभावपूर्ण होता था।

मर्म यह होता था कि एक लक्ष्य बना लो और आत्मविश्वासपूर्वक उसकी ओर बढ़ो।

विक्रय के संबंध में कहा--"मैं एक पुस्तिका तुम लोगों को भेजूंगा, जिसमें सब पुस्तकों के नाम-दाम आदि हमेशा तुम्हारे सामने रहेंगे।"

मैंने कहा--"मुझे तो सब याद हैं। जो पुस्तकें मेरी समझ के भीतर हैं, उन्हें मैं पढ़ भी लेता हूँ; जिससे ग्राहक से अधिकारपूर्वक बात कर सकूँ।"

मेरी परीक्षा ली, फिर हँसकर बोले--"अभी तुम स्वयं बिल आदि बनाते हो, इसलिए नाम-दाम याद हैं। आगे जब मातहत यह काम करेंगे और प्रकाशन भी और बढ़ेगा, तब सब याद नहीं रहेगा। पढ़ लेते हो, यह बहुत अच्छा करते हो। मातहतों को भी पढ़ने के लिए उत्साहित करो। हमारा काम ही ऐसा है कि हमारे साधारण-से-साधारण कर्मचारी को सुपठित होना चाहिए।"

दोनों बातें सच थीं। बाद में नाम-दाम भूलने लगे और काम ऐसा है कि हमारे चपरासी, पैकर आदि सब अपने आप साक्षर हो जाते हैं।

ये प्रारम्भिक अनुभव उनके अन्त काल तक सभी कार्यकर्त्ताओं को प्राप्त होते रहे। जब भी कोई नई योजना प्रारंभ करते, सब शाखाओं को तत्संबंधी पूरा ब्योरा भेजते और लगातार उत्साहित करते रहते।

शाखाएँ यदि कोई नई योजनाएँ बनातीं, तो उन्हें सहयोग और स्फूर्ति देते रहते। मैंने लगभग पौने तीन वर्ष तक 'प्रेमा' मासिक पत्रिका निकाली। उसमें उन्होंने पूर्ण सहयोग दिया और अंत में जब पत्रिका नहीं चल पाई, तब बहुत-सा रुपया छोड़ भी दिया।

सन् १९२९ में जब श्रीमान् बाबू गोविन्ददास और पं० द्वारकाप्रसाद मिश्र ने जबलपुर से दैनिक 'लोकमत' प्रारम्भ किया, तब मुझसे यह सहयोग चाहा कि इंडियन प्रेस लि०, यहाँ उनके लिए ब्लाक बनाने का प्रबंध करे और जब तक वह विभाग नहीं खुल जाता, तब तक प्रयाग से ब्लाक बनाकर भेजे। मिश्रजी और मैं प्रयाग में पटल बाबू से मिले। उन्होंने योजना का स्वागत किया और पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया। ब्लाक प्रयाग से आने लगे और मशीनों के लिए आर्डर जर्मनी भेज दिया गया। दुर्भाग्यवश 'लोकमत' ब्रिटिश राजनीति का शिकार हो गया और ब्लाक बनाने की १९२९-३० में जो योजना थी, वह अब लगभग ५०-५१ में 'जयहिन्द' दैनिक, जबलपुर द्वारा सम्पन्न हो सकी। 'लोकमत' के साथ भी ब्लाकों के संबंध में बहुत-सी रियायत की।

सन् १९४२ में पं० द्वारकाप्रसादजी मिश्र ने और मैंने साप्ताहिक 'सारथी' प्रकाशित करना चाहा। मैंने पटल बाबू से अनुमति माँगी, जो उन्होंने सहर्ष दे दी। मैंने यह भी कहा कि पत्र में शासन की तीव्र आलोचना होगी, मुझे जेल भी जाना पड़ सकता है। उन्होंने कहा--"देश की स्वतंत्रता और साहित्य की उन्नति के लिए जेल जाने में कोई हर्ज नहीं है। हमारी ओर से तुम्हारे लड़के को यथावत् आश्रय मिलता रहेगा।"

छः महीने में ही 'सारथी' अगस्त-आन्दोलन का शिकार हुआ और जेल की नौबत आ पहुँची; परन्तु स्वर्गीया सुभद्राकुमारीजी चौहान के अनुरोध से मैं उन भाइयों की सेवा करने के लिए बाहर रह गया, जो जेल जाकर देश की सेवा कर रहे थे और उस सेवा में भी इंडियन प्रेस पूरा सहयोग देता रहा।

इस प्रकार वे स्वयं तो रचनात्मक थे ही, सर्वत्र वे रचनात्मकता का स्वागत करते और उत्साह प्रदान करते थे।

विद्वानों का आदर

पटल बाबू विद्वानों का बहुत आदर करते थे। दो-चार विद्वान् इंडियन प्रेस में रोज पधारते हैं। उनका आगत-स्वागत पटल बाबू अत्यन्त विनम्र और विनीत भाव से करते थे। इंडियन प्रेस में भी अनेक विद्वान् कर्मचारी रह चुके हैं और हैं। पटल बाबू स्वभाव से ही विनम्र थे। साधारणतया उनके मुख पर एक बाल-सुलभ मुसकान खेला करती थी। कार्याधिक्य से कभी चिड़चिड़ाते भी थे, तो उसका कोई स्थायित्व नहीं था—क्षण-दो-क्षण के लिए। परन्तु विद्वानों के सम्मुख, चाहे घर का हो या बाहर का, वे अत्यन्त विनीत और विनम्र रहते थे। उर्दू के चोटी के शायर' स्वर्गीय 'असगर' गोंडवी एक अर्से तक हमारे यहाँ काम करते थे। पटल बाबू दफ्तर में भी खड़े होकर उनका स्वागत करते थे।

स्वर्गीय पं० रामदयाल तिवारी मध्य-प्रदेश के प्रसिद्ध विद्वानों में माने जाते थे। उनकी पुस्तक 'गान्धी-मीमांसा' हमने प्रकाशित की। इस सिलसिले में वे मेरे साथ प्रयाग गये। आदर-पूर्वक कोठी में ठहराए गए। पटल बाबू ने भेंट की और घंटे-डेढ़ घंटे दोनों में वार्त्तालाप होता रहा। विषय राजनीति और अर्थशास्त्र था। बाद में तिवारीजी ने मुझसे कहा कि मैं तो उन्हें एकमात्र व्यवसायी समझता था, परन्तु वे एक गंभीर विचारक और विद्वान् भी हैं।

यही अंतिम समीक्षा है। वे परिश्रमी थे, इसलिए परिश्रमी की कद्र करते थे; विद्वान् थे, इसलिए विद्वानों का आदर करते थे।

सेवा-भाव

जैसा कि १७-४-५३ की मैनेजरों की सभा में श्रीमान् हरिभूषणजी घोष ने कहा, पटल बाबू के लिए कर्मण्यता ही प्रेम था और प्रेम ही कर्मण्यता थी। इतना ऊँचा आदर्श उसी का हो सकता है, जो सेवा के महत्त्व को समझे। शिक्षा और साहित्य की सेवा के लिए पटल बाबू कितना त्याग कर सकते थे, यह बाह्याडंबर देखकर नहीं समझा जा सकता। इसके लिए पर्दे के भीतर भी एक नजर डालनी पड़ेगी।

'गान्धी-मीमांसा' की प्रतियाँ अब तक नहीं बिक सकीं। भारत में, कम-से-कम हिन्दी में, कब वैसे लेखक होंगे, जिनकी पुस्तकों की हजारों प्रतियाँ, एक साल में बिकें या कब वैसे प्रकाशक या पाठक होंगे, यह तो भगवान् ही जानें; परन्तु यथार्थ स्थिति तो स्वयं लेखक, प्रकाशक और पाठक होने के नाते, कुछ-कुछ मैं भी जानता हूँ। नब्बे प्रतिशत साहित्यिक व उच्च कोटि की पुस्तकें केवल सेवा-भाव से प्रकाशित की जाती हैं। शिक्षा के नवीन प्रयोगों के संबंध में प्रकाशित पुस्तकों का भी वही हाल है, अर्थात् प्रथम साहित्य की सेवा है, तो यह शिक्षा-प्रणाली की सेवा है। अभी हिन्दी में उच्च कक्षाओं के लिए वैज्ञानिक पुस्तकों के प्रकाशन का प्रयोग हो रहा है। यह प्रयोग प्रकाशक को किस भाव पड़ेगा, यह भविष्य के गर्भ में है।

यह तो अपने जनरल प्रकाशन के बारे में, जिसकी तादाद कुछ कम नहीं है, एक जनरल सेवा की बात हुई; पटल बाबू के संबंध में कुछ विशेष बातें भी हैं।

लगभग सन् १९३६ में मध्यप्रदेश की सरकार ने प्रायमरी शिक्षा की एक नई योजना बनाई। उस योजना की सफलता के लिए सबसे पहले

शिक्षक को शिक्षित करने की आवश्यकता थी। शिक्षा-विभाग ने एक पुस्तक तैयार की, जो म० प्र० की तत्कालीन तीन भाषाओं में छापनी थी—हिन्दी, मराठी और उर्दू। प्रति पुस्तक में लगभग ७०० पृष्ठ थे, २०० चित्र थे, तीन हजार रु० पहले कापीराइट का देना था, छपाई, सफाई, बँधाई, कागज सब अच्छा चाहिए था और तीनों पुस्तकें कुल एक महीने में छापकर दे देनी थीं।

दुर्भाग्यवश उस समय भी पटल बाबू अस्वस्थ थे। कलकत्ते में इलाज हो रहा था। प्रस्ताव लेकर मैं कलकत्ते गया। पूरा विवरण सुनकर कहा—'पुस्तक अच्छी मालूम पड़ती हैं। प्रायमरी शिक्षक के दैनिक कार्यक्रम में सहायता पहुँचावे, ऐसी पुस्तक अभी नहीं देखी। हानि-लाभ का प्रश्न नहीं है। शिक्षा की सेवा होगी। सबसे कम दाम पर बेचने का वचन देकर, ले लो।'

माने या न मानें, एक माह में हिन्दी, मराठी, उर्दू की पुस्तकें तैयार; पृष्ठ ७००; चित्र २००; कापीराइट ३,०००); छपाई, बँधाई, कागज अच्छा—मूल्य कुल डेढ़ रुपया!!

उर्दू, मराठी का एक संस्करण छपकर ठप्प हो गया, हिन्दी के दो। अब तक इस 'हस्ता-मलक' की माँग आती है, 'प्रेमा' की माँग आती है और श्री केशवप्रसाद पाठक कृत 'उमर खैयाम' की माँग आती है। तीनों नहीं हैं। जो सेवा हो गई, वही क्या कम है?

लगभग सन् १९३९ में मध्यप्रदेश की सरकार ने उक्त योजना के अनुसार पुस्तकें माँगीं। निर्धारित शब्दावली पर पुस्तकें लिखनी थीं। लिखी गईं। आप किसी भी भाग के, किसी भी पृष्ठ पर, किसी भी शब्द पर उँगली भर रख दीजिए, हम या शिक्षक तुरन्त यह बतला देंगे कि सर्वप्रथम उस शब्द का कहाँ प्रयोग हुआ है और उसके बाद कम-से-कम पाँच बार वह शब्द कहाँ-कहाँ दुहराया गया है। यह योजना पटल बाबू को बहुत पसन्द आई और उन्होंने अपनी नई योजना उसमें जोड़ी कि हिन्दी, मराठी, उर्दू में एक-सी पुस्तकें लिखी जावें, जिससे शिक्षा का एक-सा स्टैण्डर्ड रहे और शिक्षा-क्षेत्र में एक नया प्रयोग उपस्थित हो। हमने और हमारे अन्य प्रकाशक भाइयों ने इस प्रकार की अनेक पुस्तकें प्रस्तुत कीं; पर प्रयोग होने के पहले उस योजना का ही अन्त हो गया। सीनियर कैम्ब्रिज के समीक्षकों ने हमारी पुस्तकों में कुछ अच्छाई देखी और कुछ पुस्तकें न केवल भारत, वरन् उस संसार में, जहाँ हिन्दी पढ़ाई जाती है, जैसे लंका, अफ्रीका, सिंगापुर, ट्रिनीडाड आदि में नाम-मात्र को चलती रहीं। जो थोड़ी-बहुत सेवा हो सकी, उसी से संतोष करना पड़ा।

अच्छे काम को अच्छी तरह करना भी यदि सेवा है, तो वह पटल बाबू लगातार करते रहे। महाकोशल महाविद्यालय का हीरक-जयंती अंक, नागपुर विश्वविद्यालय की 'प्राणिकी' व 'भौतिकी' तथा कई तरह का सरकारी काम इस प्रकार किया कि वह सर्वप्रशंसित हुआ।

त्रिपुरी कांग्रेस की सब पब्लिसिटी, वहीं मशीन लगाकर, मुफ्त छाप देने का वचन दिया था; परन्तु कुछ ऐसा चक्र चला कि पैसा देकर अन्य प्रेस से छपवाया गया। इस सिलसिले में पटल बाबू त्रिपुरी कांग्रेस का स्थल देख भी आये थे।

दया

पटल बाबू बहुत दयालु थे। इतने बड़े और प्रांत-प्रांत में फैले हुए कारबार में किस-किससे और क्या-क्या गलतियाँ नहीं हुई होंगी?

मुझसे ही इन पच्चीस वर्षों में भयानक से भयानक गलतियाँ हुई हैं। परन्तु सबको डाँट-डपटकर या समझा-बुझाकर छोड़ देते थे। कई लोग रुपया खाकर बैठ गए; मामला-मुकदमा भी नहीं चलाया। एक साहब ने हमारी पुस्तक अपने नाम छाप ली, या ऐसी गुंजाइश रखी कि पूरा शक किया जावे। मुझसे कहीं से जान-पहचान निकल आई। मैंने कहा—जाकर सच बात कह दो और दोषी हो तो क्षमा माँग लो। सिर्फ इतने पर, हजारों रु० खर्च करने के बाद, सब मामला वापस ले लिया।

एक दिन एक क्लर्क से बड़े मजे में कह रहे थे—"देखो, जितनी कमाई प्रेस से होती है, बैंक में रुपया जमा कर दें, तो उतना हमें ब्याज में मिल जाय। तुम्हीं लोगों के लिए तो रात-दिन एक करते हैं। तुम तो दो रोटियाँ खा भी लेते हो, हम तो वह भी नहीं खा सकते (बीमारी के कारण।) फिर भला, तुम काम ठीक से क्यों नहीं करते?"

सिनेमा हाऊस जल गया। शक था कि शरारतन जलाया गया है। कोई कार्रवाई नहीं की। चुपचाप फिर से बनवा लिया—पहले से भी अच्छा।

पंजाब में अशान्ति की आग लगी। लाहौर शाखा को तार दिया कि स्टाक किसी के भी हवाले करके चले आओ। मुझसे अकसर कहते थे—'हमारा तो बहुत बड़ा घर है। हमें तो सभी को देखना है।' लाहौर का स्टाक अब भी किसी के हवाले है। मेरे एक आत्मीय उस सरहद में फौजी अफसर होकर गये। मैंने पूछा कि उनके द्वारा, वहाँ जाकर स्टाक का कुछ पता लगवाऊँ? उन्होंने कहा—'रहने दो। हमारा आदमी सकुशल आ गया, यही बहुत है। अब तुम्हें खतरे में नहीं डालना है।' जितनी जल्दी हो सका, अम्बाले में शाखा खोल दी और 'हमारा आदमी' अर्थात् श्री एम० बनर्जी अत्यन्त योग्यतापूर्वक वहाँ कार्य कर रहे हैं।

दफ्तर के एक क्लर्क ने प्रत्यक्ष खयानत की। मैं वहीं था। तमाम दफ्तर में सनसनी थी कि उसका क्या फैसला होता है। अखीर घंटे में उसे बुलाया गया और डाँट-डपटकर उसको बहाल रक्खा—तनज्जुली तक नहीं की।

बहुत-से कर्मचारियों को तथा उनके कुटुम्बियों को पेंशन या अन्य प्रकार की सहायता देते रहे।

पटल बाबू स्वभाव से 'शाई' थे। सभा-समाज, चहल-पहल से दूर रहना पसन्द करते थे। बहुत अच्छे कपड़े पहनते थे, तब भी बदन सिकोड़कर चलते थे। दिखावा पसंद नहीं था। जब विलायत जा रहे थे, तब हम लोग बन्दरगाह में फूल-माला लेकर विदा करने गये। उन्हें पहना नहीं। कहने लगे—यह दिखावा क्यों किया? लौटे तो साधारण धोती-कुरता पहने हुए।

भोजन साधारण करते थे। स्वास्थ्य के कारण लगभग परहेजी भोजन करते थे। भोजन फेंकते नहीं थे। कहते थे, मेरी आदत थाली में भोजन छोड़ने की नहीं है, इसलिए मुझसे पूछकर परोसना।

यात्रा में न नौकर-चाकर साथ रहता था, न मामूली जरूरत से ज्यादा सामान, न ज्यादा रुपया-पैसा, न कोई बहुमूल्य वस्तु। संदूक में ताला तक नहीं लगाते थे।

बच्चों से और पुस्तकों से बहुत प्रेम था। कोठी में अकसर बच्चों से खेला करते थे। पुस्तकें बहुत खरीदते थे और बहुत पढ़ते थे—सभी विषयों की। मैकेनीकल इंजीनियरी तो पढ़े



१९१७

विभिन्न अवस्थाओं में
श्री हरिकेशव घोष



१९२०



१९२६



१९३५



१९३६



१९४२



१९४७




१९५३



मैट्रिकुलेशन परीक्षा के समय श्री हरिकेशव घोष (धरती पर बैठे हुए दाएँ से दूसरे) अपने शिक्षकों तथा सहपाठियों के साथ।



योरप-यात्रा प्रारम्भ करते समय बम्बई में श्री हरिकेशव घोष (बाएँ से छठवें)



हंबर्ग (जर्मनी) के हवाई-अड्डे पर श्री लाल और श्री दासगुप्ता के साथ श्री हरिकेशव घोष (बाईं ओर पहले)



इँगलैंड में श्री सी० डब्ल्यू० सैनफोर्ड के साथ श्री हरिकेशव घोष।



हम्बर्ग (जर्मनी) में श्री बी० एन० दासगुप्ता (इण्डो स्विस कं० के भारतीय प्रतिनिधि) के साथ श्री हरिकेशव घोष।

ही थें, गृहनिर्माण-कला में विशेषज्ञों से भी अधिक ज्ञान था, जो न जाने कितने मकानों, बँगलों, दूकानों आदि के निर्माण में व्यावहारिक रूप से प्रकट है।

टेनिस खेलते थे। बाद में छोड़ दिया था, परन्तु टूर्नामिण्ट देखने जरूर जाते थे। दूसरों को खिलवाने का बहुत शौक था। कोठी में जो टेनिस लॉन था, बहुत ही अच्छा था। श्री हरिभूषण घोष को बहुत उत्साहित करते थे। मुझे भी उनके साथ एक बार और श्री हरिभूषणजी के साथ अनेक बार खेलने का मौका मिला।

पच्चीस वर्ष के संस्मरण; क्या लिखे जायँ, क्या न लिखे जायँ। अब तो जीवन के बचे-खुचे दिनों में:

'प्यारे हरिचन्द की कहानी रह जावैगी।'

दिव्य व्यक्तित्व

सरदार नर्मदाप्रसाद सिंह

घोष बाबू (पटल बाबू) के नाम के पहले 'स्वर्गीय' लिखते हुए हृदय रो उठता है। उच्च कोटि के सफल उद्योगी और व्यवसायी होने के साथ-साथ देश और समाज के कल्याण की भावना, दानशीलता, मित्रों के प्रति सहज आत्मीयता, अपने कर्मचारियों के प्रति सहानुभूति और उदारता आदि गुण उनमें केन्द्रीभूत थे। किसी भी सार्वजनिक कार्य के लिए अर्थ-याचना के लिए जब-जब मैं उनके पास गया, आशा से अधिक धन उनसे प्राप्त हुआ। १९४२-४३ में राजनैतिक कार्यों के लिए जो आर्थिक सहायता उनसे मुझे मिली, वह मेरे जीवन की एक ऐतिहासिक घटना है।

उनके सम्पर्क में आने का प्रथम अवसर मुझे आदर्श बीमा-कम्पनी द्वारा प्राप्त हुआ। वे उसके चेयरमैन हुए और तब मुझे ज्ञात हुआ कि वे कितने ऊँचे थे। कार्य करने की लगन उनमें इतनी अधिक थी कि अस्वस्थता के समय रोग की कम, किन्तु कार्य न कर पाने की अधिक चिन्ता उन्हें रहा करती थी। उनकी जितनी योजनाएँ होती थीं, सदैव विस्तारपूर्वक उनके हृदय-पटल पर अंकित रहती थीं। विश्राम करना तो वे जानते ही नहीं थे।

मेरे तो वे भाई, मित्र और पथ-प्रदर्शक सभी कुछ थे। जहाँ तक मेरा सम्बन्ध है, उनके निधन से जो दरार पड़ गई है, उसकी पूर्त्ति होना मेरे जीवन में तो सम्भव नहीं दिखाई देता। लगता है, आज भी वे मुसकराते हुए पूछ रहे हैं—"कहिए सरदार साहब, कैसी तबीअत है, बहुत दिनों के बाद दर्शन हुआ।"

पटल बाबू : एक संस्मरण

ठाकुर श्रीनाथसिंह, भूतपूर्व सम्पादक "सरस्वती"

स्वर्गीय पटल बाबू का स्मरण करते ही मानस-पटल पर एक ऐसी मानव-मूर्त्ति खचित हो उठती है, जो प्रत्यक्ष जगत् से परे की वस्तु प्रतीत होती है। अपने जीवन के सर्वोत्तम १७ वर्ष मैंने उनकी सेवा में व्यतीत किए हैं और इस दीर्घ काल में एक क्षण भी ऐसा नहीं आया, जब मुझे इस अनुभव से वंचित होना पड़ा हो कि मैं उस विशाल वृक्ष की शाखाओं में एक फूल के सदृश खिला हूँ, जिसके मूल में पटल बाबू ने अपने महान् व्यक्तित्व को मिला दिया है। जीवन के रंगमंच पर स्वयं अभिनेता के रूप में उतरने के बजाय वे आड़ में रहकर उसका सफलतापूर्वक संचालन करने में ही अधिक सुख का अनुभव करते थे। अपने निज के लिए उन्हें मान या प्रसिद्धि की जरा भी इच्छा न थी; परन्तु अपने सहयोगियों और सहायकों को वे उन्नति के शिखर पर चढ़ते हुए देखना चाहते थे और इसके लिए जो कुछ भी कर सकते थे, करने को तैयार रहते थे।

आज जब उनके आकस्मिक स्वर्गवास के कारण व्यथा से बोझिल मन लेकर मैं उनके संस्मरण लिखने बैठा हूँ, मेरे सामने वे सत्रहों वर्ष रंगीन चित्रपट की भाँति अंकित हो-हो उठते हैं। ओफ! वे दिन कितने सुन्दर थे!

उनके व्यक्तिगत परिचय का सौभाग्य पहले-पहल मुझे अगस्त सन् १९२७ में प्राप्त हुआ, जब उन्होंने मुझे 'बालसखा' का सम्पादक नियुक्त किया। उस समय उनके मुख से जो शब्द निकले थे, आज भी मेरे कानों में गूँज रहे हैं। उन्होंने कहा था—"बालसखा को तुम बनाओगे, तो 'बालसखा' तुम्हें बनावेगा।" उनके इस एक वाक्य से मुझे इतनी प्रेरणा मिली कि मैं जी-जान से 'बालसखा' के सम्पादन-कार्य में जुट गया।

पंजाब टेक्स्ट बुक कमेटी 'बालसखा' की १००० प्रतियाँ खरीदती थी। परन्तु मैंने जब 'बालसखा' में राष्ट्रीय कविताएँ और नेताओं के चरित छापने प्रारम्भ किए, तो उसने आश्वासन माँगा कि 'बालसखा' में आगे ऐसी रचनाएँ नहीं छापी जायँगी। पटल बाबू के कमरे में इस सम्बन्ध में आदेश लेने जब मैं पहुँचा, तो देखा कि उनका चेहरा गम्भीर है। मैं डरा कि मुझसे कोई भारी भूल हुई है; पर तुरन्त ही उन्होंने मुझे निश्चिन्त कर दिया। बोले—"तुम्हारा कोई दोष नहीं है, प्रत्येक भारतीय को अब निर्णय करना पड़ेगा कि वह क्या करे, क्या न करे।"

पटल बाबू पंजाब टेक्स्ट बुक कमेटी को यह आश्वासन न दे सके कि 'बालसखा' में आगे राष्ट्रीय कविताएँ और नेताओं की जीवनियाँ नहीं छपेंगी। परिणाम यह हुआ कि पंजाब टेक्स्ट बुक कमेटी ने 'बालसखा' लेना बन्द कर दिया। फिर तो हम बिलकुल निश्चिन्त हो गए और 'बालसखा' के राष्ट्रीय रूप को स्वयं पंडित जवाहरलाल नेहरू ने इतना पसन्द किया कि उसे अपनी पुत्री इन्दिरा नेहरू के नाम जारी करने की आज्ञा दी और स्वीजरलैंड से लौटने पर इसमें बच्चों के मनोरंजन के कई लेख लिखे।

'बालसखा' का काम मैं प्रायः एक सप्ताह में समाप्त कर देता था और पटल बाबू से और काम माँगता था। इससे वे बहुत प्रसन्न होते

Important

थे और उनके पास जो भी साहित्यिक फुटकर काम होता था, मुझे बुलाकर दे देते थे। इस तरह मैं उनके निजी पत्र-व्यवहार से लेकर पाठ्य पुस्तकों के निर्माण करने तक के कामों में योग देने के लिए बुलाया जाने लगा और उनके अधिकाधिक सम्पर्क में आता गया। एक समय तो ऐसा आया, जब इंडियन प्रेस से प्रकाशित होनेवाले प्रत्येक पत्र-पत्रिका पर सम्पादक के रूप में मेरा नाम छपने लगा, मुझे एक हिन्दी स्टेनोग्राफर और टाइपिस्ट दिया गया, जिससे मैं तेजी से सब काम कर सकूँ। पटल बाबू मुझे लम्बी यात्रा में अपने साथ ले जाने लगे, हिन्दी-साहित्य-सम्मेलन और कांग्रेस के अधिवेशनों में भाग लेने के लिए मुझे भेजने लगे और एक बार तो मुझे एक महीने की छुट्टी और काफी रुपया देकर कलकत्ता भेजा कि मैं वहाँ रहकर बँगला और अँगरेजी के लेखकों तथा पत्रकारों से सम्पर्क स्थापित करूँ और पत्रकारिता के विषय में अपना ज्ञान और अनुभव बढ़ाऊँ।

मैं नहीं कह सकता कि मुझ जैसे तुच्छ व्यक्ति को इतना आदर और स्नेह उन्होंने क्यों प्रदान किया। पर शायद उनका यह स्वभाव ही था। प्रत्येक व्यक्ति की, जो साहित्य-सेवा करने का अवसर चाहता था, वे सहायता करने को तैयार रहते थे।

किसी-न-किसी काम में लगे रहना उन्हें बहुत पसन्द था। रात-दिन में लगभग १६ घंटे काम करना उनके लिए मामूली बात थी। उनकी मेज पर कागज-पत्र सदैव बिखरे रहते थे और प्राय: वे अकेले अधिक रात तक काम में व्यस्त देखे जाते थे। उनमें संगठन, व्यवस्था और दूसरों से काम लेने की अद्भुत शक्ति थी। गँवार से वे ठेठ देहाती की तरह देहाती भाषा में बातें करते थे। उनकी स्मरण-शक्ति अद्भुत थी। प्रेस के किस कर्मचारी को क्या काम सौंपा गया है, उन्हें याद रहता था और वे उसको याद दिलाते रहते थे।

यों तो वे एक महान् और सफल उद्योगपति थे, परन्तु वास्तव में उनका जीवन एक श्रमिक का जीवन था। घड़ी की सुई के समान वे अपना सब काम नियमित रूप से करते थे। सुबह से शाम तक उनके पास मिलने के लिए आनेवालों का ताँता लगा रहता था, जब जो चाहे उनके पास सीधा पहुँच सकता था। किसी को कोई रोक न थी, पर मिलने आनेवालों के कारण उनके काम में बाधा न पड़ती थी। वे उनसे हँसते-बोलते भी जाते थे और अपना काम भी करते जाते थे।

उनके जीवन-पथ में कोई घटनाएँ न थीं, उनके जीवन-नाटक में कोई पट-परिवर्तन न था। जिस प्रकार मंदिर में देवता या शरीर में प्राण रहता है, उसी प्रकार वे अपने विविध व्यावसायिक कार्य-केन्द्रों में व्याप्त थे। रचनात्मक कार्य ही उनके जीवन का ध्येय था, वही आनन्द। एक मिनट भी वे व्यर्थ नहीं जाने देते थे।

अच्छी पुस्तकों और पत्र-पत्रिकाओं को खरीदना और पढ़ना उनका एकमात्र मनोरंजन था। दिन भर के काम के बाद, वे चाहे जितना थके हों, बिना कुछ पढ़े सोते नहीं थे। कभी-कभी तो वे सोने से पहले ३-४ घंटा पढ़ते थे। यही कारण था कि चौबीसों घंटे अपने व्यापारिक कार्यों में डूबे रहने पर भी वे उन प्रोफेसरों, लेखकों या सम्पादकों से, जिनका काम ही अध्ययन है, प्रत्येक विषय पर अधिकारी विद्वान् की भाँति बातें कर सकते थे।

वे ऐसे व्यापारी न थे, जो अपने व्यापार के

पीछे जीवन के उच्च सिद्धान्तों को गँवा बैठते हैं। प्रत्येक कार्य में वे अपने राष्ट्रीय दृष्टिकोण को नहीं छोड़ते थे। बड़ी से बड़ी आर्थिक हानि उन्हें सह्य थी, परन्तु राष्ट्रीय चेतना का अनादर उन्हें कदापि सह्य नहीं था। अपने प्रकाशनों में किसी ऐसे सरकारी दबाव को, जिससे राष्ट्रीयता को ठेस पहुँचे, वे पसन्द नहीं करते थे। पंजाब टेक्स्ट बुक कमेटी ने जब पंडित जवाहरलाल नेहरू का जीवन-चरित छापने के कारण 'बालसखा' खरीदना बन्द कर देने की धमकी दी, तब उन्होंने उसकी परवा नहीं की। 'सरस्वती' का स्वराज्य अंक प्रकाशित करने के कारण उत्तरप्रदेशीय अँगरेजी सरकार के शिक्षा-विभाग ने इंडियन प्रेस की पाठ्य पुस्तकें अस्वीकृत कर दीं, तब इससे भी वे विचलित नहीं हुए। कई एक राजनैतिक क्रान्तिकारी इंडियन प्रेस में नियमित वैतनिक कर्मचारी के रूप में आश्रय पाए हुए थे। उनमें श्री जितेन्द्रनाथ सान्याल, जो लाहौर षड्यन्त्र केस में सरदार भगतसिंह के साथ गिरफ्तार हुए थे और श्री विद्याभास्कर प्रमुख थे। स्थानीय अधिकारियों ने बहुत चाहा कि ये व्यक्ति पृथक् कर दिए जायँ, पर पटल बाबू ने उनकी एक नहीं सुनी। इंडियन प्रेस के फाटक के सामने इन व्यक्तियों की देखभाल के लिए बराबर सी० आई० डी० का आदमी बैठा रहता था। इंडियन प्रेस के पास ही कम्पनी बाग में जब श्री चन्द्रशेखर 'आजाद' पुलिस की गोली से मारे गए और उसके बाद पुलिसवाले उनके आफिस में कहीं को टेलीफोन करने के लिए आये, तब पटल बाबू ने उन्हें अपना टेलीफोन इस्तेमाल नहीं करने दिया।

पटल बाबू बहुत ही उदार थे। मत-स्वातंत्र्य का पूर्ण आदर करते थे। अपने प्रेस के कर्मचारियों से केवल इसलिए कि वे उनसे भिन्न मत रखते हों, वे कभी नाराज न होते थे। अपने पत्र-सम्पादकों को वे अपने से भिन्न राय रखने और उसे निर्भीकतापूर्वक प्रकट करने की पूर्ण छूट देते थे। आज जबकि बीती बातें एक-एक करके मेरे सामने आ रही हैं, मुझे लगता है कि मैंने उन्हें काफी तंग किया था। मैंने उनके प्रेस में कर्मचारियों की यूनियन बनाई, उन्हें उनके विरुद्ध संगठित किया और उनसे लड़ने को उभारा। प्रेस के आँगन में इन यूनियनों की बैठकें करवाईं, जिनमें स्व० श्रीमती कमला नेहरू, श्रीमती सुचिता कृपलानी, श्रीमती प्रभा बनर्जी, डाक्टर जेड अहमद आदि को भाषण देने को बुलवाया, प्रेस में हड़तालें करवाईं। इतना ही नहीं, 'सरस्वती' और 'देशदूत' के सम्पादक के रूप में मैंने उनके और उनके अत्यन्त प्रिय मित्रों के मत के विरुद्ध कटु से कटु लेख प्रकाशित किए। परन्तु उन्होंने किसी बात का कभी बुरा नहीं माना। जब कोई शिकायत करता, वे यही कहते—"अच्छा, मैं श्रीनाथसिंह को समझा दूंगा।" और वे मुझे बुलाकर घंटों उपदेश देते और जब मैं उनसे विवाद करने लगता, कहते—"अच्छा, बाबा, जाओ, तुम्हारे जी में जो आवे, करो।"

एक बार 'सरस्वती' में छपे एक लेख के कारण 'सरस्वती' पर एक प्रतिष्ठित पुरुष की ओर से मानहानि का मुकदमा चलाने की नोटिस आई। पटल बाबू ने मुझे बुलाया। मैंने समझा, आज बहुत डाँटेंगे। मुझे कुछ डरा-सा देखा, तो मुसकराए। बोले—"घबराओ मत, मेरी रक्षा का हाथ तुम्हारे ऊपर से कभी नहीं हटेगा।" आज जब उनकी इन बातों का स्मरण करता हूँ, तो हृदय रो उठता है।

मेरे ऊपर 'सरस्वती' के एक सम्पादक और

थे, श्रद्धेय पंडित देवीदत्त शुक्ल। उन्हें मैं अपने पूज्य गुरु के समान मानता था। मेरे उनके बीच में अगर कोई मतभेद होता था, तो केवल इतना ही कि मेरे लेखों को कुछ और तीक्ष्ण होना चाहिए था और निश्चय ही जब वे संशोधन करते थे, उन्हें और भी तीक्ष्ण बना देते थे। इससे अनेक प्रभावशाली लोग, जो पटल बाबू के मित्र थे और उन लेखों की चपेट में आ जाते थे, बहुत घबरा उठते थे और पटल बाबू से कहते थे—"इन सम्पादकों को हटाओ।"

पटल बाबू सब सुनते, पर हम लोगों से उनका जिक्र तक न करते। क्रमशः इन यूनीवर्सिटी के प्रोफेसरों और अन्य प्रभावशाली व्यक्तियों ने हमारे विरुद्ध उनका कान इतना भरा कि वे हमसे उन लेखों में से एक के लिए जवाब-तलब करने को तैयार हो गए।

हम लोग बुलाए गए। पटल बाबू ने पंडित वेंकटेशनारायण तिवारी लिखित "हरिऔध का बुढ़भस" शीर्षक लेख दिखाकर कहा—"एक वयोवृद्ध साहित्यकार के विरुद्ध ऐसा लेख छापना कदापि उचित नहीं है। इसके लिए आप लोग 'सरस्वती' में खेद प्रकट कीजिए और 'हरिऔध' से माफी माँगिए।" हम लोगों ने लेख छापने के अपने तर्क उपस्थित किए। कहा—"सत्याग्रही देवियों को इन्होंने इस कविता की 'नायिका' बना डाला, यह बुढ़भस नहीं तो क्या है?"—"कुछ भी हो", पटल बाबू ने कहा—"मैं उन लोगों से वादा कर चुका हूँ—अतएव या तो खेद प्रकट करना होगा या मैं 'सरस्वती' का प्रकाशन बन्द कर दूँगा।" वे गम्भीर हो गए। हम लोग अपने कमरे में चले आये। अब क्या हो? हम भारी संकट में पड़े। हमने सोचा, यदि हम किसी प्रकार धूनी बाबू को अपने पक्ष में कर लें, तो अब भी हमारी रक्षा हो सकती है। हम जानते थे कि अब धूनी बाबू ही एक ऐसे व्यक्ति हैं, जो पटल बाबू के निर्णय के विरुद्ध हमारी रक्षा कर सकते हैं।

धूनी बाबू औघड़दानी शंकर की भाँति भावना-प्रधान व्यक्ति हैं। शरण में आये की रक्षा के लिए तैयार हो जाना उनका स्वभाव है। सो हम लोग उनके कमरे में जाकर मन मलीन कर चुपचाप खड़े हो गए।

"क्या बात है?" उन्होंने मृदु स्वर से पूछा। हमने कहा—"यूनीवर्सिटी के सारे प्रोफेसर हमारे पीछे पड़े हैं। जो कुछ भी हम 'सरस्वती' में छापते हैं, उसी की पटल बाबू से शिकायत करते हैं। अब कहते हैं, माफी माँगो।"

"माफी?" धूनी बाबू ने जरा उग्र होकर कहा—"हमारे सम्पादक माफी कभी नहीं माँग सकते।"

हम लोग यह वरदान पाकर अपने कमरे में वापस चले आये।

फिर पटल बाबू ने उन प्रोफेसरों को कैसे शान्त किया, हम नहीं जानते।

छोटे भाई धूनी बाबू के प्रति पटल बाबू के हृदय में इतना स्नेह था कि उसकी मिसाल नहीं मिलती। उन्हें मामूली बुखार भी आ जाता था, तो पटल बाबू चिन्तित हो उठते थे। चाहे जितनी हानि हो, चाहे जो बने-बिगड़े, धूनी बाबू का मान वे रखते थे। उनके इस भ्रातृस्नेह को, प्रेस के हम प्रायः सभी कर्मचारी जानते थे और संकट के समय इससे पूरा लाभ उठाते थे।

पटल बाबू कान के कच्चे नहीं थे। कोई किसी की उनसे लाख शिकायत करे, वे ध्यान न देते थे। परन्तु वे शीलवान् बहुत थे और किसी के

आग्रह को वश चलते अस्वीकार न करते थे। अपने इसी शील के कारण वे बहुत ही लोकप्रिय थे। हर कोई उन्हें अपना मित्र समझता था।

कभी-कभी मुझसे वे अपने सेक्रेटरी का भी काम लेते थे। अपने मित्रों और विरोधियों के पत्र वे मुझे पढ़ने को देते थे और उनका उत्तर मुझसे लिखवाते थे। इन पत्रों को जब मैं पढ़ता था और पटल बाबू के उत्तरों पर जब विचार करता था, तब मैं दंग रह जाता था। उच्च विचार, तर्क-माधुर्य, सत्य और शील सभी कुछ उनके उत्तरों में उमड़ता चला आता था। कड़ी से कड़ी बात का उत्तर वे मृदु से मृदु वाक्यों में दिलाते थे।

एक बार स्वर्गीय लाला लाजपतराय ने गुस्से से भरा एक पत्र उन्हें लिखा था। लालाजी की पुस्तक "दुःखी भारत" जो लगभग ६०० पृष्ठों की थी और जिसका मैं ही, पटल बाबू की आज्ञा से, हिन्दी अनुवाद कर रहा था, इंडियन प्रेस ने एक महीने के अन्दर छापकर प्रकाशित कर देने का वादा किया था। १५ दिन बीत गए थे और पुस्तक की कम्पोजिंग भी न शुरू हुई थी। लालाजी को विश्वास नहीं रह गया था कि पुस्तक समय पर निकल सकेगी। इसी से उन्होंने कड़ा पत्र लिखा था। पटल बाबू ने उत्तर दिया था—"इसका हमें खेद है कि इससे पहले आपके निकट हमें अपनी कार्यक्षमता प्रमाणित करने का अवसर नहीं मिला, नहीं तो आपको इतनी चिन्ता न होती।" इस उत्तर की लालाजी ने बहुत प्रशंसा की और जब ठीक तिथि पर उनके हाथ में पुस्तक पहुँच गई, तब तो वे बहुत ही प्रसन्न हुए।

पटल बाबू अपने व्यवसाय को इस तरह विकसित करना चाहते थे कि वह राष्ट्रीय नव-निर्माण में सहायक हो। केवल धनोपार्जन उनका ध्येय न था। प्रेस-संचालक और प्रकाशक के नाते वे ऐसी योजनाएँ बनाते रहते थे, जिससे जनता को अच्छी से अच्छी पुस्तकें कम-से-कम मूल्य में मिल सकें। इसी लिए उन्होंने जर्मनी से पुस्तकें छापनेवाली रोटरी मशीन मँगाई थी, जो उत्तरप्रदेश में पहली थी। इस मशीन को खरीदने वे स्वयं जर्मनी गये थे और इसी सिल-सिले में उन्होंने योरप की यात्रा की थी।

हमारी प्रार्थना पर उन्होंने तत्कालीन योरप पर बहुत ही रोचक लेखमाला लिखी थी। अपने साथ वे बहुत से चित्र लाए थे, जिनमें से अधिकांश उक्त लेखमाला के साथ 'सरस्वती' में प्रकाशित हुए थे। वे लेख उन्होंने अँगरेजी में लिखे थे, जिनका हिन्दी अनुवाद करने का सौभाग्य मुझे प्राप्त हुआ था। उन लेखों का अनुवाद करते समय मुझे लगता कि मैं भी पटल बाबू के साथ योरप की सैर कर रहा हूँ।

जब कभी वे अनुवाद मैं उन्हें दिखाने ले जाता वे मुझे और भी बहुत सी दिलचस्प बातें बताते, जो उन लेखों में न होती थीं। इन्हीं बातों के सिलसिले में उन्होंने हिटलर से अपनी भेंट की भी कहानी सुनाई थी। जर्मनी के जिस कार-खाने से उन्होंने उक्त मशीन खरीदी थी, उसी के स्वामी ने हिटलर से उनकी भेंट कराई थी।

सन् १९४० में मैंने पटल बाबू से 'दीदी' नाम की अपनी निजी पत्रिका प्रकाशित करने की अनुमति माँगी, जो उन्होंने सहर्ष दे दी। उन्होंने 'दीदी' को चार वर्ष तक इंडियन प्रेस में मौजूद अच्छे से अच्छे ब्लाक मुफ्त दिए और एक पृष्ठ का विज्ञापन भी दिया। भेंट होने पर वे 'दीदी' के विषय में बराबर पूछते और बहु-मूल्य सलाहें देते। चार वर्ष बाद जब 'दीदी'

स्वावलम्बिनी हो गई, मैंने उनसे इंडियन प्रेस से पृथक् होने की अनुमति माँगी और उन्होंने मुझे आशीर्वाद तथा शुभ कामनाओं के साथ विदा किया।


इसके वर्षों बाद जब मैं अपने निजी कामों में व्यस्त हो गया था और उन्हें सर्वथा भूल गया था, एक दिन क्या देखता हूँ कि पटल बाबू एक साहित्यिक मित्र के साथ मेरे छोटे-से घर के द्वार पर आकर खड़े हैं और वे साहित्यिक मित्र पुकार रहे हैं--"श्रीनाथसिंह, पटल बाबू!" मैं घबराया हुआ दौड़ा कि क्या बात है। मैंने उनका अभिवादन किया और कहना चाहता था, पर कह न सका कि मेरा बड़ा सौभाग्य है, जो आप मेरे घर पर पधारे।

पटल बाबू ने कहा---"कोई खास बात नहीं है। इधर से जा रहा था। मालूम हुआ कि यह तुम्हारा घर है, तो रुक गया।"

वही सहज मुसकान थी, वही स्नेहभरी गम्भीर मुख-मुद्रा। पर स्वास्थ्य वह न रह गया था। शरीर बहुत ही दुर्बल हो उठा था। यह उनके स्वर्गवासी होने के लगभग दो साल पहले की घटना है। मैंने 'सरस्वती' आदि के बारे में पूछा तो बोले--"मैं सोचता हूँ कि किसी पत्र के ठीक संचालन के लिए यह आवश्यक है कि उसका संपादक और स्वामी एक ही व्यक्ति हो।"

मुझे लगा कि मैंने उन्हें जो बहुत तंग किया था, उसी का यह मृदु उलाहना था। मैंने कोई प्रतिवाद नहीं किया और बहुत दूर तक उनके पीछे-पीछे चलकर उस स्थान तक गया, जहाँ वे वास्तव में जाने के लिए उस मार्ग से निकले थे।

उनके जैसे महान् पुरुष के निकट सम्पर्क में रहकर काम करने का मुझे जो अवसर मिला, उसे मैं अपना परम सौभाग्य मानता हूँ। यद्यपि उनका क्षणभंगुर शरीर इस जगत् में नहीं है; परन्तु जो उनके सम्पर्क में आ चुके हैं, उनके स्मृति-पट पर वे आज भी अमर हैं और मेरा तो यह हाल है कि सामने जब कभी कोई संकट उपस्थित होता है, उनका स्मरण करता हूँ, तो उससे लड़ने का बल आ जाता है। वे अपने आपमें पूर्ण थे और उस सूर्य के समान थे, जिससे अनेक चन्द्रमा और ग्रहमण्डल प्रकाशित होते रहते थे।



सौजन्य-मूर्त्ति पटल बाबू

डॉ० श्रीउमेश मिश्र

मनुष्य के जीवन के भिन्न-भिन्न क्षेत्र हैं। अपनी योग्यता के अनुसार प्रत्येक क्षेत्र में सफलता प्राप्त करना ही जीवन को सफल बनाना है। पूर्वजन्मों के सुकर्मों के कारण मनुष्य में योग्यता के बीज, संस्कार रूप में, जन्म के साथ-साथ उसके अन्तःकरण में वर्त्तमान रहते हैं। सुअवसर की प्राप्ति से वे बीज अंकुरित होकर क्रमशः अपनी योग्यता का परिचय देते हैं। नैसर्गिक योग्यता के अतिरिक्त भी योग्यता, विद्या और बुद्धि के बल से मनुष्य प्राप्त कर लेता है। इसमें आयास की अपेक्षा होती है। इसलिए आगन्तुक योग्यता पौरुष पर विशेष निर्भर होती है। पौरुष की उन्नति और अवनति से योग्यता में भी उन्नति और अवनति देख पड़ती है। किन्तु आयास के बिना भी जीवन की प्रत्येक अवस्था में नैसर्गिक योग्यता का पूर्ण परिचय हमें मिलता है।

जिस प्रकार क्रमिक विकास के द्वारा कोरकावस्था से निकलकर अपने मनोहर स्वरूप तथा सौरभ का परिचय पुष्प देता है, उसी प्रकार मनुष्य के गुणों का परिचय हमें उसके विकसित कार्यों के द्वारा प्राप्त होता है। ऐसे कार्यक्षेत्रों में अपनी योग्यता को विकसित करने में मनुष्य अपने जीवन को सफल समझता है, उसी में उसे एक अलौकिक आनन्द का अनुभव होता है। इसमें उसे आयास नहीं, थकावट नहीं, चिन्ता नहीं, व्यग्रता नहीं। दूसरों को दिखाने के लिए नहीं, अपनी प्रशंसा सुनने के लिए नहीं, और कर्त्तव्यबुद्धया भी वह इन कार्यों को नहीं करता है; किन्तु उसका स्वभाव ही उसे उस ओर ले जाता है। उसके बिना वह क्षण भर भी चैन से नहीं रह सकता है। उसके करने में उसे नैसर्गिक सुख का, आनन्द का आस्वादन मिलता है। इसी में मनुष्य को तन्मयता का असीम चमत्कार देख पड़ता है। यही जीवन का चरम लक्ष्य है। यही वस्तुतः पौरुष और पुरुषार्थ है।

लगभग तीस वर्ष हुए, स्वर्गीय पटल बाबू के साथ हमारा सबसे प्रथम परिचय बेलवेडियर प्रेस के प्रांगण में हुआ था। प्रथम दर्शन ही में मुझे इनके उदार चरित का आभास मिला। इनके साथ मेरा चिरन्तन परिचय रहा हो, ऐसा एक ही क्षण में मुझे भान होने लगा। उनकी क्रमिक विकसित एवं सर्वतोमुखी बुद्धि का परिचय तत्क्षण मुझे मालूम होने लगा। क्रमशः हम दोनों का परिचय बढ़ने लगा और अनेक क्षेत्रों में उनकी कार्यकुशलता को विभिन्न दृष्टिकोण से देखने का सुअवसर मुझे मिला। जितना कार्यभार उन्हें रहता था, उतना ही शान्त होकर वह अपने कार्य का सम्पादन करते थे। उनमें क्रोध आता था, किन्तु कर्त्तव्य के सामने उसी क्षण वह विनम्र हो जाते थे। अपने परिजनों को कार्य करने की क्षमता का प्रोत्साहन देने में वे बहुत कुशल थे। यद्यपि विशेषरूप से छपाई के कार्यों में उनका जीवन व्यतीत हुआ; किन्तु विभिन्न क्षेत्रों में भी उनकी व्यापारिक दृष्टि अद्भुत थी।

पटल बाबू में सौजन्य तथा सौहार्द देख पड़ता था। मित्रों, आगन्तुकों एवं अपने परिजनों के साथ उनका व्यवहार बहुत ही प्रिय तथा विचारपूर्ण रहता था। लोग उनसे अपने व्यावहारिक

कार्यों के सम्बन्ध में सलाह लेते थे । कार्य में व्यग्र रहने पर भी पटल बाबू ऐसे अवसर पर बहुत ही विचारशील होकर लोगों को सद्विचार देने में कभी अवहेलना या आलस्य नहीं दिखाते थे।

अपने कार्य के सम्पादन में उन्हें कदापि आलस्य एवं थकावट नहीं मालूम होती थी। शारीरिक कष्ट रहने पर भी कार्यक्षेत्र में उन्होंने कभी किसी प्रकार की बाधा का अनुभव नहीं किया। सब दिनों की भाँति उस समय भी पूर्ववत् अपने मंच पर सुखासीन होकर उसी चिरपरिचित क्षमता से कार्य करते हुए वे सदैव देख पड़ते थे। उनकी कार्यपरायणता को देख-कर कभी-कभी मैं क्षुब्ध रह जाता था और अपने मन में उनकी निपुणता की प्रशंसा करता था।

परिस्थितियों को समझने में, तदनुरूप कार्य करने में तथा प्रत्येक कार्य में नवीनता दिखाने में उनकी बुद्धि बहुत ही विकसित थी। दीर्घसूत्रता एवं आलस्य तो उन्होंने जाना ही नहीं ।

गार्हस्थ्य जीवन में एवं अपने भाइयों में जो प्रेम तथा सद्व्यवहार उन्होंने दिखाया, वह आदरणीय एवं आदर्श कहा जा सकता है। अपनी सद्बुद्धि और सद्व्यवहार से भ्रातृप्रेम को बढ़ाते हुए उन्होंने जो इंडियन प्रेस की सेवा की है और छपाई की कला को अग्रसर किया है, यह सबों के लिए उपादेय है। उनमें व्यग्रता कभी नहीं देख पड़ती थी। सभी कार्यों का स्वाभाविक प्रेम के साथ अनायास सम्पादन करने में उन्हें एक अलौकिक आनन्द मिलता था।

वस्तुतः यह एक वीर पुरुष थे। अपने पौरुष पर सदैव निर्भर रहते थे। कार्य करना और उसमें चातुर्य्य देखना इन्हें बहुत ही प्रिय था। उन्हें इसमें एक अपूर्व आनन्द का अनुभव होता था और उन्होंने इसी आनन्द में अपने जीवन को सफल बनाया। रुग्णावस्था में भी जिस निपुणता से अपने कार्य को करने में उन्हें जो आनन्द मिलता था, वह अनुकरणीय है। ऐसे पुरुष बहुत नहीं होते और प्रायः ये दीर्घ-जीवी भी नहीं होते ।



अविस्मरणीय पटल बाबू

पं० देवीदयाल चतुर्वेदी 'मस्त'

१८ मार्च १९५३ की प्रातःबेला। सदा की भाँति उस दिन भी मैं टहलने के लिए अपने घर से निकला। परन्तु राजमार्ग के प्रथम चौराहे पर ही इंडियन प्रेस के एक परिचित कर्मचारी ने मुझे देखते ही, निकट आकर कहा—'बड़े साहब नहीं रहे।'

'कब?' मैंने हतप्रभ होकर पूछा।

'कल—१७ मार्च '५३ को—सन्ध्या समय पौने पाँच बजे।'

मेरा हृदय भर आया। यद्यपि पिछले कुछ महीनों से पटल बाबू कलकत्ते में चिकित्सा करा रहे थे और उनकी दशा गंभीर भी थी; किन्तु कल संध्या समय पाँच बजे प्रेस से आते समय तक ऐसा कोई संवाद कलकत्ते से प्राप्त नहीं हुआ था, जिससे पटल बाबू की अन्तिम घड़ियों का आभास मिल सकता। उक्त सज्जन से ही विदित हुआ—'लगभग छः बजे यह निधन-संवाद टेलीफोन द्वारा प्राप्त हुआ था और रात में ही उनके परिवार के सदस्य कलकत्ते चले गये हैं। प्रेस आज बन्द रहेगा।'

यह दु:संवाद पाकर मैं फिर टहलने नहीं जा सका। चुपचुप घर लौट आया। रह-रहकर पटल बाबू की स्मृतियाँ मेरे मानस-क्षितिज पर बिजली की तरह कौंधने लगीं। उनकी जो निकटता मुझे प्राप्त थी, उनका जो स्नेह मुझे प्राप्त था, वह किसी आत्मीय-जैसा ही था। यही कारण था कि रह-रहकर उनकी स्मृतियाँ मेरी आँखों को गीला कर बैठती थीं।

दो तिथियाँ मेरे सामने झूल उठीं : २७ जनवरी, १८९९ और १७ मार्च, १९५३। एक जन्म-तिथि और दूसरी अवसान-तिथि! केवल ५३ वर्ष की आयु पाकर ही पटल बाबू का प्रभावशाली व्यक्तित्व इस संसार में आया था। कदाचित् यही कारण था कि उन्होंने सदा दूसरों के कल्याण का ध्यान रक्खा और भरसक कभी किसी परिचित को निराश नहीं किया। उनका व्यक्तित्व बड़ा प्रभावशाली था। वह जहाँ पहुँच जाते, सम्मान की उन पर वर्षा होने लगती। इसके दो कारण थे : एक तो वह इतने उदार थे कि न जाने कितनी संस्थाओं, कितने परिचितों और गरीब छात्रों के लिए उनकी सहायता का स्रोत सदा प्रवाहित रहता था, दूसरे वह इतने मधुरभाषी थे कि शायद ही कभी किसी को उनकी वाणी से कष्ट पहुँचा हो अथवा निराशा हुई हो।

पटल बाबू के साथ इंडियन प्रेस का स्वर्ण अध्याय संयुक्त है। उन्होंने अपने बुद्धिकौशल, घोर परिश्रम और उदार स्वभाव से इंडियन प्रेस का कार्यक्षेत्र दिनोंदिन व्यापक बनाने में कुछ उठा नहीं रक्खा। उन्हीं के कार्यकाल में इंडियन प्रेस से अनेक प्रथम श्रेणी की पत्र-पत्रिकाएँ प्रकाशित हुईं। 'सरस्वती' और 'बाल-सखा' का प्रकाशन यों तो पहले से ही हो रहा था; किन्तु इनका सर्वांगीण विकास पटल बाबू के ही कार्यकाल में हुआ और साप्ताहिक 'देशदूत' सचित्र कहानी पत्रिका 'मंजरी', अँगरेजी साप्ताहिक 'ओरियण्ट' आदि पत्र-पत्रिकाओं का प्रकाशन भी आपके कार्यकाल की चिरस्मरणीय घटनाएँ हैं। इन पत्र-पत्रिकाओं की सेवाएँ

अपने-अपने कार्यक्षेत्र में उन्हीं के संचालकत्व में सदा के लिए उल्लेखनीय बन गईं।

उतरती अवस्था में भी पन्द्रह-सोलह घण्टे तक कार्यव्यस्त रहना उनके लिए साधारण बात थी। घोर परिश्रम और प्रखर प्रतिभा का सम्मिश्रण ही उनकी अपूर्व सफलता का मेरुदण्ड था। यों तो उनकी प्रतिभा बहुमुखी थी; किन्तु उस प्रतिभा की दो प्रमुख धाराएँ थीं—एक तो मुद्रण-कला के आधुनिकतम शिल्प का अपने इंडियन प्रेस में प्रयोग करने की अदम्य लगन और दूसरी भवन-निर्माण-कला की गहरी परिष्कृत रुचि। इनके अतिरिक्त पुस्तक-लेखन, अनुवाद और पत्र-सम्पादन में भी पटल बाबू गहरी दिलचस्पी लेते थे।

कुछ लोगों की धारणा थी कि इतने अधिक कार्यव्यस्त रहकर पटल बाबू अपने प्रेस से प्रकाशित होनेवाली पत्रिकाओं को शायद ही कभी ध्यानपूर्वक पढ़ते हों। ऐसी धारणा का शायद एक कारण था : संपादकीय अधिकारों में हस्तक्षेप करने की उनकी प्रवृत्ति नहीं थी। किन्तु ऐसी धारणा सर्वथा निर्मूल थी। अत्यधिक कार्यव्यस्त रहने पर भी अपने तत्त्वावधान में प्रकाशित पत्र-पत्रिकाओं को वह ध्यानपूर्वक देखा करते थे और अवसर पड़ने पर सम्पादकों से आवश्यक पूछ-ताछ भी करते थे। इस संबंध में एक संस्मरण मैं कभी भूल नहीं सकता, जो पटल बाबू की पत्र-संचालन की सजगता का ज्वलन्त प्रमाण है।

अक्टूबर १९४८ की बात है। उस समय इन पंक्तियों का लेखक 'मंजरी' का सम्पादक था। नवम्बर की 'मंजरी' का अंक छपकर तैयार हो रहा था। मैं अपनी मेज पर बैठा संपादन-कार्य कर रहा था कि सहसा पटल बाबू का आह्वान सुनाई पड़ा—'चतुर्वेदीजी!'

इंडियन प्रेस का नवनिर्मित हाल इस ढंग से उन्होंने बनवाया है कि वह अपनी कुर्सी पर बैठे-बैठे ही प्रमुख कर्मचारियों को आवाज देकर सहज ही बुला लेते थे। किन्तु इस आह्वान के स्वर में सदा की भाँति मधुरता नहीं, एक तीक्ष्णता थी।

मैं फौरन उनके सामने जा पहुँचा। यह देखकर मुझे आश्चर्य हुआ कि नवम्बर की 'मंजरी' के मुद्रित फार्म उनकी मेज पर रखे हुए हैं। उनमें से पहला फार्म उठाकर उन्होंने मेरे सम्पादकीय नोट की ओर संकेत करते हुए कहा—'यह सब आपने क्या लिख डाला है?' उनका स्वर अब तक तीक्ष्ण ही था।

'सम्पादकीय नोट है।' मैंने कहा—'प्रकाशकों द्वारा कथाकारों का जो शोषण किया जा रहा है, उसी पर प्रकाश फेंका गया है।'

'प्रकाशकों पर आक्षेप करने का अर्थ है, संस्थाओं पर आक्रमण करना। मैं संस्थाओं पर आक्रमण नहीं करना चाहता, कारण मैं भी उन्हीं की जाति का हूँ—मैं भी प्रकाशक हूँ।'

यह पहला अवसर था, जब इंडियन प्रेस के अपने किसी कार्य के संबंध में पटल बाबू की त्योरियाँ मैंने चढ़ी हुई देखीं। ऐसे अवसरों पर मैं सचेष्ट रहने पर भी संपूर्ण रूप से नियंत्रित नहीं रह पाता। कह दिया मैंने—'क्षमा कीजिए, कुछ संस्थाएँ ऐसी भी होती हैं, जिन पर कभी आक्षेप न किए जाने की बात से मैं सहमत नहीं हो सकता।'

प्रखर प्रतिभा के धनी और गहन-गम्भीर पटल बाबू जैसे पत्र-संचालक को मेरी भावनाएँ समझते देर नहीं लगी। उनके स्वर की तीक्ष्णता कुछ कम हो गई। उन्होंने कहा—'ओह! मेरा मतलब आप नहीं समझे! अच्छा, कल

सुबह आठ बजे आप कोठी (निवासस्थान) पर आइए। सम्भव है, उस समय आप मेरा दृष्टिकोण समझ सकें।'

'अच्छा!' कहकर मैं अपनी मेज पर जाकर काम करने लगा।

मेरे स्वभाव की यह एक कमजोरी ही कही जायगी कि मैं किसी भी अप्रत्याशित घटना का सामना करते समय उग्रता और उतावली में बह जाता हूँ। फिर कुछ समय बीत जाने पर मैं उसी का विश्लेषण करता हूँ और बहुधा अपनी उग्रता तथा उतावली पर पश्चात्ताप भी कर लेता हूँ। इस घटना से भी मैं क्षुब्ध हो उठा। बहुत देर तक सोचता रहा कि मेरे उत्तरों से शायद पटल बाबू को आज कष्ट पहुँचा है। परन्तु प्रत्यंचा से छूटे बाण की तरह अब उन उत्तरों को वापस नहीं किया जा सकता था।

दूसरे दिन सुबह ठीक आठ बजे मैं पटल बाबू की आज्ञानुसार उनकी कोठी पर जा पहुँचा। कोठी के सामने मुसकराते उपवन के बीच एक छोटी-सी मेज के चारों ओर कुछ कुर्सियाँ पड़ी थीं, जिनमें से एक पर पटल बाबू आसीन थे और समाचार-पत्र पढ़ रहे थे। सूर्य की स्वर्णिम किरणों के बीच उनका उन्नत ललाट दूर से ही चमक रहा था। निकट पहुँचकर मैंने नमस्कार कर उनका ध्यान अपनी ओर आकृष्ट किया।

अभिवादन स्वीकार करते हुए उन्होंने कहा--'बैठिए।' और अखबार दूसरी कुर्सी पर रखते हुए बोले--'देखिए, आपको अपने सिद्धान्तों पर दृढ़ देखकर मुझे प्रसन्नता होती है। आचार्य द्विवेदीजी की भाँति आप अपना स्थान बना सकें, तो मुझसे अधिक प्रसन्नता शायद ही किसी को हो। परन्तु सिद्धान्तों की रक्षा के साथ संचालक की रक्षा भी आप कर सकें, तो अच्छा हो।'

कल की तीक्ष्णता और आज की मधुरता देखकर मैं स्तब्ध रह गया! रोष के स्थान पर यह सन्तोष देख, मैंने परिस्थिति को समझ लेने की चेष्टा करनी चाही--'तो क्या उस संपादकीय नोट से आपकी स्थिति......?'

मैं बात पूरी भी नहीं कह सका कि पटल बाबू मुसकराते हुए बोले--'हाँ, मेरी स्थिति संकटापन्न हो उठेगी। जहाँ यह अंक प्रकाशित हुआ कि स्थानीय प्रकाशकों की दौड़ मेरे पास प्रारंभ हो जायगी, और वे यही समझेंगे कि मेरी ही प्रेरणा से यह संपादकीय नोट लिखा गया है। तब मैं किस-किसको क्या-क्या उत्तर दूँगा?'

'आपको व्यक्तिगत कष्ट पहुँचाने की तो मैंने कभी कल्पना भी नहीं की। यदि मैं आपको सन्तोष नहीं दे सकता, तो कष्ट क्यों दूँगा?'

'तो मैं आपसे यह कहना चाहता हूँ कि आप अपने इस संपादकीय नोट को प्रकाशित न होने दें। उसे रोक लें और अन्य कोई नोट लिखकर आज ही प्रेस में दे दें।'

'जी, अच्छा। मैं अभी जाकर दूसरा नोट लिखकर दे दूँगा।'

इसी बीच उनकी मेज पर चाय आ चुकी थी। मुझसे कहा--'आप भी चाय पीजिए।'

मैंने चाय पीकर पटल बाबू से विदा ली और 'श्रमजीवी कथाकारों की समस्याएँ' शीर्षक दो पृष्ठव्यापी अपना संपादकीय नोट रोककर उसके स्थान में दूसरा नोट प्रेस में दे दिया। उक्त नोट अब तक मुद्रित रूप में मेरे पास सुरक्षित पड़ा है; किन्तु मैंने आज तक उसे कहीं प्रकाशित नहीं कराया।

इस घटना में पटल बाबू की सजगता, गम्भीरता और व्यावहारिक कुशलता की गहरी

[पृष्ठ १६४ देखिए

पटल बाबू की भवन-निर्माण-कला

श्री 'कलाकुमार'

आज पटल बाबू की भवन-निर्माण-कला की परिष्कृत रुचि की साक्षी देनेवाले भवनों पर मेरी दृष्टि पड़ती है, तो पटल बाबू की वह मूर्त्ति मेरी आँखों में झूल उठती है, जिसे मैं अनेक बार प्रातःबेला में कितने ही भवन बनवाते समय उनकी देखरेख करने में व्यस्त देख चुका था। मुद्रण-कला के बाद यदि किसी कला में उनकी गहरी रुचि थी, तो वह यही भवन-निर्माण-कला थी।

इंडियन प्रेस के कार्यालय का नवनिर्मित हाल न केवल भवन-निर्माण-कला की आधुनिकतम परिष्कृत रुचि का साक्षी है, प्रत्युत उसके निर्माण की पृष्ठभूमि पर प्रबन्ध-पटु पटल बाबू की कार्य-प्रणाली के सुचारु संचालन की सुविधा भी अपना अस्तित्व रखती है। इसकी दीवारों पर, इसके स्तंभों पर अथवा इसकी छत पर कहीं किसी सजावट का कोई चिह्न नहीं है और सादगी का ही समावेश है; किन्तु सुविधा की दृष्टि से इस हाल का अपना विशेष स्थान है।

प्रेस के भीतरी भाग की पुनर्रचना भी पटल बाबू ने आधुनिक ढंग पर कराने में अपने उस अनुभव और अवलोकन की छाप लगा दी है, जो उन्होंने योरप-भ्रमण में बटोरा था।

भवन-निर्माण-कला की पटल बाबू में सहज स्वाभाविक प्रवृत्ति थी। उन्होंने इसकी पूरी-पूरी जानकारी प्राप्त की थी और इस कार्य में उन्हें सदा आनन्दानुभव होता था। उनकी इसी प्रवृत्ति का यह परिणाम है कि इलाहाबाद के जिन सुनसान भागों में कभी गहरा सन्नाटा छाया रहता था, जहाँ साधारणतः आने-जाने में लोगों को भय लगता था अथवा जहाँ अरहर के खेतों में शृगाल बोला करते थे, वहाँ आजकल भव्य भवन खड़े मुसकरा रहे हैं और वहाँ का वातावरण दर्शनीय हो उठा है।

जवाहरलाल नेहरू मार्ग पर किले की ओर जब कभी मैं प्रातःबेला में टहलने जाता हूँ, तब नेहरूजी के आनन्द भवन से लगभग दो फलाँग बढ़ने पर बाईं ओर खड़ी हुई एक-से आकार-प्रकार की अनेक भव्य इमारतें सहसा मुझे अपनी ओर आकृष्ट कर लेती हैं। इन इमारतों को देखते ही मुझे पटल बाबू का ध्यान आ जाता है और मेरा हृदय भर आता है।

कितने मनोयोग से और रुचिपूर्वक पटल बाबू ने इन इमारतों का निर्माण कराया था, इसे मैं अच्छी तरह जानता हूँ। प्रातःबेला में नित्य टहलने की मेरी आदत है। इसी सिलसिले में अनेक बार मैंने अपनी आँखों पटल बाबू को इन इमारतों के निर्माण-कार्य का अवलोकन और निरीक्षण करते देखा है। क्या प्रेस-कर्मचारियों और क्या राजगीरों या कारीगरों से वह बढ़िया कार्य यथासंभव शीघ्र करा लेने का मानो जादू जानते थे।

इसी जवाहरलाल नेहरू मार्ग पर थोड़ा और आगे बढ़ते ही रेलमार्ग के निकट, एक छोटे से तालाब के तट पर, जहाँ कुछ दिनों पहले सर्वथा सूना आलम सायँ-सायँ किया करता था, आज जो भव्य इमारतें खड़ी हैं और जिनमें अनेक परिवार चैन से रहते हैं, उनके निर्माता पटल बाबू ही थे।

संध्या समय जब कभी किसी आवश्यक कार्य से सिविल लाइंस जाना पड़ता है, तब वहाँ भी सरदार वल्लभभाई मार्ग पर एक छोर से दूसरे छोर तक आधुनिक ढंग की इमारतें देखकर मेरा मन भर आता है। सिविल लाइन्स की इन इमारतों में आधुनिक ढंग की विभिन्न दूकानों की चकाचौंध किसी भी दर्शक को अपनी ओर आकृष्ट कर लेती है। इन दूकानों में जहाँ आधुनिक रंगीनियाँ नजर आती हैं, वहीं इनके ऊपरी हिस्से में मध्यवर्ग के अनेक सभ्य और सुसंस्कृत परिवार रहते हैं। सिविल लाइंस-जैसे महँगे क्षेत्र में मध्य वर्ग के परिवारों को निवास-स्थान मिलना आकाश-कुसुम ही था। किन्तु पटल बाबू की सूझ-बूझ द्वारा यह समस्या भी बहुत कुछ हल हो गई। इन इमारतों में जो दूकानें हैं, उनका नाम ही 'घोष बाजार' पड़ गया है। इन्हीं इमारतों में आधुनिक ढंग का चलचित्र-गृह 'प्लाजा' भी है।

केवल इमारतें बनवा देने से ही पटल बाबू को सन्तोष नहीं हो जाता था। उन इमारतों में रहनेवाले परिवारों अथवा दूकानदारों की सुविधा का भी वह बड़ा ध्यान रखते थे और यथासंभव उनकी कठिनाइयाँ दूर करके ही सन्तुष्ट होते थे।

भवन-निर्माण-कला में पटल बाबू की इतनी रुचि थी कि परिचितों के आग्रह पर वह न केवल उन्हें एतद्विषयक परामर्श दिया करते, प्रत्युत अपने अमूल्य समय का कुछ भाग भी सहर्ष खर्च कर क्रियात्मक सहयोग देकर प्रसन्नता का अनुभव करते थे।

अविस्मरणीय पटल बाबू

[पृष्ठ १६२ का शेष]

छाप है। संचालक होने के नाते उनकी आज्ञा का पालन मुझे करना ही पड़ता; परन्तु उन्होंने सीधी आज्ञा न देकर मुझे अपनी संभाव्य कठिनाइयाँ बतलाकर ही अपनी इच्छा प्रकट की। दूसरों की प्रतिभा को परखने और उसका सम्मान करने की ऐसी क्षमता बहुत कम पत्र-संचालकों में पाई जाती है।

'सरस्वती' के सम्पादन का भी पटल बाबू यथेष्ट ध्यान रखते थे। गत वर्ष कलकत्ते से जब स्वस्थ होकर लौटे, तो भेट होने पर उन्होंने सबसे पहले 'सरस्वती' की सम्पादन-संबंधी बातें ही मुझसे पूछीं।

मेरे पुत्र के विवाहोपलक्ष्य में दिए गए प्रीति-भोज में जब मैंने उन्हें ससंकोच निमंत्रण दिया और सम्मिलित होने का आग्रह किया, तो सहर्ष स्वीकृति दे दी और अपने अनुज बाबू हरिप्रसन्न घोष एवं ज्येष्ठ पुत्र श्री देवप्रसाद घोष के साथ प्रीतिभोज में सम्मिलित होकर मुझे अनुगृहीत किया।

'मंजरी' का प्रकाशन जब इंडियन प्रेस द्वारा बन्द कर दिया गया, तब प्रेस से मेरे पृथक्करण का प्रश्न सामने आया; किन्तु पटल बाबू ने मुझे पृथक् नहीं किया। प्रेस का साहित्यिक कार्य वह मुझसे लेते रहे। कालान्तर में श्री बख्शीजी के साथ मुझे भी 'सरस्वती' का सम्पादक नियुक्त कर उन्होंने अपनी उदारता का परिचय दिया।

इतनी आत्मीयता और निकटता का मेरा संबंध जिन पटल बाबू के साथ रहा हो, उनके अवसान पर मेरा परितप्त हो उठना सर्वथा स्वाभाविक था। उनका व्यक्तित्त्व मेरे लिए अविस्मरणीय है।

मिलनसार पटल बाबू

श्री रामेश्वर गुरु, एम० ए०

पटल बाबू का नाम हरिकेशव घोष के रूप में बहुत वर्षों पहले सुना था। स्वर्गीय पूज्य पिताजी पंडित कामताप्रसाद गुरु का संबंध इंडियन प्रेस से बहुत पुराना था और पटल बाबू से नियमित रूप से उनका पत्र-व्यवहार हुआ करता था। स्वर्गीय चिन्तामणि घोष की परम्परा श्री हरिकेशव ने बड़ी खूबी के साथ निबाही और पूज्य पिताजी को उसी सम्मान और गुरु-भाव से देखते रहे, जिस रूप में स्वर्गीय चिन्तामणि घोष देखते थे। "डियर पंडितजी" के साथ पत्र का आरंभ करते थे और बड़ी नम्रता और सौजन्य के साथ पत्र समाप्त करते थे।

उस समय तक मैंने हरिकेशव घोष के दर्शन नहीं किए थे और इंडियन प्रेस के अधिष्ठाता और जनरल मैनेजर के रूप में ही उन्हें जानता था। 'पार्वती और यशोदा' तथा 'पद्य-समुच्चय' दो पुस्तकें पिताजी की इंडियन प्रेस से प्रकाशित हुई थीं। नागरी प्रचारिणी सभा के प्रकाशनों का मुद्रण और वितरण-भार जब इंडियन प्रेस ने लिया, तब व्याकरणों का प्रकाशन भी इंडियन प्रेस का उत्तरदायित्व बना। इन्हीं तथा इनसे संबंध रखते हुए प्रिय और अप्रिय प्रसंगों पर पूज्य पिताजी का पत्र-व्यवहार पटल बाबू से होता रहता था; पर ऐसा कभी नहीं हुआ कि पूज्य पिताजी और पटल बाबू के आत्मीय संबंधों में कोई फर्क पड़ा हो।

पूज्य पिताजी के निधन के पश्चात् मैं एक कार्यवश प्रयाग गया और झिझकते-झिझकते पटल बाबू से मिलने गया। बड़े आदमियों से और विशेषकर सम्पत्ति के बड़प्पनवालों से मिलने में मुझे डर-सा लगता है। जहाँ तक बन पड़ता है, मैं उनसे दूर ही रहता हूँ। परन्तु पटल बाबू से जब मिला, तब ऐसा कुछ लगा कि काफी पुराने आत्मीय संबंध की पृष्ठभूमि पर इंडियन प्रेस के जनरल मैनेजर मुझसे बातें कर रहे हैं। इसके पूर्व कि मैं और कोई बातचीत करूँ, उन्होंने काफी समय तक घर, कुटुम्ब और जीविका-संबंधी प्रश्न पूछे और संतोष प्रकट किया कि मैं पूज्य पिताजी की परम्परा पर चलने का प्रयत्न कर रहा हूँ। कई बार उन्होंने कहा कि निस्संकोच उनसे सहयोग लेना चाहिए। मैंने उनसे कहा कि 'पार्वती और यशोदा' नामक पिताजी की पुस्तक का पुनर्प्रकाशन मैं करना चाहता हूँ और अनुमति मिल जाती, तो अच्छा होता। उन्होंने बिना किसी हिचक के सहर्ष अनुमति दे दी। साधारण शिष्टाचार के जितने भी नियम-उपनियम होते हैं, उनका पालन करते हुए पटल बाबू ने आग्रह किया कि मैं जब कभी प्रयाग आऊँ, उनसे अवश्य मिला करूँ। आध घंटे की मुलाकात काफी संतोषजनक और आत्मीयता भरी रही।

दूसरी मुलाकात पटल बाबू से अंतिम मुलाकात थी। मेरी आंतरिक इच्छा थी कि मैं इंडियन प्रेस से साहित्यिक संबंध स्थापित किए रहूँ और पूज्य पिताजी के संबंध को अपने जीवन में भी चलाए चलूँ। पटल बाबू से मैंने पत्र-व्यवहार किया। पत्र देने की देर कि उत्तर आया और वह भी बड़ी अनुकूल और सहृदय

भाषा में। दो-तीन 'आफर' उनके पत्र में थे और सभी अनुकूल और अच्छे। साहस और शौर्य पूर्ण एक अँगरेजी उपन्यास भी भिजवाया कि मैं उसका अनुवाद करूँ। इसी बीच कुछ ऐसी परिस्थितियाँ आईं कि पत्र-व्यवहार का क्रम ढीला पड़ गया। मैं अन्य उलझनों में फँस गया और हिंदी में किया हुआ अनुवाद ज्यों का त्यों रखा रह गया। उन्होंने आग्रह किया था कि पुस्तकों के संबंध में मैं निस्संकोच सुझाव और सलाह देता रहूँ। यह कार्य भी मैं इच्छा रहते हुए भी पूरा-पूरा नहीं कर सका और आज जब ये संस्मरण लिखने बैठा हूँ, तब सोचता हूँ कि काश, ये सब कार्य उनके सामने कर उन्हें मैं सन्तुष्ट कर सकता और उनका आत्मीय तथा स्नेह-भाजन बन सकता। पर अब तो पश्चात्ताप-मात्र हाथ रह गया है।

मेरा परिचय बहुत ही थोड़ा और काफी हलका था, फिर भी इतने थोड़े परिचय में भी मैं पटल बाबू के मनुष्य और इंसान को नजदीक से देख सका, इसका मुझे संतोष है।

कर्मयोगी पटल बाबू

पं० ज्वालादत्त शर्मा

स्वर्गीय चिन्तामणि घोष एक युगान्तकारी मानव थे। उन्होंने बहुत साधारण स्थिति से ईर्ष्या-योग्य स्थिति सीधे हाथ और सच्चे मार्ग से प्राप्त की थी। स्वर्गीय आचार्य द्विवेदीजी का उनसे बहुत ही घनिष्ठ सम्बन्ध था। एक बार मैं किसी विशेष कारण से प्रयाग गया था। उस समय पहली बार प्रेस जाकर उनसे मिला। आँखों से उन्हें कम दिखाई देने लगा था।

वर्त्तमान 'बालसखा'-सम्पादक से उसी समय प्रथम परिचय हुआ था। स्वर्गीय भट्टजी उस समय 'बालसखा'-सम्पादक थे। मैं उनसे बहुत पहले से परिचित था। उन्होंने ही घोष बाबू से मेरा परिचय कराया था।

पटल बाबू अपने पिता की समस्त विभूतियों का प्रतिनिधित्व करते थे। काम के पीछे वे अपने स्वास्थ्य की चिन्ता नहीं करते थे। इस बात में उन्होंने अपने पिता का अनुकरण नहीं किया। स्वभाव में वही मृदुता और उदारता थी। काम करने की उनको भी अधिक लगन थी और इस रूप में कि बूढ़े बाबू ने नीचे से ऊपर चढ़ने का भयंकर मार्ग तय किया था और ये तो मुंह में चाँदी का चम्मच लिये पैदा हुए थे, फिर भी परिश्रम करने में उन्होंने साधारण स्थिति के लोगों को भी नीचा दिखा दिया था। उनकी माताजी के देहान्त होने पर बूढ़े बाबू ने अपने शरीर और मन की देख-भाल के लिए बहुत उत्तम प्रबन्ध किया था। पटल बाबू इस मामले में असावधान थे। कहीं उन्हें काम की उन्नति के साथ शरीर की रक्षा की भी बूढ़े पिताजी की तरह चिन्ता होती, तो उनके परिवार और मित्रों को असमय में इस रत्न के छिन जाने का दुःख न झेलना पड़ता।

कोई ३ वर्ष हुए, वे अपनी चिकित्सा के लिए बम्बई के सुप्रसिद्ध मधुमेह-चिकित्सक डाक्टर बार्क जी० पण्डितजी के यहाँ आये थे। मुझे उनका यही अन्तिम दर्शन था। उनके जाने के बाद मैंने डा० पण्डित साहब से पूछा, तो उन्होंने यही बताया कि दवा तो अपना काम करती है; किन्तु बाबू साहब इस रोग में जितना विश्राम लेना चाहिए, नहीं लेते और काम के लिए इधर-उधर लंबी यात्राएँ भी करते रहते हैं। इतना काम करके स्वस्थ आदमी भी थक जाया करता है, फिर इस रोग में रोगी का थक जाना बहुत घातक है। वही हुआ। काम करते-करते कर्मयोगी चला गया।

श्रद्धा के दो पुष्प

श्री कमलाशङ्कर सिंह

पटल बाबू का पार्थिव शरीर अब हमारे साथ नहीं रहा। उनका वरद हस्त हमारे कन्धों पर थपकियाँ नहीं दे सकेगा। उनके सहज स्नेह की शीतल छाया अब लुप्त हो गई। आज हम उनके प्रति श्रद्धांजलि अर्पित कर रहे हैं। कुछ समझ में नहीं आ रहा है कि क्या, कैसे, कुछ कहूँ? कितनी ही बिखरी-सी बातें याद आ रही हैं; कितने ही प्रसंग एक-एक करके आँखों के आगे नाच रहे हैं। उन सबको मैं कैसे झिलमिलाते शब्दों में उतारूँ? उनका गोरा रंग, मुख पर शान्ति और दृढ़ता की छाप, नेत्रों में दूर तक देखनेवाली भेदक दृष्टि, व्यवहार में सरलता और गति, स्वच्छ मन तथा गहरी सहानुभूति का भाव, पटल बाबू के सजीव व्यक्तित्व का चित्र क्या कभी आँखों के सामने से हट सकेगा?

कुछ चित्रों के सम्बन्ध में पटल बाबू ने मुझे प्रयाग बुलाया था। यहाँ आकर मैं उनके अतिथि-गृह में ठहरा। आलस्य से मुझे प्रीति है, यह भी पटल बाबू सुन चुके थे। जाड़े के दिन थे। मैं आलस्य के साथ रजाई में लिपटा हुआ पड़ा था। गर्मी हो चाहे बरसात, मैं सुबह आठ बजे के पहले उठना उचित नहीं समझता। आलस्य के साथ पड़े रहने में ही मुझे सुख और शान्ति मिलती है। शरद ऋतु में तो कभी-कभी नौ-दस बज जाते हैं और मैं पलंग पर पड़े-पड़े ही अपने मित्रों को अपने आलस्य का परिचय दिया करता हूँ। ठीक साढ़े पाँच बजे प्रातः पटल बाबू अतिथिगृह में प्रवेश करते ही मुझसे पूछ बैठे—'कहो भाई, अच्छी तरह सोए? नींद लगी या नहीं?'

मैं बड़े अजमंजस में पड़ गया। क्या उत्तर देता? मेरे सोने का असली समय तो वही था पर आदर की भावना से मेरा सिर झुक गया। मैंने प्रणाम किया और आलस्य को दूरकर शीघ्र हाथ-मुँह धोकर सचेत हो गया। आलस्य पटल बाबू से दूर रहता, और जब तक वह मेरे सामने रहते, मैं भी उससे विरक्त रहता। पटल बाबू से काम करने की बड़ी प्रेरणा मिलती। सुबह वहीं पटल बाबू चाय मँगा लेते और मेरे साथ चाय पीते-पीते ही चित्र-सम्बन्धी अनेक आवश्यक बातें कर लेते।

मैं उनके अतिथिगृह में तीन-चार मास तक ठहरा। जब तक मैं वहाँ रहा, यही प्रतिदिन का नियम था। पटल बाबू अपने अतिथियों के आराम की छोटी-छोटी बातों के प्रति भी सजग रहते। जितना ध्यान वह मेरे आराम का रखते थे, मुझे बड़ा अटपटा लगता था। एक रात मैं घूमकर देर से लौटा। कोठी के फाटक बन्द हो गए थे। चौकीदार को फाटक खोलने के लिए मैंने आवाज दी। फाटक खुलने पर भी उनका कुत्ता एक ऐसा जागरूक प्रहरी था कि उसके कारण अतिथिगृह तक मेरा पहुँचना कठिन हो गया। पटल बाबू नीचे ही बरामदे की कोठरी में कुर्सी पर बैठे कोई पुस्तक पढ़ रहे थे। वह नित्य ही ११-१२ बजे रात तक एक विद्यार्थी की भाँति अध्ययन किया करते थे। संकोचवश मैं नहीं चाहता था कि पटल बाबू यह जान लें कि मैं रात में घूमकर ११-१२ बजे लौट रहा हूँ। इसलिए उनके कुत्ते के शोर से मुझे अधिक घबराहट थी।

अतिथि-गृह में पैर रखते ही नौकर ने भोजन के लिए पूछा। भोजन-गृह जाते समय उस कोठरी का दरवाजा बिलकुल सामने पड़ता है, जहाँ पर पटल बाबू पढ़ रहे थे। इसलिए मैंने नौकर से झूठ कह दिया कि मैंने भोजन कर लिया है। मेरे आश्चर्य का ठिकाना उस समय नहीं रहा, जब नित्य की भाँति पटल बाबू सुबह मिले और नींद के सम्बन्ध में पूछने के बाद ही बोल उठे कि कल रात में भोजन क्यों नहीं किया? मैं कुछ लज्जित हुआ और फिर झूठ बोला कि भोजन कल मैंने लीडर प्रेस में एक मित्र के यहाँ किया था।

उस दिन से जब कभी मैं रात्रि में घूमकर देर से लौटा, मैंने अपना भोजन सदैव अपने कमरे में सुरक्षित रखा हुआ पाया। ऐसे अनुभवी व्यक्ति की सूझ-बूझ की जितनी भी सराहना की जाय, थोड़ी है।

पटल बाबू अपने जीवन के प्रत्येक क्षण को मूल्यवान् समझते थे। उन्हें दूसरे के समय का भी अधिक ध्यान रहता था। एक बार मुझे प्रेस में एक अधिकारी ने बुला भेजा। मैं जाकर पटल बाबू से जब मिला, तो उन्होंने उस अधिकारी को समझाया कि इस प्रकार के छोटे कामों के लिए कलाकारों को नहीं बुलाना चाहिए। उनके समय की बड़ी कीमत होती है। मुझे मोटर पर शीघ्र वापस भेज दिया। जब कभी उनको किसी आवश्यक कार्य से मुझे बुलाना हो, तो वे मोटर सदैव भेज देते थे। यद्यपि यह बात वह भली भाँति जानते थे कि मैं समय से कोई काम नहीं करता और समय के अधिक बन्धन में रहना मैं पसन्द नहीं करता।

इस प्रकार मैं उनके घनिष्ठ सम्पर्क में आया और उनकी दिनचर्या और कार्य-शैली को निकट से देखने का मुझे मौका मिला। पटल बाबू प्रातः-काल पाँच बजे से रात में ११-१२ बजे तक काम करते रहते थे। एक पल भी अपनी आयु का उन्होंने व्यर्थ नहीं खोया। अपने व्यापारिक कार्यों से छुट्टी पाते ही पुस्तकें पढ़ने में समय व्यतीत करते। कोठी में ऊपर, जहाँ वह रात्रि में सोते थे, मुझे ले जाकर वह स्थान दिखलाया। एक चौकी पर रेशमी गद्दा पड़ा हुआ था। चौकी के तीन ओर काठ के सुन्दर रैक थे, जिनमें विभिन्न विषयों की पुस्तकें रखी हुई थीं। तख्त पर टेली-फोन और घड़ी भी थी। ११ बजे रात्रि में वह नीचे से ऊपर सोने के लिए जाते थे और ऊपर जाकर इसी चौकी पर लेटकर पुस्तक पढ़ते-पढ़ते सो जाते थे।

पढ़ने के अतिरिक्त कला के प्रति भी उनकी विशेष रुचि थी। मानसिक आह्लाद के लिए अपने कमरों-बरामदों को सुन्दर चित्रों से सँवार-कर वह रखते थे। उनकी सौन्दर्य-भावना बहुत ही विकसित थी। चित्रकारों के चित्रों को वह बड़े चाव से देखते और उनको देखते-देखते तन्मय हो जाते थे। विदेशों में उन्होंने अनेक 'आर्ट-गैलरियाँ' देखीं और चित्रकारों से भेंट की। यद्यपि वह कूँची और रंगों से कोई चित्र नहीं बना सकते थे, पर चित्रकला को वह खूब समझते थे। एक रंग के समीप दूसरे रंग को किस प्रकार स्नेह या सम्मान से प्रकट करना चाहिए, यह बात वह जानते थे। साधारण से साधारण चित्रकारों का भी वह हृदय से आदर करते थे।

उत्तरप्रदेश के चित्रकारों के प्रति उनकी सहानुभूति विशेषरूप से उल्लेखनीय है। उनके हृदय में किसी के लिए भेदभाव नहीं था। कोई छोटा हो या बड़ा, अपना हो या पराया, स्वजातीय हो या विजातीय, सभी समान रूप से उनके प्रेम

के भाजन थे और सभी के कल्याण के लिए वे प्रयत्नशील रहते थे। चित्रकारों के संगठन की चर्चा वह प्रायः करते और उनको मिल-जुलकर काम करने की सलाह देते थे। अच्छे चित्रों के प्रकाशन के लिए वे बराबर तैयार रहते थे। प्रसिद्ध चित्रकार श्री हल्दार और श्री मजूमदार के चित्रों की चित्रावलियाँ उन्होंने प्रकाशित कीं और उनकी इच्छा थी कि सांस्कृतिक ग्रन्थों पर विशेष रूप से चित्रावलियाँ तैयार की जायँ। कादम्बरी, मेघदूत, शकुन्तला आदि पर चित्रावली तैयार करने के लिए उन्होंने मुझे आज्ञा दी थी। उनका कहना था कि एक अच्छा चित्र हजारों की संख्या में छापकर लोक-सुलभ बनाया जा सकता है। बहुत कम ऐसे लोग हैं, जिन्हें मूल चित्रों के संग्रह में रुचि है, इसलिए कला के प्रचार के लिए चित्रों का प्रकाशन आवश्यक है। जब कोई प्रकाशक इस प्रकार साहित्य या कला की श्रेष्ठ कृति प्रकाशित करता है, तो उसे उचित गर्व का अनुभव होता है।

चित्रों के निर्माण के लिए पटल बाबू की एक योजना थी। चित्रकारों को चित्र बनाने के लिए उत्साहित करने और उनके चित्रों की बिक्री तथा प्रचार के लिए एक समिति बना दी जाती। चित्रों के तैयार होते ही यह समिति चित्रों का उचित मूल्य निर्धारित कर आधी कीमत चित्रकारों को तत्काल दे देती, जिससे उनकी चित्रकारी में आर्थिक रुकावट न आने पाती। चित्रों का प्रचार किया जाय और उनकी बिक्री के बाद आवश्यक खर्च के लिए आय से कुछ प्रतिशत काटकर बाकी सब मूल्य चित्रकारों को दे दिया जाय।

चित्रों के प्रदर्शन के लिए सिविल लाइंस, प्रयाग में एक बड़ा कमरा देने का उनका विचार था। इस प्रदर्शन-कक्ष का उद्घाटन प्रसिद्ध कलाकार नन्दलाल बोस द्वारा कराने की बात चल रही थी। चित्रकला को अत्यधिक लोक-प्रिय बनाने के लिए उनका विचार था कि विवाह तथा विशेष शुभ अवसरों और उत्सवों पर चित्र, चित्रावली इत्यादि भेंट करने की प्रथा चलाई जावे।

देशी आकृति के शय्यासन, कुर्सियाँ, मिट्टी के खिलौनों तथा साड़ियों के किनारों में भारतीय अलंकरण होने की बात वह कहते थे। किसी समय सारा देश अपने ही रूपों और अलंकरणों से भरा हुआ था। विदेशी संस्कृति ने आकर उन्हें चाट लिया। शनैः शनैः फिर उनका उद्धार करना होगा।

चित्रकारों को सामूहिक रूप से सहायता करने की लगन उनमें थी ही, व्यक्तिगत रूप से भी वे चित्रकारों की सहायता बराबर किया करते थे। जब तक वे हमारे बीच थे, मैंने बराबर यही अनुभव किया कि मेरे काम में यदि पैसे के कारण कभी रुकावट पड़ी, तो पटल बाबू तो हैं ही। पटल बाबू के कोष में 'नहीं' शब्द था ही नहीं। यहाँ तक कि एक बार मैंने उनसे कहा—"पटल बाबू! बिना माडेल के आधार के हम लोग जो रेखाएँ खींचते हैं, वे भले ही भावपूर्ण अधिक हों; किन्तु शारीरिक ज्ञान तो अपूर्ण ही रहता है।" पटल बाबू यह सुनते ही बोल उठे—"माडेल का प्रयोग तुम अवश्य करो। यदि सुलभ हो, तो उसका सारा खर्च मैं दूँगा।"

दुर्गा-पूजा के अवसर पर दशमी के दिन मैंने एक चित्र उनको भेंट किया। उस चित्र को देखते ही वह विभोर हो गए और उसे अपनी प्रिय संकलित वस्तुओं की बीच उन्होंने रखा।

मैं नहीं जानता कि इस समय हमारे प्रान्त में और भी कोई ऐसा कलाप्रेमी व्यक्ति है, जो इस प्रकार कलाकारों का आदर करता हो और उनकी कृतियों को लोकप्रिय बनाने की लगन उसमें हो।

प्रचुर प्रतिभा-सम्पन्न श्री हरिकेशव घोष

श्री हीरालाल खन्ना, एम० एस-सी०

मैं जब कायस्थ पाठशाला, इलाहाबाद की इण्टरमीजिएट कक्षा में पढ़ता था, उस समय 'हिन्दुस्तान-रिव्यू' में अंतिम प्रूफ पास करने का काम मुझको मिल गया था। उसके द्वारा मुझे मास में १० रु० से लेकर १५ रु० तक आय हो जाती थी। यह काम मेरे सहपाठी श्री अखौरी भोलानाथजी—आत्मीय स्वर्गीय डॉ० सच्चिदानन्द सिन्हा—की कृपा से मिल गया था। अधिक आर्थिक आवश्यकता के कारण उक्त डॉ० साहब का एक सिफारशी पत्र लेकर में इण्डियन प्रेस के मालिक तथा व्यवस्थापक स्वर्गीय श्री चिंतामणि घोष के निवास-स्थान पर सकुचाता हुआ पहुँचा। द्वार पर एक आठ-नौ वर्ष के सुन्दर बालक से मेरी भेंट हुई। थोड़ी बातचीत होने के उपरान्त उस हँसमुख बालक ने एक अधेड़ कार्यव्यस्त महानुभाव के सम्मुख मुझे बड़े प्रेम से पहुँचा दिया। वे सज्जन पत्रों के ढेर को तरतीब में रख रहे थे। मैं लगभग १० मिनट तक चुपचाप उनके सामने बैठा रहा, तब कहीं उन्होंने मेरी ओर ध्यान दिया और मेरे आने का प्रयोजन जानना चाहा।

मैंने बड़े संकोच से सिनहा साहब का पत्र उनको दिया। उन्होंने पत्र पढ़कर पूछा—"तुम 'हिन्दुस्तान-रिव्यू' के प्रूफ पास किया करते हो ?"

मैंने उत्तर दिया—"जी हाँ। मैं कायस्थ पाठशाला का छात्र हूँ और 'हिन्दुस्तान-रिव्यू' का प्रूफ पास किया करता हूँ। मुझे दो आने पन्ने के हिसाब से आय हो जाती है। बड़ी कृपा हो, यदि आप भी मुझसे कुछ इसी प्रकार का कार्य ले सकें।"

उन्होंने मुझसे कुछ और पूछताछ की और फिर कभी आने को कहा।

यह बालक ही हमारे चरित्र-नायक पटल-बाबू हैं। उन्हीं की कृपा से मुझे आगे चलकर इण्डियन प्रेस से भी काम मिलने लगा। इस प्रकार प्रेस से मेरे सम्पर्क का प्रारम्भ हुआ। फिर तो आगे चलकर यह सम्पर्क घनिष्ठ से घनिष्ठतर होता गया।

पहले मैं कायस्थ पाठशाला का और फिर म्योर कालेज का छात्र रहा। वहाँ से बी० एस्-सी० पास करने के बाद सी० ए० वी० हाई-स्कूल, इलाहाबाद में विज्ञान का अध्यापक हो गया। ऐसा बिरला ही कोई सप्ताह होता था, जब मेरा पटल बाबू से साक्षात् न होता हो। अध्यापन-कार्य करते हुए जब मैं एम० एस्-सी० पास हो गया, तब सेण्ट जांस कालेज, आगरा में प्रोफेसर होकर चला गया। मैं सन् १९२२ में बोर्ड ऑफ हाईस्कूल एण्ड इण्टरमीजिएट एजुकेशन का सदस्य हुआ। उसकी कमिटियों की बैठकों में मेरा इलाहाबाद आना-जाना बराबर होता रहा और पटल बाबू के सम्पर्क में आने का अधिक अवसर मिला।

सन् १९२३ में उन्होंने मुझसे एक अंकगणित की पुस्तक लिखने का आग्रह किया। वे उसका प्रकाशन करना चाहते थे। स्वार्थ से प्रेरित होकर मैं इसके लिए तैयार हो गया; किन्तु निकट भविष्य की एक घटना ने मुझे उक्त पुस्तक लिखने से रोक दिया। लखनऊ डिवीजन के स्कूल-इन्सपेक्टर श्रीयुत वैदरल भूगोल के प्रगाढ़ पंडित थे। उनकी विद्वत्ता सर्वमान्य

थी। बोर्ड की अगली बैठक में 'केरीक्यूलम कमिटी' के संयोजक-पद से उनका त्यागपत्र पेश हुआ। उसमें उन्होंने संकेत किया कि वे भूगोल पर एक पुस्तक लिखना चाहते हैं, अतः उस समिति का सदस्य रहना, जो उस पुस्तक पर विचारकर निर्णय करेगी, उनके लिए उचित न होगा। इस अनुकरणीय उदाहरण ने मुझे बहुत प्रभावित किया और मैंने निश्चय कर लिया कि या तो मैं बोर्ड की सदस्यता करूँ या पुस्तकें लिखूँ। जब मैंने अपना यह विचार पटल बाबू पर प्रकट किया, तो उन्होंने इसका स्वागत किया। फिर उन्होंने मुझसे कभी कोई पुस्तक लिखने को नहीं कहा। इस घटना का उल्लेख उन्होंने अपने उस लेख में किया है, जो मुझे भेंट किए गए अभिनंदन-ग्रंथ में मुद्रित है।

पटल बाबू का मेरा साथ अनेक क्षेत्रों में रहा है। मैं प्रायः इलाहाबाद में उन्हीं के यहाँ ठहरता रहा हूँ। इस प्रकार भिन्न-भिन्न दृष्टि-कोणों से मेरा उनका घनिष्ठ सम्पर्क रहा है। कठिन से कठिन गुत्थियों को शीघ्र से शीघ्र सुलझाने में उनका ऐसा सिद्धहस्त मेरी जान में तो नहीं है। किसी समस्या की गहराई में वे तुरन्त पहुँच जाते थे और उसके सुलझाने का ऐसा सुगम मार्ग निकाल लेते थे कि उनके साथी और मित्र चकित हो जाते थे।

पटल बाबू के सदृश उदार, क्रियाशील और सच्चे मित्र का मिलना असम्भव है। उनके साथ बैठना, उनसे बातें करना और उनकी कार्य-कुशलता को देखना एक शिक्षा थी। वे जिस कार्य में हाथ डालते थे, उसकी सफलता के लिए सतत् प्रयत्नशील रहते थे। वे अपने कार्य-क्षेत्र में छोटे से छोटे ब्योरे पर पूर्णतया विज्ञ रहते थे। इसके उदाहरण-स्वरूप मैं एक घटना का उल्लेख कर देना उचित समझता हूँ।

सन् १९३८ में वे मेरे यहाँ कानपुर में ठहरे हुए थे। मेरा पुत्र, जो प्रयाग विश्वविद्यालय का स्नातक हो चुका था, व्यवसाय करना चाहता था। मैंने पटल बाबू से अनुरोध किया कि वे नंदलाल को कुछ उपदेश दें, जिसके आधार पर वह व्यापार में कुछ सफलता प्राप्त कर सके। उन्होंने बड़े प्रेम से उससे कहा—"नंदो, यदि तुमको अंकों से प्रेम हो जाय, तो तुम किसी काम में असफल नहीं हो सकते।"

मैंने कहा—"पटल बाबू, मैं इसका अर्थ नहीं समझा।"

उसी समय अपने सूटकेस से एक सुन्दर जिल्दवाली कापी निकालकर उन्होंने कहा—"अब आप मुझसे मेरे किसी काम के पूर्ण ब्योरे को पूछिए। मैं आपको निश्चित उत्तर दूँगा। मैं यह भी बतला सकूँगा कि मेरे अमुक मकान में इस महीने में कितनी बिजली खर्च हुई है। मैं समय-समय पर इस कापी के पन्ने उलट-पुलटकर देखा करता हूँ।"

मैं अनायास पूछ बैठा—"डाक्टर ईश्वरी प्रसाद के इतिहास पर आपने अब तक कितनी रायल्टी दी है?"

उनके उत्तर से मैं अवाक् रह गया।

उनमें एक विशिष्ट गुण यह भी था कि उनके संसर्ग में यदि कोई एक बार आया, तो उन्होंने जीवन-पर्यन्त बड़े प्रेम और उदारता से उसके संबंध को निबाहा। बिरला ही कोई होगा, जो उनके पास गया हो और आवश्यकता पड़ने पर उन्होंने उसकी सहायता न की हो।

कार्य में व्यस्त रहना ही उनका एक व्यसन था। मित्रगण जब-जब उनसे इतना अधिक

काम न करने का अनुरोध करते, तो वे हँसकर उत्तर देते थे—"मैं समय कैसे काटूँ?" परिमाण से अधिक काम करते रहने से वे कभी-कभी अस्वस्थ हो जाते थे। किन्तु स्वस्थ होते ही वे संबंधियों और मित्रों के मना करते रहने पर भी फिर कार्य करने में तत्पर हो जाते थे।

स्वर्गीय प्रो० सुरेन्द्रनाथ देव पटल बाबू के श्वशुर और मेरे गुरु थे। वे प्रायः उनको समझाया करते थे कि "अति अच्छी नहीं होती।" किन्तु वे तो उसको हँसकर टाल दिया करते थे। प्रो० देव को हम लोग प्रेम से छोटे बाबू कहकर पुकारा करते थे। वे और मैं एक बार कलकत्ते में एक साथ एक ही कमरे में ठहरे हुए थे। उन दिनों पटल बाबू बीमार थे। उन्होंने मुझसे कहा—"पटल तुम्हारा मित्र है और तुम्हारा आदर करता है। तुम उसको समझाओ कि क्षमता से अधिक काम न किया करे।"

रोना इसी बात का है कि बीमारी की अवस्था में तो वे हम लोगों के आग्रह पर अवश्य आश्वासन दे देते थे कि अब अधिक परिश्रम न करेंगे; किन्तु स्वस्थ हो जाने पर उस बात पर विशेष ध्यान न देकर अधिक से अधिक कार्य में व्यस्त हो जाते थे। इन सब बातों का ध्यान कर दिल बैठ जाता है और मुँह से एक आह निकलती है।

संकट-मोचन पटल बाबू

पं० गौरीशंकर मिश्र, अध्यक्ष, जिला बोर्ड, गोरखपुर

पटल बाबू आज हमारे बीच में नहीं हैं। परन्तु उनकी असीम उदारता, मुसकराती सहानुभूति, अदृश्य दानशीलता और स्तुत्य मानवता, रह-रहकर हमारे नेत्रों में उनका जीता-जागता, हँसता चित्र खड़ा कर देती है।

हमारी और पटल बाबू की भेंट, हमारे मित्र पं० श्रीनारायण चतुर्वेदी द्वारा सन् १९२७ में हुई थी। उस समय मैं प्रयाग में ही था। सन् १९३१ में अपने स्वर्गीय पूज्य पिता को खोकर प्रयाग से मुझे गोरखपुर आ जाना पड़ा। घर के मुखिया के स्वर्गवास से परिवार के निश्चिन्त युवक कैसे भयंकर शून्य में पड़कर, सर्वांगशून्यता का पग-पग पर अनुभव करते हैं, मुझे आज याद आ रहा है।

श्री पटल बाबू के प्रोत्साहन से मैंने दर्जनों पुस्तकें लिखीं। सन् १९४१ में मैं अस्वस्थता का शिकार हुआ, मेरी पारिवारिक कठिनाइयों की लड़ी-सी बँध गई। मुझे चक्कर की बीमारी थी। उसी बीमारी में घरेलू चक्कर भी मुझे भयंकर रूप से चकराने लगे। ऐसी परिस्थिति में श्री पटल बाबू ने मेरा हाथ बँटाया। श्री पटल बाबू मेरी पुस्तकें छपवाकर मेरी आर्थिक कठिनाइयों को हल करते। मुझे खूब स्मरण है, एक बार कुछ छपाई के रुपए मैं दे नहीं पाया। मुझसे रुपया माँगा गया। मैंने तत्काल रुपया देने में असमर्थता प्रकट की। उन्होंने झट उस तमाम रुपए को चुकता मानकर हिसाब बना दिया। हमारे वह संकट-मोचन मित्र थे, और हमारे ही क्या, सैकड़ों की वह गुप्त सहायता करते थे।

हिन्दी-साहित्य के वह अनुपमेय सेवक थे। हजारों को उन्होंने हिन्दी की ओर खींचा और साहित्यिक बनाया। देश के वह प्रगाढ़ भक्त थे। देश की उन्नति में वह हर क्षेत्र में सक्रिय भाग लेकर संलग्न रहते थे। आपदग्रस्तों को उबारना उनका मनोरंजन था। इण्डियन प्रेस के वह प्राण थे। उनमें ऐसा आकर्षण था कि विरोधियों तक को उनके समक्ष झुका देता था।

"जाकी यहाँ चाहना है, वाकी वहाँ चाहना"

पं० रूपनारायण पाण्डेय, भूतपूर्व 'माधुरी'-सम्पादक

कुछ ऐसे असाधारण या लोकोत्तर पुरुष होते हैं, जिनके सम्पर्क में आनेवाला व्यक्ति बरबस उनकी ओर आकृष्ट हो जाता है। उनकी कुछ विशेषताएँ अथवा सद्गुण ही इसका कारण हुआ करते हैं। हमारे स्वर्गीय पटल बाबू ऐसे ही नर-रत्न थे। उनका अभाव उनके सम्पर्क में आनेवाले प्रत्येक व्यक्ति के लिए आत्मीय-वियोग के समान हृदय-विदारक शोकप्रद दुर्घटना है, इसमें सन्देह नहीं। उनके सद्गुणों का सम्पूर्ण चित्र, उनका स्मरण करते ही, आँखों के आगे अंकित हो जाता है और हृदय से एक आह निकल पड़ती है। इस स्वार्थपरायणता और दंभ के युग में उनके समान उदार, सभाचतुर, प्रत्युत्पन्नमति, अनोखी सूझ-बूझवाला, क्षमाशील, मधुरभाषी, परोपकारपरायण, निरभिमान किंतु स्वाभिमानी, स्वावलम्बी, सद्व्यवहारनिपुण पुरुष बहुत कम देख पड़ते हैं।

उनमें उन्नति की अपूर्व लगन थी। उन्होंने इंडियन प्रेस की अभूतपूर्व उन्नति की, अनेक नए उद्योगों की स्थापना की। भारत के प्रत्येक बड़े नगर में ब्रांच-बुकडिपो खोले। उनमें हिन्दी का प्रेम, हिन्दी की उन्नति और प्रचार-प्रसार की आकांक्षा उतनी ही थी, जितना अपनी मातृ-भाषा बँगला का प्रेम और उसके प्रसार-प्रचार की अभिलाषा। यह प्रवृत्ति उनमें पैतृक थी। उन्होंने अपने पिता श्री चिन्तामणि घोष के समान ही, बल्कि उनसे भी अधिक, हिन्दी के उत्तमोत्तम ग्रंथ प्रकाशित किए, हिन्दी के लेखकों को सम्मानित किया, उनका उत्साह बढ़ाया, हिन्दी के सेवकों को आड़े वक्त पर आर्थिक सहायता दी। फिर भला, हिंदी जगत् उनको कैसे जल्दी भुला सकता है?

मेरा भी पटल बाबू से पुराना सम्बन्ध था। प्रातःस्मरणीय श्री चिन्तामणि घोष महोदय के समय में मैंने प्रयाग में रहकर कई वर्ष तक इंडियन प्रेस की सेवा की थी। मेरे द्वारा अनूदित अनेक पुस्तकें इंडियन प्रेस से प्रकाशित हुई हैं। यह सिलसिला—मेरे लखनऊ चले आने पर भी—बराबर जारी रहा। पटल बाबू बराबर मेरा खयाल रखते थे। चिन्तामणि बाबू ने मुझे संस्कृत महाभारत का हिन्दी में अनुवाद करने का काम सौंपा था। कई वर्षों में मैं केवल १२ पर्वों का अनुवाद कर पाया। इसी अवसर में "माधुरी" के सम्पादन का कार्यभार ग्रहण करने के कारण अवकाश का अभाव होने से, साथ ही महाभारत के नीरस युद्ध का वर्णन लगातार आने के कारण, मेरा जी ऊब गया और अनुवाद का काम आगे न बढ़ सका। अन्त को मैंने जाकर पटल बाबू से सब हाल कहकर प्रार्थना की कि यदि शेष पर्वों का अनुवाद किसी और से करा लिया जाय, तो बड़ी कृपा होगी। अब पटल बाबू की महानुभावता और सौजन्य देखिए। मेरे एक काम से इनकार का खयाल न करके उन्होंने मेरी प्रार्थना ही नहीं स्वीकार कर ली, प्रत्युत् उसी दिन दूसरा, मेरी रुचि का काम (शरत्ग्रंथावली का अनुवाद) करने को दे दिया।

पटल बाबू के बड़े एहसान मेरे ऊपर हैं। मैं उनका परम कृतज्ञ हूँ। कई बार आवश्यकता पड़ने पर उन्होंने मुझे कई-कई सौ रुपए पेशगी देकर मेरी सहायता की। काम में यदा-कदा

विलम्ब होने पर भी कभी उन्होंने मुझे उपालंभ नहीं दिया। मैं जब उनसे मिलने जाता था, तब लाख कार्यव्यस्त होने पर भी वह मुझे फौरन अपने पास बुला लेते थे और एक आत्मीय की तरह कुशल-क्षेम पूछते थे।

एक बार उन्होंने एक पुस्तक के बारे में मेरी सम्मति पूछी। पुस्तक प्रकाशनार्थ आई थी और एक प्रसिद्ध लेखक की थी। वास्तव में वह एक साधारण कोटि की पुस्तक थी—"कहीं की ईंट, कहीं का रोड़ा; भानुमती ने कुनबा जोड़ा" का प्रत्यक्ष नमूना थी।

मैं बड़े असमंजस में पड़ा। क्या कहूँ? पटल बाबू कुशाग्रबुद्धि थे। मेरे असमंजस को ताड़ गए। बोले—"मैं आपसे पुस्तक के बारे में पूछता हूँ, लेखक के बारे में नहीं। आप-निस्संकोच होकर सम्मति दीजिए। मैंने कई लोगों से पूछा, पर उन्होंने लेखक का नाम देखकर सम्मति दी, पुस्तक को देखकर नहीं। मेरा खयाल कुछ ऐसा ही है। इसीसे अब आप-से पूछ रहा हूँ।" तब मैंने पटल बाबू से स्पष्ट और सत्य बात कह दी। पटल बाबू बहुत प्रसन्न हुए। बोले—"तब तो इस पुस्तक के बारे में मेरा खयाल सही निकला। पुस्तक केवल टके कमाने के लिए तैयार की गई है।"

इधर कई वर्षों से पटल बाबू से मेरी भेंट नहीं हुई थी; पर वह मुझे भूले नहीं थे। बीमारी की दशा में भी गत दिसम्बर में उनका एक पत्र मुझे मिला था, जिसमें उन्होंने यह इच्छा प्रकट की थी कि कलकत्ते की शाखा इंडियन पब्लिशिंग हाउस के लिए कुछ अनुवाद वह कराना चाहते हैं। यही पत्र मेरे लिए उनका अन्तिम स्मारक है। शोक है कि फिर वह मेरे पत्र का उत्तर देने के पहले ही इस मर्त्यलोक को छोड़ गये।

किसी ने सच कहा है—

"जाकी यहाँ चाह ना है, वाकी वहाँ चाह ना है;
जाकी यहाँ चाहना है, वाकी वहाँ चाहना।"

किन्तु यह सोचकर धैर्य धारण करना ही पड़ता है कि काल से किसी का वश नहीं चलता—काल को कोई टाल नहीं सकता। भगवान् राम और भगवान् कृष्ण को भी देहत्याग करना ही पड़ा।

पटल बाबू भी एक विभूति थे। आजन्म कर्त्तव्य का पालन कर परमपिता की गोद में पहुँच गये, उस महाज्योति में लीन हो गये। उनकी पांचभौतिक देह अवश्य नहीं रही; किन्तु उनकी शक्ति का नाश नहीं हो सकता। मुझे विश्वास है, उनकी वह अदम्य शक्ति उनके भाइयों और वंशधरों में परिव्याप्त होकर उनके प्रिय प्रतिष्ठानों और अनुष्ठानों की उत्तरोत्तर उन्नति करती रहेगी।



पटल बाबू की कीर्त्तिकाया

पं० गिरिजादत्त शुक्ल 'गिरीश', बी० ए०

पटल बाबू इंडियन प्रेस के प्राण थे। जो दशा प्राण के चले जाने पर शरीर की होती है, वही उनके वियोग में इंडियन प्रेस की है। इंडियन प्रेस से भी अधिक शोचनीय अवस्था तो उस विशाल परिवार की है, जीवन-समुद्र में जिसकी नाव खेनेवाले वे कुशल नाविक थे। सबको असहाय छोड़कर, सबको रुलाकर, निष्ठुरता के प्रति नवीन प्रणय बढ़ाकर आज वे न जाने कहाँ चले गये।

मैंने अगस्त सन् १९२५ में साहित्यिक परामर्शदाता के रूप में इंडियन प्रेस में प्रवेश किया था। सन् १९३० के मार्च मास तक मैं इस पद पर काम करता रहा। इस अवधि के भीतर पटल बाबू की सहृदयता, सज्जनता, उदारता, कार्यकुशलता एवं सर्वप्रियता से परिचित होने के अनेक अवसर मेरे सामने आये। उनकी सम्पूर्ण कार्यावली को दृष्टि के सामने रखकर आज यह मुक्त कंठ से कहा जा सकता है कि एकमात्र अपनी ईमानदारी, सच्चाई, परिश्रमशीलता आदि के आधार पर इंडियन प्रेस जैसी बड़ी संस्था खड़ी कर लेनेवाले स्वर्गीय श्री चिन्तामणि घोष जैसे योग्य पिता के वे योग्य पुत्र थे। यदि वे चाहते, तो अपनी उच्च शिक्षा पूर्ण करके उच्च सरकारी पदों पर पहुँच सकते थे; किन्तु प्रेस के लिए उनका यह त्याग मात्र था कि उन्होंने उस ओर ध्यान नहीं दिया अथवा दूरदर्शी पिता की इच्छाओं के सामने सिर झुका दिया। उनमें शासन करने की बड़ी विलक्षण क्षमता थी और वे अपने व्यवहारों से निरन्तर प्रमाणित करते रहते थे कि वही शासक शासित पर सबसे अधिक टिकाऊ प्रभाव डालने में समर्थ होता है, जिसके मूल में सेवा की भावना और सच्चे प्रेम का निवास रहता है। पिता और अग्रज से उत्तराधिकार के रूप में प्राप्त इंडियन प्रेस के व्यवसाय को उन्होंने अपनी अपूर्व संगठन-शक्ति के द्वारा चरम बिन्दु पर पहुँचा दिया।

पटल बाबू के कार्यकाल में इंडियन प्रेस का कारबार इतना अधिक बढ़ने पर भी उनके असद्व्यवहार का एक भी उदाहरण प्रकाश में न आ सका। कारण यह था कि स्व० चिन्तामणि घोष से उन्हें पैतृक सम्पत्ति के रूप में वह सुसंस्कृति, सुरुचि और उच्चादर्शानुरक्ति प्राप्त थी, जो साहित्यकारों का सम्मान करने के लिए उन्हें निरन्तर प्रेरणा देती रहती थी। द्विवेदीजी के प्रति उनके हृदय में अपार श्रद्धा थी। बाबू पदुमलाल बख्शी और पं० देवीदत्त शुक्ल के प्रति उनमें ममता तक पहुँचनेवाला स्नेह था। उन्हीं के कार्यकाल में द्विवेदीजी को पेंशन दी गई और उन्हीं के सौजन्य और सद्भाव का यह परिणाम है कि पं० देवीदत्त शुक्ल को भी पेंशन मिल रही है। पं० सुमित्रानन्दन पंत की प्रथम काव्य-पुस्तक 'पल्लव' को प्रकाशित करने तथा विविध रूपों में उन्हें प्रोत्साहन देने का श्रेय उन्हीं को मिलेगा। उनके सहयोग से हिंदी के जिन अगणित लेखकों को अपने विकास में सहायता मिली है, उनकी संख्या बहुत बड़ी है और मुझे पूर्ण विश्वास है कि अपना एक सच्चा सुहृद और सहायक खोकर आज वे भी उसी प्रकार व्यथित और पीड़ित होंगे, जिस प्रकार स्वयं उनके कुटुम्बीजन हैं।

इन पंक्तियों का लेखक पटल बाबू के स्नेह और सद्व्यवहार के लिए स्वयं भी आभारी है और उसके हृदय में उनकी स्मृति जीवन के अंतिम क्षण तक अंकित रहेगी। मेरी जिस परि-स्थिति में अन्य कोई भी प्रकाशक मेरी दुर्बलता से लाभ उठाता, उससे परिचित होकर भी उन्होंने उदारता ही का परिचय दिया तथा मेरे उस वेतन-क्रम को स्वीकार किया, जिसके लिए वे कदापि बाध्य नहीं थे। मैंने अपने जीवन में केवल छः वर्षों तक नौकरी की और इंडियन प्रेस से अलग होने के पहले मैंने उन्हें एक पत्र में लिखा था कि संभवतः भविष्य में मैं कहीं कोई नौकरी नहीं करूँगा, क्योंकि मुझे आशा नहीं है कि आप जैसे उदार और विशाल हृदयवाले व्यक्ति के सहयोग में मुझे कार्य करने का अवसर मिलेगा। और मैंने पिछले तेईस वर्षों तक कहीं कोई नौकरी स्वीकार नहीं की, इसका प्रधान कारण यही है कि हिंदी प्रकाशन के क्षेत्र में अभी तक ऐसी परिस्थितियों का विकास नहीं हुआ है कि पटल बाबू के ढंग के उच्च कोटि के कार्याधिकारी अधिक संख्या में मिल सकें।

पटल बाबू पहले बहुत स्वस्थ थे। मुझे जान पड़ता है कि प्रेस को उत्तरोत्तर प्रगति देने के उत्साह ने उन्हें शक्ति से अधिक परिश्रम करने की प्रेरणा दी और वही परिश्रम उनके रोग का जनक हो गया। इधर अनेक वर्षों से उनके प्रफुल्ल मुख-मण्डल का सहज सौन्दर्य क्षीण होने लगा था। ऐसा होने पर भी वे अधिक परिश्रम करते ही रहते थे। कारण यह था कि प्रेस की परिवर्द्धित और विस्तृत कार्यावली को जितनी बारीकी से वे समझ सकते थे, उतनी बारीकी से समझना अन्य किसी के लिए संभव नहीं था। फलतः डाक्टरों के मना करने पर भी वे आवश्यक पथ-प्रदर्शन करने के लोभ का संवरण नहीं कर सकते थे। वह परिश्रम कितना घातक हो गया, उसके लिए पटल बाबू की जीवन-हानि के रूप में आज कितनी बड़ी कीमत चुकानी पड़ी है, इसका अनुभव आज पटल बाबू के वियोग में संतप्त प्रत्येक हृदय को हो रहा है।

पटल बाबू सदा के लिए चले गये; सहज भाव से मुसकराती हुई उनकी आकर्षक मूर्त्ति अब सदैव के लिए आँखों से छिप गई, फिर भी उनकी कीर्त्तिकाया तो अजर और अमर ही रहेगी। उन्होंने इंडियन प्रेस के पूर्वाधिकारियों से गौरवमयी परम्पराएँ प्राप्त कीं; उनके सहारे कार्य करके वे अपूर्व सफलता की ओर अग्रसर हुए। आज जब वे इस संसार में नहीं हैं, हमें इसी से संतोष करना पड़ेगा कि उन पूर्व परम्पराओं के अतिरिक्त वे स्वयं भी परिश्रम, लगन, उत्साह, सत्य व्यवहार आदि की परम्पराएँ छोड़ गये हैं। उनके उत्तराधिकारियों के लिए कार्य उतना कठिन नहीं है, जितना वह पटल बाबू अथवा उनके पूर्ववर्त्ती संचालकों के लिए था। यदि वे उन्हीं के दिखाए हुए मार्ग पर चलेंगे, उनके द्वारा निर्दिष्ट आदर्शों से अपना सम्बन्ध नहीं तोड़ेंगे, तो इंडियन प्रेस के भविष्य को वे और अधिक उज्ज्वल बना सकेंगे, इसमें संदेह नहीं।

***

मैं उन्हें भूल नहीं सकता

प्रिंसपल सद्गुरुशरण अवस्थी, एम० ए०

लोग मिलते हैं और भूल जाते हैं। वस्तुएँ प्राप्त होती हैं और विलीन हो जाती हैं। परन्तु वह व्यक्ति और वह वस्तु धन्य है, जो जाने के बाद भी भुलाए नहीं भूलती।

महत्त्व की परिभाषा उसकी प्रेरणा की व्यापकता है। अधिक से अधिक संख्या के हृदयों में जो राग और उल्लास उत्पन्न करता रहता है, वही मानवता का उदात्त रूप है। वृक्ष की कितनी असंख्य छोटी-बड़ी शिराएँ थीं और वे भूमि के कितने विस्तृत भाग से बिंधी थीं, यह तभी ज्ञात होता है, जब वृक्ष पृथ्वी पर गिरता है। बड़े वृक्ष थके हुए यात्रियों को घनी छाया ही नहीं देते, अधिक से अधिक संख्या में गगन-विहारी पक्षियों को भी प्रश्रय देते हैं और उनके नीड़ों का बोझ भी साधे रहते हैं। बड़प्पन की टीका वाणी का उत्तरदायित्व और लेखनी की कृतज्ञता है। महत्त्व का साक्षात्कार और विभूति का अभिज्ञान अनभूति का शृंगार समझना चाहिए। जिसने स्वर्गीय पटल बाबू का साथ किया है, वह उनके अनेक गुणों को कभी भूल नहीं सकता।

इन पंक्तियों के लेखक का यह दावा तो नहीं है कि पटल बाबू के वह बहुत निकट रहा है; परन्तु उसने उनके अनेक शील-सम्पन्न व्यवहारों को परखा है और उन पर मुग्ध हुआ है। उनका जीवन खुला संस्कार था। उसमें कोई भी झाँक सकता था। उनके समझने में देर नहीं लगती थी, और उन्हें भी परिस्थितियों और व्यक्तियों के ताड़ने में विलम्ब नहीं होता था। उनका ज्ञान इतना पैना, उनकी अभिरुचि इतनी व्यापक, उनका शील इतना सर्वप्रिय, उनका व्यवहार इतना सुलझा हुआ, सम्पर्क इतना मृदुल, नरम, मीठा और सुगंधित था कि कोई विरला ही अभागा होगा, जो उनके प्रति रूखा रह सके। वे विरोध को अवसर नहीं देते थे। किसी में द्वेष के जागरण का अवकाश, उनके चलते हुए, उनमें नहीं मिल सकता था। वे खोकर भी मित्र बनाना जानते थे और मित्र बनाकर वे सब कुछ खो देने के लिए तनिक भी न हिचकते थे।

अपने पैतृक व्यवसाय के अतिरिक्त भी वे न जाने कितने और व्यवसायों में पारंगत थे। जिस काम में वे हाथ डालते थे, उसका महत्त्व और उसकी शोभा बढ़ जाती थी। धनोपार्जन उनके बुद्धि-वैभव का विनोद था। सफलता उनकी व्यवसाय-कला को छूकर धन्य होती थी। अर्थोपार्जन के अनेक शुद्ध उपायों में उनकी बुद्धि साधनों का विस्तार करने में कलात्मक रमणता अनुभव करती थी, धन पर टकटकी लगानेवाले के बोझ से दबती नहीं थी। उनके सब व्यापारों में बड़प्पन की गरिमा थी, अमीरी की ठसक नहीं। मिलते समय की उनकी खुलावट में जाते समय की आत्मीयता सामने दिखाई देती थी।

इंटरमीजिएट बोर्ड में रहकर मैंने बड़े से बड़े, एक से एक धनिक प्रकाशकों को देखा। पुस्तकों को रखवाने के लिए उनकी दीनता भी देखी और विफल होने पर नाना प्रकार के आरोप करते हुए भी सुना। संसार के सभी क्षेत्रों में जो तिकड़म चलता है, उसका व्यवहार भी देखा। परन्तु जो ऊँची व्यवहार-पद्धति मैंने पटल बाबू में देखी, वह अद्वितीय थी। एकांत से एकांत

में उन्होंने मुझसे कभी किसी प्रकाशक अथवा सदस्य के प्रतिकूल कुछ भी नहीं कहा। मेरी कृतियों के वे बड़े पुराने प्रकाशक थे और पाठ्य पुस्तकों को छापकर उन्होंने मुझे पर्याप्त धन भी उपार्जित कराया; परन्तु उन्होंने कभी किसी पुस्तक के लिए मुझसे कोई भी संकेत नहीं किया। यह बड़ी भारी बात है, जब कि मैं उनका इतना आभारी था कि उनकी बात टालना मेरे लिए कठिन था।

प्रायः सभी साहित्यिक मित्र यह जानते हैं कि पटल बाबू अच्छे साहित्य-पारखी थे। किसी भी साहित्यिक कृति को थोड़ा इधर-उधर देखकर वह उसके सम्बन्ध में नितांत उचित धारणा बना लिया करते थे। उसके मर्म को वह खूब समझ लेते थे। सभी साहित्यकारों से उनका परिचय था और सभी की योग्यता को वे समझते थे। उनमें उग्रता के बिना ही नेतृत्व की प्रेरणा थी। उनकी बुद्धि में बहुज्ञता का बोझ न था, परन्तु वे बहुज्ञ थे। लोग कर्त्तव्य-बुद्धि से कार्य करते हैं अथवा जीवन की आवश्यकताओं के लिए कार्य में रत होते हैं; परन्तु पटल बाबू कार्य के एकांत स्वरूप में रमण करना जानते थे, वे उसमें आनन्द अनुभव करते थे।

सार्वजनिक जीवन को व्यष्टि में घुला-मिला देना और व्यष्टि की महत्त्व-वृद्धि में समष्टि विचरे और समष्टि की समवेत चेतना में व्यष्टि निश्चिंत रहे, यह जो व्यक्तियों और समाज का सोहाग-वर्तन है, यह स्वयं एक कला है। विरलों को ही यह कला आती है। पटल बाबू इसमें सफल प्रयोग थे। मेरे प्रति उनका सौहार्द अक्षुण्ण था। ऐसे व्यक्ति को पाकर मैं धन्य था। मैं उन्हें भूल नहीं सकता।



अक्लान्तकर्मा के कर्म-जीवन का अवसान

पं० ठाकुरदत्त मिश्र

दर्शन-शास्त्र में कर्मयोग का बड़ा माहात्म्य है। योगिराज श्रीकृष्ण ने वीरपुंगव अर्जुन को उपदेश देते हुए श्रीमद्भगवद्गीता में कहा है कि मनुष्य को किसी भी अवस्था में अकर्मण्य न होना चाहिए। उसे विषयों में अनासक्त होकर तथा फल की कामना से रहित होकर निरन्तर कर्म में संलग्न रहना चाहिए। स्वर्गीय श्री हरिकेशव घोष के जीवन के सम्बन्ध में भगवान् श्रीकृष्ण की यह वाणी घटित होती है या नहीं और 'गीता' में जिस कर्मयोग का प्रतिपादन किया गया है, उसके सिद्धान्तों के अनुसार उन्हें कर्मयोगी कहा जा सकता है या नहीं, इस विषय का निर्णय करने में तो केवल दर्शन-शास्त्र का वही अधिकारी विद्वान् समर्थ हो सकता है, जिसे स्वर्गीय श्री घोष महोदय के निकटतम सम्पर्क में रहने का अवसर मिला हो, साथ ही जिसमें शास्त्रीय तथा लौकिक दृष्टिकोण से उनके जीवन का विश्लेषण करने की क्षमता हो। लेखक तो अपने परिमित ज्ञान के आधार पर उनके सम्बन्ध में केवल यही निर्णय कर पाया है कि वे एक अक्लान्तकर्मा व्यक्ति थे।

लेखक को इंडियन प्रेस लिमिटेड, प्रयाग के साहित्य-विभाग के एक कर्मचारी के रूप में २२ जून सन् १९२६ ई० को स्वर्गीय श्री हरिकेशव घोष महोदय का आश्रय प्राप्त हुआ था। तब से उनके कर्म-जीवन के अवसान के कुछ मास पूर्व तक इसे उनके सम्पर्क का सुख प्राप्त रहा। प्रायः छब्बीस वर्ष के इस दीर्घ काल में इसे कदाचित् ही कोई ऐसा अवसर मिला होगा, जबकि इसने स्वर्गीय श्री घोष महोदय को क्लान्ति का अनुभव करके अकर्मण्य बैठे देखा हो। इधर कुछ वर्ष से उनका स्वास्थ्य बहुत ही क्षीण हो गया था। चिकित्सकों के मत के अनुसार पूर्ण रूप से आरोग्यता प्राप्त करने के लिए उन्हें व्यावसायिक जीवन से अवकाश ग्रहण कर लेना नितान्त आवश्यक था। परन्तु कर्म का परित्याग करके एक क्षण का भी समय व्यतीत करना उनके लिए बहुत ही कष्टदायक था।

स्वर्गीय श्री हरिकेशव घोष एक असाधारण क्षमता-सम्पन्न व्यक्ति थे। जैसी अनोखी उनकी सूझ थी, वैसी ही अपरिमित उनमें क्रियाशीलता थी। उनमें प्रतिभा और कर्तृत्वशक्ति का एक अपूर्व समन्वय था। यही कारण था, उनमें एक कुशल कलाकार की-सी सृजन-शक्ति के साथ ही एक आदर्श समालोचक की-सी समीक्षा भी समुचित मात्रा में थी। मुद्रण-कला का जहाँ तक सम्बन्ध था, उसके वे विशेषज्ञ थे और कम्पोजिंग से लेकर छपाई तक का कोई भी ऐसा कार्य नहीं था, जिस पर उनका पूर्ण अधिकार न रहा हो। जहाँ तक प्रकाशन-कार्य का सम्बन्ध था, वे केवल एक कुशल और सफल प्रकाशक ही नहीं, वरन् उनमें लेखन और सम्पादन-कला के भी बीज निहित थे।

लेखक को स्वर्गीय श्री घोष महोदय की अधीनता में अनुवादक, सम्पादक तथा प्रूफरीडर के रूप में कार्य करने का अवसर मिला है। इसने 'सरस्वती', 'बालसखा' तथा 'देशदूत' आदि पत्रों के सम्पादकीय विभागों में समय-समय पर कार्य किया है, साथ ही कुछ समय तक इसे हिन्दी-विभाग के प्रधान प्रूफरीडर

के रूप में भी कार्य करना पड़ा है। इन कार्यों की व्यवस्था के सम्बन्ध में इसे जब कभी किसी प्रकार की कठिनाई हुई और इसने वह कठिनाई उनके समक्ष उपस्थित की, तब उन्होंने बहुत ही कुशलतापूर्वक उसको सरल कर दिया।

लेखक को पहले-पहल स्वर्गीय श्री घोष महोदय के निकटतम सम्पर्क में रहकर कार्य करने का अवसर सन् १९२७ ई० के दिसम्बर मास में मिला। उस मास में 'सरस्वती' का एक वार्षिक अंक प्रकाशित होने जा रहा था। प्रेस-सम्बन्धी एक अन्य आवश्यक कार्य में संलग्न रहने के कारण पंडित देवीदत्तजी शुक्ल उस अंक के सम्पादन में सहयोग नहीं प्रदान कर सके। श्री बख्शीजी का स्वास्थ्य अच्छा नहीं था, अतएव वे कार्यालय में नहीं आ पाते थे। इसके परिणामस्वरूप उस अंक की छपाई लेखक की ही देख-रेख में हुई और उसके सम्बन्ध में लेखक को प्रायः प्रतिदिन स्वर्गीय श्री घोष महोदय से परामर्श करना पड़ता था। लेखों तथा चित्रों की सजावट का उनका अपना एक विशेष ढंग था और वह बहुत ही सुरुचिपूर्ण था।

स्वर्गीय श्री घोष महोदय ने प्रान्तीय सरकार के सहयोग से 'हल' नामक एक मासिक पत्र प्रकाशित किया था, जिसके सम्पादक ठाकुर श्रीनाथसिंहजी थे। इस पत्र के द्वारा ग्रामवासियों की उन्नति से सम्बन्ध रखनेवाले बहुत ही उपयोगी साहित्य का प्रचार हुआ। आपने 'देशदूत' नामक एक साप्ताहिक पत्र भी प्रकाशित किया था। प्रारम्भ में इस पत्र के सम्पादकीय विभाग में लगभग एक वर्ष तक लेखक को कार्य करने का अवसर प्राप्त हुआ था। इस पत्र की भी सजावट तथा विषयों के संकलन आदि के सम्बन्ध में स्वर्गीय श्री घोष महोदय से सम्पादकों को बहुत अधिक सहायता प्राप्त हुआ करती थी। सम्पादकीय कार्यों में वे अधिकतर रुचि प्रदर्शित किया करते थे या तो पत्र या पत्रिका के विशेषांक के अवसर पर या उसके प्रकाशन के प्रारम्भ में, और उन अवसरों पर जो सुरुचिपूर्ण सुझाव दिया करते थे, वे उनकी सम्पादन-कला की अपार कुशलता तथा लोकरुचि को परखने के अपार ज्ञान के परिचायक होते थे।

स्वर्गीय श्री घोष महोदय की सबसे बड़ी विशेषता थी उनकी असाधारण वाक्-पटुता। मनुष्य को अपनी बातों से प्रभावित करके उसे अपने अनुकूल बना लेने की उनमें अपार क्षमता थी। वे अपने इस कौशल का प्रयोग बहुधा ऐसे अवसरों पर किया करते थे, जब किसी को कोई कार्य करने की अनिच्छा होती थी; किन्तु उससे वह कार्य लेना प्रेस के हित की दृष्टि से अनिवार्य रूप से अपेक्षित होता था।

'लीडर' और 'भारत' के सफल सम्पादक स्वर्गीय पण्डित केशवदेव शर्मा ने एक बार स्वर्गीय घोष महोदय की प्रशंसा करते हुए कहा था—"पटल बाबू में मैंने एक अपूर्व प्रकार की शक्ति देखी। किसी-किसी समय वे कर्मचारियों की भूलों पर बहुत ही उग्र रूप धारण कर लेते हैं और उनकी मुख-मुद्रा बहुत ही क्रोधपूर्ण हो उठती है। परन्तु उसके बाद ही उनके मुख पर मधुरता भी आ जाती है, और जो लोग उनके पास बैठे होते हैं, उनसे वे मुसकरा-मुसकराकर बातें भी करने लगते हैं। इनकी उस मुसकराहट और मधुर वार्त्तालाप में इस बात का आभास तक नहीं मिल पाता कि अभी-अभी ये एक व्यक्ति को उग्र रूप से डाँट रहे थे। उग्रता और मधुरता का यह समन्वय साधारणतः विरले ही लोगों में देखने में आता है।"

स्वर्गीय श्री हरिकेशव घोष का घर का नाम पटल बाबू था। उनका यह नाम इतना अधिक प्रसिद्ध हो गया था कि लिखा-पढ़ी के काम के अतिरिक्त वह पटल बाबू के ही नाम से विख्यात थे। स्वभाव के वे मधुर और कोमल थे। परन्तु जिस प्रकार अग्नि अथवा सूर्य के ताप के कारण स्वभाव से शीतल होने पर भी जल में उष्णता आ जाती है, ठीक उसी प्रकार निरन्तर अनुराग-पूर्वक कार्य में संलग्न रहनेवाले पटल बाबू भी व्यक्ति विशेष की असावधानी के कारण कार्य की धारा में व्याघात पड़ते देख, गर्म हो जाया करते थे।

उनमें दया-दाक्षिण्य आदि सद्‌गुण प्रचुर मात्रा में थे। किसी को दुःखमय अवस्था में देखकर वे दयार्द्र हुए बिना नहीं रहते थे और उसका दुःख दूर करने के सिवा वे यथाशक्ति सहायता भी किया करते थे। परन्तु पटल बाबू के मन में अपने व्यवसाय को उन्नत बनाने की चिन्ता सदा बनी रहती थी। इस प्रकार वे एक उद्योगशील तथा सफल व्यवसायी पहले थे, और कुछ बाद में।

स्वर्गीय पटल बाबू के व्यवसाय के जितने भी क्षेत्र थे, उनके प्रत्येक विभाग के आय-व्यय पर वे निरन्तर विचार करते रहते थे और जिस किसी विभाग में कुछ घाटा मालूम होता, उसे पूरा करके उस विभाग को उन्नतिशील बनाने के लिए वे सभी उचित साधनों का उपयोग किया करते थे। ऐसे अवसरों पर अपने हृदय की कोमल वृत्तियों को दबाकर प्रायः कठोरता का भी व्यवहार करने की आवश्यकता उन्हें पड़ा करती थी।

एक बार 'देशदूत' के सम्पादकीय विभाग में कार्य करते समय लेखक ने स्वर्गीय पटल बाबू से वेतन-वृद्धि के विषय में बातें कीं। पटल बाबू ने अपनी स्वभाव-सुलभ मुसकराहट मुख पर ले आकर उत्तर दिया—"मैं यह अनुभव करता हूँ कि आपको उचित वेतन नहीं मिल रहा है। परन्तु करूँ क्या, 'देशदूत' में पन्द्रह सौ का घाटा हो रहा है।" इस पर लेखक ने कहा—"मैं तो केवल दस रुपया मासिक बढ़ाने को कह रहा हूँ। इस दस रुपए मासिक की रकम को यदि आप घाटे में और जोड़ देंगे, तो उसका अनुपात अधिक नहीं बढ़ेगा और आपका प्रेस जैसे पन्द्रह सौ का घाटा सह लेता है, वैसे ही दस रुपए का घाटा और सह लेगा।"

लेखक की यह बात सुनकर स्वर्गीय पटल बाबू ठहाका मारकर हँस पड़े और बोले—"जनाब, बूंद-बूंद से ही घड़ा भरता है।"

लेखक के विचार से स्वर्गीय पटल बाबू की सर्वतोमुखी औद्योगिक सफलता का यही सबसे बड़ा रहस्य था। वे सदा कौड़ी-कौड़ी का हिसाब अपने मन में बैठाते रहते थे और एक-एक कौड़ी का उपयोग केवल लाभकारी कार्यों में किया करते थे। उनकी सफलता का दूसरा रहस्य था मनुष्य की कर्तृत्व शक्ति को पहचानने की अद्‌भुत क्षमता। वे कर्मचारियों का चुनाव बहुत ही उत्तमतापूर्वक करते थे और कुछ ऐसे व्यक्तियों को सदा ध्यान में रखते थे, जिनसे विशेष अवसरों पर काम लिया जा सकता था।

अपने कार्य-काल में लेखक दो विषयों में स्वर्गीय पटल बाबू को पूर्णरूप से सन्तुष्ट करने में समर्थ नहीं हो सका—एक था काम का हिसाब और दूसरा समय का हिसाब। लेखक कार्यालय में पहुँचने और कार्यालय से जाने में प्रायः स्वतन्त्र इच्छा का उपयोग करने का अभ्यस्त-सा हो गया था। इसके सिवा अपने प्रतिदिन के कार्यों

का क्रमबद्ध विवरण रखने का भी वह कभी अभ्यास नहीं कर सका। इसके विपरीत स्वर्गीय पटल बाबू को कर्मचारियों के दैनिक कार्य-विवरण का बहुत ही ध्यान रहा करता था। इस प्रकार यह लेखक इंडियन प्रेस के लिए कई दृष्टियों से उपयोगी होने पर भी वहाँ यह अपने लिए कोई स्थान नहीं बना पाया। तो भी जब से स्वर्गीय पटल बाबू से लेखक का सम्पर्क स्थापित हुआ, तब से लेखक का सहयोग बराबर पटल बाबू को मिलता रहा और पटल बाबू का सहयोग लेखक को। पटल बाबू ने जब कभी लेखक के सहयोग की आवश्यकता का अनुभव किया, तब पत्र लिखकर या आदमी भेजकर इसे बुलवाया। लेखक को भी जब कभी आर्थिक कठिनाई हुई, तब वह स्वर्गीय पटल बाबू के पास पहुँचा और पटल बाबू ने भी यथासम्भव उसकी कठिनाई हल की।

लेखक से स्वर्गीय पटल बाबू का जो इतने दिनों का सम्पर्क था, उसमें कितनी ही मधुर और कटु स्मृतियाँ जड़ित थीं। परन्तु उन सभी पर विचार करने पर स्वर्गीय पटल बाबू के हृदय की विशालता का ही परिचय मिलता है। ऐसे कितने ही अवसर आए हैं, जब लेखक ने स्वर्गीय पटल बाबू जैसे वैभवशाली व्यक्ति को उनके कार्यालय का एक तुच्छ कर्मचारी होकर भी अप्रिय भाषा में उत्तर दिया था, परन्तु स्वर्गीय पटल बाबू ने उन अवसरों पर उसे हँसकर टाल दिया था और बाद को उनके व्यवहार में इसे कभी किसी प्रकार की कटुता का आभास तक नहीं हुआ।


स्वर्गीय पटल बाबू बहुत ही निरभिमान व्यक्ति थे। वे छोटी-से छोटी स्थिति के व्यक्ति के साथ भी मधुरता का व्यवहार करते थे और छोटा से छोटा काम करने में संकोच का अनुभव नहीं करते थे। उन्हें चिढ़ थी केवल अज्ञान और अकर्मण्यता से। वे चाहते थे कि प्रत्येक मनुष्य अधिक से अधिक कार्य-कुशल तथा बुद्धिमान् बने और जिसमें इस प्रकार की प्रवृत्ति का आभास मिलता, उसे वे बहुत अधिक प्रोत्साहन दिया करते थे। उनसे प्रोत्साहन पाकर कितने ही प्रतिभावान् तथा अध्यवसायशील व्यक्तियों ने बहुत अधिक उन्नति की है।

स्वर्गीय पटल बाबू के इन समस्त सद्गुणों को स्मरण करके हृदय उनके प्रति श्रद्धा से ओत-प्रोत हो उठता है और उनके जैसे अक्लान्तकर्मा व्यक्ति के कर्म-जीवन के अवसान का संवाद पाकर लेखक मर्माहत हुए बिना नहीं रह सका।

प्रथम प्रतिनिधि अधिवेशन, इंडियन प्रेस, लि०, प्रयाग, सन् १९३१




बैठे हुए बाएँ से १. श्री नारायणचन्द्र चटर्जी, २. श्री हरिप्रसन्न घोष (डिपुटी मैनेजर), ३. श्री हरिकेशव घोष (जनरल मैनेजर),
४. श्री हरिनाथ घोष (असिस्टेंट मैनेजर), ५. श्री रामानुजलाल श्रीवास्तव, (जवलपुर)
खड़े हुए बाएँ से १. श्री के० डी० बनर्जी, २. श्री जितेन्द्रनाथ सान्याल, ३. पं० माधवप्रसाद शर्मा, ४. श्री फकीरचन्द मेहरा।



श्री फकीरचन्द मेहरा, बी० ए०, सुपरिण्टेण्डेण्ट, प्रकाशन-विभाग, इंडियन प्रेस लि०, प्रयाग के अवकाशग्रहण पर सन् १९४८ ई० में लिया गया चित्र। बीच में बाईं ओर से पाँचवें जनरल मैनेजर श्री हरिकेशव घोष।

श्री हरिकेशव घोष के श्राद्ध पर लिया गया चित्र




खड़े हुए बाईं ओर से---सर्वश्री एम० बनर्जी, बी० एन० माथुर, एस० पी० टण्डन, आर० पंडित, के० एल० मालिक, बी० एल० शर्मा, आर० एस० लाल, ए० एन० सेठ, एस० एन० मिश्र, एन० जी० बागची, वी० के० चौबे।

कुर्सी पर बैठे हुए बाईं ओर से---सर्वश्री डी० एन० मल्लिक, आर० एम० बोस, एच० एन० घोष (डाइरेक्टर), एच० पी० घोष (मैनेजिंग डाइरेक्टर), एच० एस० घोष (डाइरेक्टर), एच० बी० घोष (डाइरेक्टर), एफ० सी० मेहरा, आर० एल० श्रीवास्तव।

धरती पर बैठे हुए बाईं ओर से---सर्वश्री जी० सी० मित्रा, एन० एस० माथुर, ओ० एस० श्रीवास्तव, ए० के० बोस, एम० प्रसाद, एस० सी० गुप्ता, आर० एस० श्रीवास्तव, जी० पंडित।

बच्चों के साथ श्री हरिकेशव घोष



श्री हरिकेशव घोष अपने अनुज श्री हरिप्रसन्न घोष के दौहित्र पीकू बाबू के साथ।



श्री हरिकेशव घोष अपने कनिष्ठ पुत्र बुलू बाबू के साथ।

दीप-निर्वाण

श्री नर्मदाप्रसाद खरे

आज दीप-निर्वाण हो गया।
जन-जन की आँखों का तारा,
महा शून्य में कहाँ खो गया ?

[१]

उर में स्नेह-सिन्धु लहराता,
दिशि-दिशि में आलोक लुटाता,
स्वयं एक कोने में जलकर
घर-घर अगणित दीप जलाता।
पुण्य-प्राण की प्रेम-प्रभा से
जन-परिजन के प्राण धो गया।
आज दीप-निर्वाण हो गया।

[२]

नक्षत्रों की दीप्ति अमर है,
(पर वह नभ-सुषमा का घर है !)
घर-घर के कुल-दीपक पर ही
घर-घर का जीवन निर्भर है।
ऐसे ही तो एक दीप से,
अरे लोक-कल्याण हो गया !
आज दीप-निर्वाण हो गया।

[३]

जो न आँधियों से डरता था,
जाग्रति-ज्योति सदा झरता था,
जो निष्कम्प व्रती-सा जलकर
जन-मन को ज्योतित करता था।
जिसकी कनक-किरण से घर-घर
एक स्वर्ग निर्माण हो गया।
आज दीप-निर्वाण हो गया।

[४]

जिसने ज्योति लुटाना जाना,
सदा स्नेह को ही धन माना,
जीवन की उज्ज्वलता में ही
जग के जीवन को पहचाना।
जीवन की आलोक-रश्मियाँ
जन-जीवन में विहँस बो गया।
आज दीप-निर्वाण हो गया।

[५]

जिसने केवल जलना जाना,
स्नेह-प्रेम पर पलना जाना,
दृढ़ विश्वासों के संबल पर
जीवन-पथ पर चलना जाना।
सहसा निठुर 'प्रभञ्जन' द्वारा
काल-अंक में हाय सो गया !
आज दीप-निर्वाण हो गया।

मेरे सहपाठी

श्री बेनीप्रसाद अग्रवाल, एम० ए०, एल-एल० बी०

यद्यपि श्री हरिकेशव घोष (पटल बाबू) अब इस संसार में नहीं रहे, परन्तु उनकी स्मृति हमारे सामने है। हम उन्हें कई कारणों से नहीं भूल सकते। पटल बाबू से हमारा व्यक्तिगत और पारिवारिक दोनों प्रकार का सम्बन्ध रहा है। व्यक्तिगत रूप से हम पटल बाबू को उस समय से जानते हैं, जब हम और वे एफ० ए० कक्षा में मनोविज्ञान साथ-साथ पढ़ते थे। उस समय हम दोनों में से किसी को यह ध्यान न था कि किसी दिन प्रकाशन एवं मुद्रण-व्यवसाय में हमारी और उनकी घनिष्ठता होगी। संयोगवश हम दोनों ही उत्तरप्रदेश के प्रकाशक-संघ में सम्मिलित हुए और कई वर्षों तक पटल बाबू इसके सभापति और मैं उप-सभापति रहा।

व्यक्तिगत सम्बन्ध से बढ़कर हमारा और पटल बाबू का पारिवारिक सम्बन्ध रहा। उनके पिता श्री चिंतामणि घोष तथा हमारे परपिता श्री द्वारकाप्रसाद कटरा में पड़ोस के ही मकान में रहते थे। हमारे बड़े भाई श्री बेनीमाधव अग्रवाल (लल्लू बाबू) पटल बाबू की चर्चा करते समय एक दिन कह बैठे कि बाल्यावस्था में पटल बाबू कुछ उदासीन रहा करते थे। लोगों से मिलने-जुलने की रुचि उनमें बहुत कम थी। परन्तु आगे चलकर जब वही पटल बाबू उत्तरप्रदेश के एक प्रमुख मुद्रक एवं प्रकाशक के रूप में हमारे सामने आते हैं, तब उनका स्वभाव बदल जाता है। उनका जीवन बहुत ही सामाजिक और लोकप्रिय हो जाता है। उनकी व्यावसायिक प्रतिभा और नई-नई योजनाओं की अभिरुचि यह सिद्ध कर देती है कि उनके बाल्यावस्था के उदासीन जीवन में कार्य-कुशलता की एक बहुत बड़ी आभा छिपी हुई थी।

प्रकाशक-संघ की कार्यवाहियों में हमारा उनका घनिष्ठ सम्पर्क रहा। वे इस बात का पूरा ध्यान रखते थे कि छोटे से छोटे प्रकाशक को संघ में स्थान दिया जाय और उसके हितों की रक्षा की जाय। प्रकाशक-संघ को एक ठोस एवं चिरस्थायी संस्था बनाकर हम पटल बाबू की इस अभिलाषा को पूरा कर सकते हैं। यह बात किसी से छिपी नहीं है कि पटल बाबू एक उच्च कोटि के सफल व्यवसायी थे।

भवन-निर्माण में उनकी रुचि इतनी अधिक थी कि प्रतिवर्ष वे कितने ही नए मकान बनवाते रहते थे। 'घोष मार्केट' उनकी इस स्मृति का एक उदाहरण है। व्यवसाय और निर्माण दोनों कार्यों में उनके योरपीय भ्रमण का प्रतिबिम्ब है। इन दोनों क्षेत्रों में वे नवीनतम शैली के समर्थक थे।

पटल बाबू व्यावसायिक क्षेत्र में कुछ ऐसी बातें छोड़ गए हैं, जिनसे हम शिक्षा ग्रहण कर सकते हैं। मुद्रण एवं प्रकाशन के अतिरिक्त गृह-व्यवसाय में भी उनकी अभिरुचि थी। वे नई बातों की खोज में प्रायः रहा करते थे। जिस कार्य में वे लगते थे, उसकी सफलता के लिए अपनी पूरी शक्ति लगा देते थे। उदासीनता एवं ढिलाई से कार्य करने के वे सर्वथा विरुद्ध थे। उनकी इस कार्य-कुशलता की याद हमारे लिए एक स्थायी वस्तु है।

प्रतिभावान पटल बाबू

पं० ठाकुरप्रसाद शर्मा, एम० ए०, एल-एल० बी०

यद्यपि श्री हरिकेशव घोष के ख्यातनामा पिता और इंडियन प्रेस के संस्थापक स्वर्गीय श्री चिन्तामणि घोष की संगठन शक्ति, व्यावसायिक योग्यता और निस्पृहता के सम्बन्ध में मैं बहुत पढ़ और सुन चुका था; परन्तु उस कुटुम्ब से मेरा कोई सम्पर्क न था। श्री हरिकेशव घोष से मेरा परिचय एक विवाद से प्रारम्भ हुआ। अब से २०, २५ वर्ष पहले जब मैं बनारस नगरपालिका के चुंगी-विभाग का अधिकारी था, हम लोगों का इंडियन प्रेस की काशीस्थित शाखा द्वारा देयकर के सम्बन्ध में समय-समय पर मतभेद हो जाता। प्रेस के स्थानीय अधिकारियों से मेरा घनिष्ठ सम्बन्ध इस मतभेद को दूर करने में सहायक न होता। नतीजा यह होता कि नियमों से बाध्य होकर उन्हें नगरपालिका द्वारा निश्चित रकम अदा करनी पड़ती।

इस कठिनाई के निराकरण के लिए श्री हरिकेशव घोष (पटल बाबू) एक बार नगरपालिका के कार्यालय में उपस्थित हुए और हम लोगों का अँगरेजी भाषा में देर तक विवाद हुआ। वह अँगरेजों के लहजे में अच्छी अँगरेजी बोलते थे। वह प्रश्न किस प्रकार हल हुआ, इसका तो मुझे ध्यान नहीं; परन्तु उस विवाद द्वारा एक चतुर और प्रतिभावान् व्यवसायी तथा एक सहृदय और आकर्षक व्यक्तित्ववाले महानुभाव से मेरे परिचय की नींव पड़ी।

श्री लल्लीप्रसाद पाण्डेय उन दिनों काशी में निवास करते थे और हम लोग प्रायः प्रतिदिन एक-दूसरे से मिलते थे। उनके साथ घोष महोदय तथा उनके भाई से, उनके काशी आने पर, भेंट होती। दो-चार बार मेरे स्थान पर भी उनका आगमन हुआ। मैं भी प्रयाग जाने पर, कुछ मिनटों का समय निकालकर, उनसे मिलने जाता। मैंने उन्हें सदा कार्यरत पाया। समय को सभी लोग अमूल्य कहते हैं, परन्तु उसका महत्त्व जितना वह समझते थे, उतना मैंने अन्य किसी व्यक्ति को समझते नहीं देखा। इसी के साथ वह अपने व्यवहार में निरन्तर सौजन्य प्रदर्शित करते। इतने बड़े कार्य के संचालन में कठिनाइयाँ प्रायः उपस्थित होती थीं; परन्तु वह कभी व्यग्र न होते और युक्ति तथा दूरदर्शिता से अपना कार्य निभाते। कर्मचारियों की हड़ताल और उपद्रवपूर्ण व्यवहार के समय भी उन्होंने धैर्य और सौजन्य का परित्याग नहीं किया। वह किसी कार्य को दूसरे दिन के लिए नहीं टालते थे और अन्य व्यवसायियों की भाँति, किसी के पावने को चुकाने में हीला-हवाला नहीं करते थे। इंडियन प्रेस के इस व्यवहार के कारण पुस्तक-लेखक अन्य प्रकाशकों की अपेक्षा इसी प्रेस से सम्बन्ध रखने में अधिक सुविधा अनुभव करते थे। वह केवल सफल व्यवसायी ही नहीं थे, बल्कि छपाई की कला के सभी अंगों को भलीभाँति जानते थे। इस कार्य का आधुनिकतम ज्ञान प्राप्त करने के लिए उन्होंने विदेश-यात्रा की और नई मशीनों को अपने कार्यालय में स्थापित करके इंडियन प्रेस को छपाई के कार्य में अग्रणी बनाया। हिंदी की सेवा के लिए यह प्रेस सदा से प्रसिद्ध है। हरिकेशव बाबू ने उस परम्परा का निर्वाह ही नहीं किया, प्रत्युत उसमें बहुत उन्नति की और आज भी इंडियन प्रेस अपनी पत्र-पत्रिकाओं और

अगणित ग्रन्थों द्वारा राष्ट्रभाषा का भांडार भर रहा है।

पटल बाबू की संगठन-शक्ति इंडियन प्रेस तथा अन्य व्यापारिक संस्थाओं तक ही सीमित न थी; परन्तु गृहस्थी के प्रबन्ध में भी उसका आभास मिलता था। वह घर के प्रत्येक व्यक्ति की आवश्यकताओं का ध्यान रखते और बालकों की शिक्षा-दीक्षा आदि के सम्बन्ध में भी पूछताछ करते। अतिथि-सत्कार में वह कोई कमी न रहने देते और महत्त्वपूर्ण कार्यों में इतने व्यस्त रहने पर भी अतिथियों की व्यवस्था की देखरेख स्वयं करते। मैंने एक-दो बार उनका आतिथ्य ग्रहण करके उनके इन सद्गुणों का परिचय प्राप्त किया था।

पटल बाबू को अपने भाइयों से विशेष प्रेम था और भाई भी उन पर पितृतुल्य श्रद्धा रखते थे। इस प्रकार 'परस्परं भावयन्तः' यह परिवार और इसके विविध व्यवसाय उत्तरोत्तर उन्नति करते रहे। राष्ट्रनिर्माण की इस घड़ी में उनकी विशेष आवश्यकता थी। मुझे इसमें सन्देह नहीं कि यदि वह जीवित रहते, तो पंचवर्षीय योजना को आगे बढ़ाने में वह बहुत बड़ा भाग लेते।

उनके स्वभाव में एक बड़ी कमी थी कि वह आराम का मूल्य नहीं समझते थे। कार्य में ही उन्हें आनन्द मिलता और सृजन में ही उन्हें जीवन की पूर्णता लक्षित होती थी। कार्याधिक्य से शरीर की शक्ति का जो ह्रास होता है, उसकी पूर्ति की ओर उनका ध्यान कभी नहीं गया। बाहर से अपरिमित दीखनेवाली शक्ति की भी सीमा है। धीरे-धीरे उनका शरीर क्षीण होने लगा; परन्तु उन्होंने इसकी चिन्ता नहीं की। अन्त में भावी होकर रही और अकाल में ही देश एक सहृदय, उदारचित्त, प्रतिभावान एवं अनुपम संगठन-शक्ति-सम्पन्न जनसेवी की सेवाओं से वंचित हो गया। उनका जीवन बहुत अंशों में आदर्श जीवन था, जिससे हम बहुत कुछ शिक्षा ग्रहण कर सकते हैं।

हाय ! हरिकेशव बाबू !

श्री मन्मथनाथ गुप्त, संपादक 'बाल-भारती'

आज हिन्दी का प्रकाशन बहुत उन्नत अवस्था में है। उन्नत अवस्था में इस अर्थ में कि वह २०-२५ वर्ष पहले जिस अवस्था में था, उससे बहुत आगे बढ़ चुका है। हम यह तो याद करते हैं कि अमुक-अमुक लेखक ने हिन्दी का निर्माण किया, पर यह कहने या बताने की परिपाटी नहीं है कि अमुक-अमुक प्रकाशक ने इस प्रकार हिन्दी भाषा को आगे बढ़ाया। यह बात सच है कि प्रकाशन प्रकाशकों का व्यवसाय है, और वे उससे उसी प्रकार धन उपार्जन करते हैं, जिस प्रकार मिल-मालिक या अन्य पूंजीपति करते हैं। ऐसे तो फिर लेखक भी लेखन को अपना व्यवसाय बनाए हुए हैं; पर इससे उनकी सेवा कम नहीं हो जाती। मैं यह कदापि नहीं कहता कि हिन्दी साहित्य की उन्नति में लेखकों और प्रकाशकों की सेवाएँ एक प्रकार की हैं। नहीं, ऐसा नहीं है। लेखक और प्रकाशक का सम्बन्ध बहुत कुछ पूंजीपति और मजदूर का सम्बन्ध है, और मजदूर तथा पूंजीपति के सम्बन्ध में जो बुराइयाँ हैं, लेखक और प्रकाशक के सम्बन्ध में भी वे बुराइयाँ देखी जा सकती हैं।

एक अर्थ में तो ये बुराइयाँ लेखक और प्रकाशक के क्षेत्र में और भी अधिक हैं। जो भी हो, यह स्थान उन पर विचार करने का नहीं है। पूंजीवाद के सबसे बड़े विरोधी भी इस बात को मानते हैं कि जब सामन्तवाद के बाद पूंजीवाद आया था, तो वह एक प्रगतिशील शक्ति के रूप में आया था और उसके कारण समाज की उत्पादक शक्तियों को बहुत लाभ पहुँचा था। इसी प्रकार जब हमारे यहाँ पहले-पहल छपाई और प्रकाशन व्यवसाय का आरम्भ हुआ, तो उसने साहित्य के प्रसार और प्रचार में बहुत बड़ा हाथ बँटाया।

मैं समझता हूँ कि इण्डियन प्रेस ने उत्तर भारत में शिक्षा और साहित्य के कार्य में जैसा हाथ बँटाया, जिस प्रकार उसने 'सरस्वती' ऐसी पत्रिका को उत्पन्न किया और चलाया, श्री महावीरप्रसाद द्विवेदी ऐसे सम्पादक और गद्य के आचार्य को एक योग्य वाहन दिया, प्राचीन साहित्य का प्रकाशन किया, वह इतनी बड़ी सेवा है, जिसकी जितनी भी प्रशंसा की जाय, थोड़ी है। जिन दिनों श्री महावीरप्रसाद द्विवेदी 'सरस्वती' के सम्पादक थे, उन दिनों 'सरस्वती' न केवल एक पत्रिका थी, न केवल वह हिन्दी की सर्वश्रेष्ठ पत्रिका थी, बल्कि वह इतिहास निर्माण कर रही थी। कितने ही आज के बड़े लेखकों ने उससे अनुप्रेरणा ली और कितने हृदयों में हिन्दी साहित्य के लिए प्रेम उत्पन्न हुआ। खड़ी बोली की विजय में 'सरस्वती' ने तथा उसके इतिहास-प्रसिद्ध सम्पादक तथा लेखकों ने जो हाथ बँटाया, वह हिन्दी के लिए बहुत महत्वपूर्ण प्रमाणित हुआ। हमारे कुछ इतिहासकार इस बात को नहीं समझते कि व्रजभाषा पर खड़ी बोली की विजय और अन्तिम रूप से खड़ी बोली का हिन्दी का एकमात्र गद्य रूप स्वीकृत होना कितनी बड़ी बात रही।

मुझे ऐसा कहने में कोई भी हिचकिचाहट नहीं है कि हिन्दी की उन्नति में इण्डियन प्रेस ने एक ऐतिहासिक भाग अदा किया। अब तो हिन्दी साहित्य का केन्द्र ही उत्तरप्रदेश से हट

गया है। यह स्वाभाविक ही है, क्योंकि हिन्दी के राष्ट्रभाषा रूप में स्वीकृत हो जाने के बाद राजधानी का हिन्दी का सर्वप्रधान केन्द्र होना आश्चर्य की बात नहीं है; पर इसके पहले जब उत्तरप्रदेश हिन्दी का केन्द्र था, उस समय इण्डियन प्रेस तथा इसके मालिकों ने हिन्दी की अपार सेवाएँ कीं। न मालूम कितने ही अच्छे पत्र इण्डियन प्रेस से प्रकाशित हुए, कितने मौलिक ग्रन्थ इसी प्रेस से निकले। 'महाभारत' जैसे ग्रन्थ का अनुवाद निकालना इण्डियन प्रेस का ही काम था।

जब से इण्डियन प्रेस से मेरा प्रत्यक्ष परिचय हुआ, तब से मैं श्री हरिकेशव घोष को जानता हूँ। लेखकों से वे हमेशा बड़े प्रेम से मिलते थे, और जहाँ तक व्यक्तिगत सम्बन्ध का प्रश्न है, उनसे बढ़कर शिष्ट और भद्र व्यक्ति कोई नहीं हो सकता। मैं जब भी उनसे मिला, बहुत प्रभावित हुआ। उनके दिमाग में हमेशा कोई न कोई ऊँची योजना फिरा करती थी, और इससे भी बड़ी बात यह है कि वे उसे कार्यरूप में परिणत करने का साहस रखते थे।

अब मैं एक व्यक्तिगत बात पर आऊँगा। यद्यपि इण्डियन प्रेस एक बहुत छोटी पूंजी लेकर सामने आया, पर धीरे-धीरे यह एक विराट् प्रकाशन-संस्था का वाहन बन गया। इसलिए उसमें स्वाभाविक रूप से वे बातें भी आ गईं, जो ऐसी संस्थाओं के लिए स्वाभाविक हैं। जिन दिनों भारत परतंत्र था, उन दिनों मैं एक छोटा-सा श्रमिक कार्यकर्त्ता भी था, और उस नाते इण्डियन प्रेस के मजदूरों की ओर से उनकी हड़ताल में भाग लेने का मौका लगा। मुझे उस हड़ताल के ब्योरे में जाने की आवश्यकता नहीं। मैं इस अवसर पर इतना ही बताना चाहता हूँ कि यद्यपि हरिकेशव बाबू यह जानते थे कि उनके प्रेस की हड़ताल में मैं मजदूरों की ओर से संगठन आदि कर रहा हूँ, तो भी बाद को इण्डियन प्रेस से प्रकाशित 'देशदूत' के लेखक के नाते जब मैं उनसे मिला, तो उन्होंने मुझसे उसी प्रकार भद्र व्यवहार किया, जैसा वे बराबर किया करते थे। इसे शायद व्यवहारकुशलता कहकर उड़ा देने की चेष्टा की जाय, पर यह छोटी बात नहीं है। सभी लोग यदि इस प्रकार निस्पृह, न सही भीतर से, पर ऊपर से निस्पृह होकर कार्य करें, तो दुनिया कितनी अच्छी हो जाय!

एक और घटना यों है कि जिस समय मैं जेल में था, उस समय इण्डियन प्रेस के एक कर्मचारी भी मेरे साथ जेल में रहे। वे भी मेरी तरह एक वामपक्षी कार्यकर्त्ता थे। मुझे उनसे बराबर यह मालूम होता रहा कि यद्यपि हरिकेशव बाबू किसी भी प्रकार उनके परिवार का भार अपने ऊपर लेने के लिए बाध्य नहीं थे, फिर भी जब-तक मेरे मित्र जेल में रहे, तब तक हरिकेशव बाबू की ओर से उनके परिवार को एक मासिक सहायता मिलती रही। मैं इस बात से बहुत अधिक प्रभावित हुआ, और आज तक मेरे मन पर उसकी बड़ी मधुर छाप है। वह इस कारण कि हमारे साथ और-और संस्थाओं से आए हुए कितने ही लोग थे, पर उनके परिवारों को कोई सहायता देनेवाला नहीं था। उन दिनों बहुत कम लोग यह विश्वास करते थे कि स्वतंत्रता जल्दी आनेवाली है, विशेषकर लोग वामपक्षियों से बहुत बचा करते थे। ऐसी अवस्था में जेल में गये हुए अपने एक कर्मचारी के परिवार को एक महीना नहीं, दो महीना नहीं, वर्षों तक सहायता करते रहना उदार हृदय की बात थी। हरिकेशव बाबू या इण्डियन प्रेस के मालिक उनकी

किसी प्रकार की सहायता करने के लिए मजबूर नहीं थे। उन्होंने जो कुछ किया, वह आंशिक रूप से देशभक्ति और आंशिक रूप से शायद अपने पुराने कर्मचारी के प्रति उदारता के कारण किया।

ऐसी कितनी ही घटनाएँ घटीं। क्या मैं बहुत से पुराने इतिहास में जाऊँ? उत्तर भारत के स्वनामधन्य क्रान्तिकारी श्री शचीन्द्रनाथ सान्याल का मैं हवाला देना नहीं चाहता, पर मुझे जहाँ तक याद है, हरिकेशव बाबू शचीन्द्रनाथ ऐसे क्रान्तिकारियों की हर तरह से सहायता करते थे और यह चेष्टा करते थे कि वे अपने कार्य में सफल रहें।

मैं हरिकेशव बाबू से व्यक्तिगत रूप से बहुत घनिष्ठ नहीं था, पर मैं यह मानता हूँ कि वे बराबर अच्छे विचारवाले लेखकों तथा कार्यकर्त्ताओं को सहायता देने के लिए तैयार रहते थे। मैं फिर एक बार कहता हूँ कि इस प्रशस्ति से यह निष्कर्ष कदापि न निकाला जाय कि प्रकाशन और लेखन का जो रूप इस समय मौजूद है, उसका मैं समर्थक हूँ या उसे किसी भी प्रकार अपरिवर्तनीय मानता हूँ।

प्रकाश की किरण

श्री प्यारेलाल यादव

प्रकृति का अटल नियम है कि जो सूर्य्य उदय होते ही समस्त लौकिक कर्मों का दाता रहता है और संसार जिसकी अर्चना करता और अर्घ्य देता है, वही सन्ध्या समय म्लान मुख होकर अस्त हो जाता है। मनुष्य-जीवन की भी स्थिति ऐसी ही है।

आज शोक-विह्वल हो, सजल नयनों से लिखना पड़ता है कि उसी नियमवश बड़े साहब (पटल बाबू) को महाप्रस्थान करना पड़ा।

मैं उनके सम्पर्क में सन् १९३५ से बराबर रहा। पहले मैं कम्पोजिंग और प्रूफ-रीडिंग-विभाग में था। परन्तु उनकी तेज निगाहों से मैं न बच सका और उन्होंने मुझे प्रिंटिंग-विभाग में लाकर सारा काम सिखलाकर प्रिंटर के पद पर आसीन किया। मुझ पितृविहीन और गुरुविहीन के लिए उन्होंने पिता और गुरु दोनों का कार्य किया। उनकी ये विशेषताएँ कभी भुलाई नहीं जा सकतीं कि आदमियों के चुनाव करने में वे बेजोड़ थे।

एक क्षण भी बड़े साहब कभी बेकार न जाने देते थे। जिस कार्य को हाथ में लेते थे, उसे पूरा करके ही छोड़ते थे। लगन के इतने पक्के थे कि निराश या विफल होते मैंने उन्हें कभी नहीं देखा।

जिस समय वे प्रेस में आ जाते थे, लोगों में उत्साह की लहर बहने लगती और कर्मचारी विद्युत्-गति से कार्य करने लगते। अत्यधिक कार्य का बोझ वहन करते हुए भी वे कर्मचारियों के दुख-सुख बराबर सुना करते और उनकी यथासभव सहायता भी करते थे।

विशालहृदय पटल बाबू

श्री गुरुभक्तसिंह 'भक्त'

अचानक 'अमृत बाजार पत्रिका' में श्री पटल बाबू का निधन पढ़कर मेरे हृदय को जो आघात पहुँचा, उसे मैं व्यक्त नहीं कर सकता। ऐसा मालूम हुआ, मानो अपने एक बड़े भाई का साया सर से उठ गया और मैं स्तब्ध-सा रह गया।

पटल बाबू के परिवार से मेरा सम्बन्ध सन् १९०८ ई० से है, जब उनके स्वर्गीय पिता श्री चिंतामणि घोष जीवित थे। उनसे कई बार निकट से मिलने का तथा बातचीत करने का सौभाग्य मुझे प्राप्त हो चुका था। मैं तभी से उनके चरित्र-बल से बड़ा प्रभावित था। उनकी कार्यकुशलता तथा व्यावहारिक पवित्रता की एक बात मुझे याद है। उनके प्रेस में कई हजार तिरंगे चित्र उत्तम आर्टपेपर पर छपे। उनका नियम था कि वे हर काम के पूरा हो जाने पर उसे स्वयं देखते थे। इसी प्रथा के अनुसार उन्होंने उन छपे चित्रों को भी देखा। रंगों के बैठाने में कहीं सुई की नोक भर कसर रह गई थी। बस, वे फोरमैन पर बहुत बिगड़े। 'क्या मेरे प्रेस की बदनामी कराओगे? तुरन्त इन सब चित्रों को मेरे सामने जला दो। कोई बाहर का आदमी जानने या देखने न पाए।' उन्होंने हजारों रुपयों का नुकसान उठाना गवारा किया; परन्तु इंडियन प्रेस की उत्तम छपाई के नाम पर आँच नहीं आने दी। ऐसे ही सुयोग्य महापुरुष की संतान पटल बाबू थे।

पटल बाबू से हमारा काफी घनिष्ठ सम्बन्ध था। धूनी बाबू तथा अन्य भाइयों से भी मेरा भाईचारा-सा है। जब कभी मैं प्रयाग जाता, पटल बाबू ही के निवासस्थान पर ठहरता। किसी और जगह ठहरने पर उलाहना सुनना पड़ता।

इस घटना के थोड़े दिन पूर्व जब पटल बाबू प्रयाग में थे, मैं उनसे उनके बँगले पर मिला था, घंटों इधर-उधर की बातें होती रहीं। मुझे क्या मालूम था कि यही अंतिम भेंट है। उनका सुगठित शरीर, लम्बा कद, गौर वर्ण, सदा मुसकराते हुए होंठ और मिष्ट भाषण मुझे बार-बार याद आता है और उनका भव्य रूप मेरी आँखों के सामने खड़ा हो जाता है।

व्यापारी होते हुए भी ऐसा शीलवान व दयालु व्यक्ति मुझे अभी तक कोई और नहीं मिला। जिनसे जरा भी परिचय हो जाय, उनको वे हर प्रकार से सहायता देने के लिए तैयार रहते और जिनको वे मित्र समझते, उनके लिए तो सब-कुछ त्याग करने पर बे तुल जाते थे। मैं भी अपने निजी मामलों में उनसे सदा सलाह लेता रहा हूँ और जिन बातों के लिए मैंने उनसे कहा, उन्होंने कभी 'ना' नहीं किया। मेरी सर्वप्रथम काव्य-पुस्तक 'सरस सुमन' उन्होंने अपनी ही देखरेख में छपवाई थी। वह ऐसा सुन्दर प्रकाशन था कि उसकी धूम मच गई। मेरी 'वंशी ध्वनि' भी उन्होंने अपने ही प्रेस में छपवाई। वे मेरे साथ बड़ी उदारता का व्यवहार करते रहे और मैं उनका बड़ा स्नेहपात्र रहा। मैं उनका आभार कभी न भूलूंगा।

वे बड़े कर्मठ जीव थे। वैभव और लाड़-प्यार में पले होने पर भी उन्हें आलस्य तथा विलास से घृणा थी। वे दिन-रात काम में लगे रहते। प्रेस के हर विभाग का काम वे स्वयं

देखते, नए-नए उद्योग-धंधों की गोटी बिठाते, दिन-रात व्यापार में उन्नति के मार्ग ढूंढ़ते और रात में जब सोने जाते, तब आधी रात तक पुस्तकों का अध्ययन करते। इसी तपस्या का फल यह हुआ कि लक्ष्मी को पैर तोड़कर उनके घर बैठना पड़ा और उन्होंने अपने परिवार को उन्नति के शिखर पर पहुँचा दिया।

मैंने देखा है, उनके कर्मचारीगण यों तो अन्य भाइयों के केवल भय से काम करते थे; परन्तु पटल बाबू की विशालता, सहृदयता तथा उदारता उनके हृदय में आदर उत्पन्न करती थी और वे स्नेह से प्रेरित होकर तन-मन-धन से अपने कर्त्तव्य के पालन में संलग्न रहते थे। श्री हरिकेशव घोष सभी की निष्ठा व श्रद्धा के पात्र थे।

सादगी उनके जीवन का लक्ष्य था। उन्हें आप केवल स्वच्छ खद्दर के कुरते और पाजामे में बहुधा घूमते हुए देख सकते थे। दिखावा और अभिमान उनको छू नहीं गया था। सरलता व सच्चाई उनकी सफलता की कुंजी थी।

वे मानव नहीं, देवता थे और इसी से हम सबको दुखी छोड़कर देवलोक को चले गये।

उच्चाकांक्षी पटल बाबू

श्री बेनीप्रसाद टण्डन

श्री हरिकेशव घोष 'पटल बाबू' नाम से अधिक प्रसिद्ध थे। आप प्रयाग के प्रमुख नागरिक थे। उनके गौरव से आकर्षित होकर मैं उनके निकट संपर्क में छः-सात वर्ष पूर्व आया। वे बहुधंधी होते हुए भी अध्ययनशील और विद्यानुरागी थे। प्रतिदिन नियमित रूप से कुछ-न-कुछ अध्ययन अवश्य करते रहते थे। अनेक भाषाओं की विभिन्न पत्रिकाओं का वे संचालन करते थे। व्यावसायिक विषयों के अतिरिक्त अन्य बातों का भी उन्हें अच्छा ज्ञान था। सूक्ष्म बुद्धि के कारण वे किसी भी विषय को सरलता से आत्मसात् कर लेते थे।

वे बड़े परिश्रमी और उच्चाकांक्षी थे। उसी में उन्हें आत्मतोष मिलता था। श्रांति का वे शायद ही कभी अनुभव करते रहे हों। अथक परिश्रम भी उनके असामयिक शरीरपात का एक कारण है। पिताजी की मृत्यु के बाद उन्होंने जिस प्रकार व्यापार की सर्वतोमुखी उन्नति की, वह सराहनीय है। उन्होंने मशीन और भवन-निर्माण को 'हाबी' बना लिया था। इन कुछ वर्षों के बीच उन्होंने जो मकान आदि बनवाए, वे उनकी सुरुचि और लगन के नमूने हैं।

पटल बाबू से बातचीत करना एक आनन्दपूर्ण कार्य था। धन और मान होते हुए भी वे विनयशील और सहृदय थे। मुक्त हृदय से वे रुचि के साथ बात करते थे। व्यक्तिगत परेशानियों अथवा अशान्ति को वे कभी प्रकट न होने देते थे। सदा परामर्श देने और उलझनों को सुलझाने में तत्पर रहते थे। इसके लिए शारीरिक या आर्थिक कष्ट कभी बाधक न होते थे। वे मृदुभाषी, किन्तु स्पष्ट वक्ता थे। चित्त को सहज ही आकर्षित कर लेना उनका विशेष गुण था, जिससे मिलनेवाले पर उनके व्यक्तित्व की अमिट छाप पड़ जाती थी। व्यवहार में साफ, ईमानदार और निश्छल थे।

उनका रहन-सहन सामान्य तथा आडम्बर-शून्य था। वे एक धर्मनिष्ठ प्राणी थे। भाइयों से विशेष स्नेह करते थे और अभिभावक होकर उनकी देख-भाल अच्छी तरह करते थे। राजनैतिक जीवन से दूर रहकर भी राष्ट्रीय कार्यों में वह भरसक सहायता करते थे। वे उदार स्वभाव के सरल व्यक्ति थे। लोकहित के कार्यों में कभी पीछे न रहते थे। किसी को निराश करना वे संभवतः जानते ही न थे।

इन थोड़े वर्षों का पटल बाबू का साथ कभी भूला नहीं जा सकता। उनके अभाव की छाया निःसन्देह सदा साथ रहेगी।

पुरुषश्रेष्ठ हरिकेशव घोष

श्री क्षितीन्द्रमोहन मित्र, संचालक और सम्पादक 'माया'

मुझे सख्त अफसोस है कि हरिकेशव बाबू जैसे पुरुष-श्रेष्ठ से मेरी मित्रता बहुत थोड़े ही समय तक रही। दुर्भाग्यवश ऐसे महान् व्यक्ति से मित्रता जोड़कर अधिक सीखने का अवसर मुझे नहीं मिला। यह कौन नहीं जानता कि एक निःस्वार्थ और निरभिमान, भले व्यक्ति का सत्संग कितना आनन्ददायक होता है। बड़े भाग्य से ऐसे व्यक्ति का संसर्ग मिलता है। उनके जैसे व्यवहारकुशल, अनुभवी और बुद्धिमान्, जो सचाई और ईमानदारी की जीवित प्रतिमा थे, इस संसार में बिरले ही मिलेंगे। ऐसे व्यक्ति से घड़ी भर बात करना भी सांसारिक शिक्षा का कोश प्राप्त करना था।

मुझे क्या पता था कि हरिकेशव बाबू इतने अच्छे व्यक्ति हैं, उनका हृदय इतना उच्च और सहानुभूतिपूर्ण है और वे निःस्वार्थ भाव से दूसरों को लाभ पहुँचाने में सुख का अनुभव करते हैं। उनका जीवन-दीप बुझने के कुछ ही मास पूर्व उनको पहचान पाया था, इसीलिए और भी दुःख होता है। मैं चाहता तो २२ वर्ष पहले से उनको जानने का सौभाग्य प्राप्त करता। वास्तव में उनकी मृत्यु से मुझे गहरा धक्का लगा, क्योंकि उनसे घनिष्ठता बढ़ाते समय मैंने कुछ आशाएँ की थीं––कई सपने देखे थे। मुझे क्या पता था कि मेरे ये सपने इस तरह चूर-चूर हो जायँगे!

अब मुझे लगता है कि अगर मैं अपने व्यापार में सफलता प्राप्त करने के पहले ही उनसे मित्रता कर पाता, तो मैं बहुत लाभान्वित होता––उनके असाधारण व्यापारिक अनुभव और उपदेश से मुझे काफी शिक्षा मिल जाती और मैं अधिक तरक्की करने में सफल होता। उनका व्यवहार देखकर हर घड़ी हमें शिक्षा मिलती रहती थी कि लोगों से मेल-जोल किस तरह बढ़ाना चाहिए, मित्रता किस तरह निभानी चाहिए, लोगों का सहयोग किस तरह पाना चाहिए। थोड़े ही दिनों के लिए सही, पर उनसे मेरी ऐसी घनिष्ठता हो गई थी, जैसी अब तक किसी से नहीं हुई थी। इसीलिए गत १९ मार्च को अखबार खोलने पर जैसे ही मेरी नजर हरिकेशव बाबू के निधन-समाचार पर पड़ी, मेरा हृदय शोक से भर आया। मैं एक आत्मीय जन की भाँति उनके आरोग्य की कामना कर रहा था। इसका एक कारण यह भी था कि मैंने जल्दबाजी और निर्बुद्धिता से एक धन्धे में काफी रुपया लगा दिया था। इसका पता लगते ही हरिकेशव बाबू एक स्वजन और शुभचिन्तक की भाँति उन रुपयों के उद्धार की कोशिश में लग गए थे। उनकी प्रतिष्ठा और उनके व्यक्तित्व के प्रभाव से उन रुपयों के वसूल होने की संभावना थी और शायद इसीलिए उनका स्नेह इधर मेरे लिए अमूल्य हो गया था। इस बात को स्वीकार करने में मुझे इस समय लज्जा का अनुभव हो रहा है, पर उनकी यादगार के समय इसे छिपाना मुझे ठीक नहीं जँचता।

सन् १९३१ का फरवरी महीना था। 'माया' का प्रकाशन मेरे लिए असम्भव हो रहा था। कर्ज अदा न होने के कारण कई लोगों ने मुझ पर नालिश ठोंक दी थी। 'माया' के प्रकाशन के पहले से ही राजर्षि टंडनजी की कृपादृष्टि मुझ पर थी। परिस्थिति के घोर निराशापूर्ण

होने से उन दिनों मैंने लोगों से मिलना-जुलना एकदम छोड़ दिया था। कई मुकदमों और गिरफ्तारी के वारंट की वजह से मैं बुरी तरह घबरा गया था। एक दिन शाम के झुटपुटे में मैं टंडनजी के घर गया और सारी स्थिति उन्हें साफ-साफ बता दी। 'माया' के प्रकाशन के पहले से ही वे मेरी सफलता में सन्देह करते थे और कम पूँजी के कारण शीघ्र ही ऐसी विकट परिस्थिति के आने की चेतावनी भी दे चुके थे। पर उस दिन टंडनजी ने मेरा तिरस्कार नहीं किया। वे देर तक विचारमग्न रहे। इस बीच मैं बड़बड़ाता रहा—"माया' में इतना पैसा लगाया, इतनी मेहनत भी की, अब अगर यह बन्द हो जायगी, तो मुझे बेहद दुख होगा। अगर कोई इसे लेकर चलाता रहता, तो मुझे आन्तरिक संतोष होता।"

टंडनजी ने मुझसे कहा—"आप कल सबेरे दस बजे आ जाइए। मैं आपको इंडियन प्रेस के घोष बाबू के पास ले चलूंगा। शायद वे आपकी कोई मदद कर सकें।"

दूसरे दिन दस बजे वे अपनी फोर्ड मोटर पर मुझे इंडियन प्रेस ले गए। हरिकेशव बाबू ने बड़ी खातिर से हमें बैठाया। तब टंडनजी ने हिन्दी में पत्रिका प्रकाशित कर सफलता का स्वप्न देखने के मेरे पागलपन के बारे में उन्हें सब कुछ बताया और अनुरोध के स्वर में बोले—"घोष बाबू, आप इनकी 'माया' को लेकर चलाइए न! हिन्दी में एक कहानी-पत्रिका की आवश्यकता जरूर है और अच्छी निकलने पर पत्रिका चल भी सकती है।"

हरिकेशव बाबू ने मुझसे पूछा—"माया' कितनी छापते हैं आप?"

मैंने कहा—"शुरू में दो हजार छापता था, अब डेढ़ हजार छाप रहा हूँ।"

उन्होंने पूछा—"ग्राहक कितने हैं और सब मिलाकर कितनी कापियाँ बिक जाती हैं?"

मैंने बताया—"ग्राहक पौने तीन सौ के लगभग हैं और रेलवे के स्टाल और शहर के अखबार-विक्रेताओं के द्वारा भी तीन-साढ़े तीन सौ प्रतियाँ बिक जाती हैं।"

मेरी बात के समाप्त होते-न-होते टंडनजी ने कहा—"घोष बाबू, आपको इस नौजवान को मुसीबत से बचाने के बारे में कुछ-न-कुछ सोचना जरूर है। यह कर्ज नहीं चुका पा रहे हैं।"

हरिकेशव बाबू ने मुझसे पूछा—"कितना कर्ज होगा आपका?"

मैंने कहा—"ग्यारह-बारह सौ रुपया!"

हरिकेशव बाबू बोले—"आप कल दो बजे सब बहीखाते लेकर आ जाइए मेरे पास।"

टंडनजी ने कुर्सी से उठते हुए कहा—"घोष बाबू, जो कुछ भी आपसे बन सके, आप इस नौजवान की सहायता कीजिए।"

हरिकेशव बाबू ने कहा—"हाँ-हाँ, मैं ले लूँगा इनकी पत्रिका।"

इससे पहले हरिकेशव बाबू से मेरी कोई जान-पहचान नहीं थी। पर सिर्फ टंडनजी की सिफारिश से उनका हृदय पिघल गया और वे 'माया' को लेने के लिए तैयार हो गए थे। इसमें शक नहीं कि 'माया' लेकर वे उसे प्रकाशित करने की जरूरत नहीं समझते थे और न उन्हें इसमें कोई दिलचस्पी ही थी। उनके चेहरे से मुझे लगा कि वे सिर्फ मेरा कर्ज चुकाने के लिए ही यह सब कर रहे थे। मुझे लगा कि वे मुझे दुश्चिन्ता और जेल से जरूर बचा लेंगे। सच कहता हूँ, उस समय उनकी ऐसी उदारता देखकर कृतज्ञता से मेरी आँखें छलछला आई थीं।

पर मैं दूसरे दिन उनके पास नहीं गया। 'माया' को हमेशा के लिए किसी को दे देने में मेरी छाती फटती थी। 'माया' प्रकाशित होने की रत्ती भर भी आशा नहीं रह गई थी, फिर भी मेरा मन नहीं होता था कि मैं उसे किसी दूसरे को दे दूँ।

फिर एक-एक कर लम्बे बीस साल बीत गए। हरिकेशव बाबू ने मुझ पर दया दिखाई थी, शायद इसीलिए या पता नहीं क्यों, मैं इस बीच उनसे नहीं मिला। हम लोग कभी एक-दूसरे के सामने नहीं पड़े। कोई आवश्यकता भी नहीं थी। मैं अपने काम में तरक्की तो करता जा रहा था, पर निर्बुद्धितावश अपने को समाज से बहिष्कृत और एकान्तवासी बना चुका था।

एकाएक सन् १९५१ के नवम्बर महीने में कागजवालों की एक दावत में हरिकेशव बाबू से मेरी भेंट हो गई। उन्होंने बड़ी दिलचस्पी से मुझसे बातें कीं। बातचीत से पता चला कि वे मेरे बारे में बहुत कुछ खोज-खबर रखते हैं। उस दिन के बाद हम दोनों अकसर मिलते रहे। एक बार वे किसी काम से मेरे दफ्तर में भी आये और घूम-फिरकर प्रेस देख गए। फिर कई बार वे मेरे घर भी आये। सन् १९५२ के अगस्त महीने तक हमारी घनिष्ठता काफी बढ़ गई। दिन पर दिन मैं देखता रहा कि वे कितने निःस्वार्थ हैं। किसी कठिनाई की बात मालूम होने पर वे फौरन मदद के लिए तैयार हो जाते थे—चाहे उन्हें कितनी ही असुविधा हो। सभी से उनका व्यवहार ऐसा ही मधुर होता था।

मैंने एक पुस्तक में पढ़ा था कि जो व्यक्ति दुनिया में तरक्की करता है, वह निःस्वार्थ भाव से दूसरों की मदद करके सबसे मित्रता बढ़ाता है। हरिकेशव बाबू के व्यवहार को देख-देखकर मुझे अकसर उस पुस्तक की बातें याद आ जाती थीं, और मैं सोचने लगता कि इसमें आश्चर्य ही क्या कि ऐसा व्यक्ति कुछ ही वर्षों में व्यापार में इतनी सफलता प्राप्त कर सका! इसीलिए न उनकी इतनी इज्जत है और प्रत्येक व्यक्ति उनकी प्रशंसा करता है! भला सचाई, ईमानदारी और व्यापार-बुद्धि में उनकी जोड़ का व्यक्ति कहाँ मिलेगा!

उनसे मुझे अनेक शिक्षाएँ मिलीं। उनके सुन्दर चेहरे पर सदा मुसकान खिली रहती थी और किसी से साक्षात् होने पर उनकी इस मधुर मुसकान से सारे वातावरण में जादू की भाँति सद्भावना और मैत्री-भाव फैल जाता था। कैसे मित्रता करनी चाहिए, कैसे उसे बनाए रखना चाहिए और कैसे सहयोग प्राप्त करना चाहिए, यह उनका जन्मजात गुण था—यह अगर देखकर या जानकर सीखा जा सकता है, तो शायद मैंने भी सीख लिया है। व्यापार-धंधे की सफलता के लिए यह सबसे बड़ी कला है।

हरिकेशव बाबू की मृत्यु से अन्य सैकड़ों व्यक्तियों की भाँति मेरी भी बहुत क्षति हुई है। और कुछ वर्ष अगर वे जीवित रहते, तो मैं अपनी बहुत-सी समस्याओं को हल करने में उनके स्नेह का लाभ उठाता। कठिन परिस्थितियों में मुझे अब कभी उनकी जैसी सच्ची सहानुभूति और उनके जैसा सदुपदेश नहीं मिलेगा। उनकी बुद्धिमत्तापूर्ण सलाह से मुझे अपने काम-धंधे में काफी सहायता मिलती थी; मुसीबत के समय वे मुझे रोशनी दिखाने का काम करते थे—यह अब मुझे कभी नहीं मिलेगा। मेरे जीवन में वे ही एक ऐसे व्यक्ति थे, जो मुझे इतना प्रभावित कर सके।

उनके श्राद्ध के दिन मुझे उनका एक फोटो मिला है, जिसे मैंने जड़वाकर अपने शयनकक्ष में टाँग लिया है। मैं चाहता हूँ कि मैंने उनसे जो कुछ सीखा है, उसी से मुझे अपने बाकी जीवन में अधिक से अधिक मदद मिले। अपनी उलझनों के वक्त उनकी प्रतिमूर्त्ति देखकर मैं यह सोच सकूँगा कि इस समस्या को वे किस तरह हल करते।

जो कभी न भूलूँगा

प्रधानाचार्य पं० रामबहोरी शुक्ल, एम० ए०, साहित्य-महोपाध्याय

उन दिनों मैं नागरी-प्रचारिणी सभा, काशी का प्रधान मंत्री निर्वाचित किया गया था। उसके संस्थापक स्व० पण्डित रामनारायण मिश्र थे सभापति। इसके पूर्व सभा की संस्थापना करने में मिश्रजी के सहयोगी बाबू श्यामसुन्दरदास सभापति रह चुके थे। बाबू साहब सभा के नियमों की रक्षा करने के लिए कहने को चाहे जिस पद पर रहते थे, वास्तव में वे ही सभा के एकमात्र सूत्रधार थे। इससे उन्हीं के संकेत से सभा के काम होते थे।

सभा के बहुत से कामों में ग्रन्थ-प्रकाशन मुख्य था। किसी समय तो सभा ही हिन्दी ग्रन्थों के प्रकाशन में पथ-प्रदर्शिका थी। इससे उसकी आय भी अच्छी होती थी। सम्भवतः व्यवसाय-कार्य से साहित्य-निर्माण के कार्य में कुछ बाधा पड़ती रही होगी अथवा और कोई दूसरा कारण हो सकता है; किन्तु हुआ यह कि सभा ने प्रकाशन-कार्य को विक्रय-कार्य से अलग करने का निश्चय किया और कदाचित् उक्त बाबू साहब की प्रेरणा से इंडियन प्रेस को सभा के प्रकाशन का विक्रेता नियुक्त किया गया।

सभा की पुस्तकें अधिकतर इंडियन प्रेस में ही छपतीं भी। फलस्वरूप काम कुछ सुगम हो गया होगा। सभा के तत्कालीन कार्यकर्त्ता और अधिकारी बहुत कुछ निश्चिन्त हो गए होंगे। परन्तु धीरे-धीरे अनेक कारणों से सभा की पुस्तकों से आय कम होने लगी और कुछ दिनों के पश्चात् तो आय से व्यय का खाता बढ़ने लगा। होते-होते सभा के ऊपर इंडियन प्रेस का हजारों का ऋण लद गया। उसके कम होने का उपाय न दिखलाई पड़ता, प्रत्युत वह प्रतिवर्ष बढ़ता ही जाता। उस समय नाना प्रकार की बातें कही-सुनी जातीं। जो श्यामसुन्दरदासजी सभा के लिए एकमात्र आश्रय समझे जाते और जिनके मुँह से पद-त्याग की बात सुनते ही प्रबन्ध-समिति के लोग बगलें झाँकने लगते, उनके बिना भी सभा चल सकती है, यह विचार भी कुछ लोगों के मन में आने लगा। अन्ततः उनके साथी पण्डित रामनारायणजी मिश्र आगे बढ़े। उन्होंने सभा को विशाल ऋण-राशि के बोझ से लदी होने पर भी सँभालने का साहस किया। अपनी ही कार्यप्रणाली के अनुसार चलने में अभ्यस्त बाबू श्यामसुन्दरदास ने सभा को एक प्रकार से त्याग दिया। सभा की प्रबन्ध-समिति ने ऐसे संकट के समय उसके संचालन का दायित्व लिया।

इंडियन प्रेस का ऋण चुकाने के लिए रुपए कहाँ से आएँ? सभा का नित्यप्रति का व्यय कैसे चले? उस समय सभा की साख भी कुछ बहुत अच्छी न थी। न तो बाहर से सहायता मिलने की आशा दिखलाई पड़ती थी और न किसी अन्य साधन से ही अपेक्षित धन की प्राप्ति सम्भव प्रतीत होती थी। अपनी धुन के पक्के और युक्तियों के सफल प्रयोग करनेवाले मिश्रजी को सुझाया गया कि सभा की कुछ अधिक लोकप्रिय पुस्तकों की बिक्री का काम इंडियन प्रेस से लेकर उसकी आय से अपना काम चलाया जाय और उसका नियत अंश इंडियन प्रेस को ऋण के भुगतान के लिए दिया जाय। मिश्रजी ने विविध सूत्रों से सभा का पुनरुद्धार करना

आरम्भ किया। उन्हें उक्त सुझाव भी जँच गया। अब उन्होंने इंडियन प्रेस से विक्रय के सम्बन्ध में नए रूप में समझौता करने की बात छेड़ी।

इसी सम्बन्ध में मुझे प्रेस के जनरल मैनेजर (प्रधान व्यवस्थापक) पटल बाबू नाम से परिचित श्री हरिकेशव घोष से पहले-पहल अकेले ही नहीं और अन्य लोगों के साथ भी अनेक बार मिलने का अवसर मिला। मुझे उनकी कुशाग्र बुद्धि, मृदुभाषिता और गम्भीरता के साथ मुसकानभरी व्यवहारकुशलता का बहुत ही सुखद और चिरस्मरणीय परिचय मिला। एक ओर वे अपने व्यावसायिक हित पर निरन्तर दृष्टि रखते मिले, तो दूसरी ओर सभा के हित की बात उठाने पर स्वार्थ-त्याग के लिए भी वैसे ही तत्पर जान पड़े। फल यह हुआ कि उनसे मिलने के पहले जिस समझौते के विषय में नाना प्रकार की बातें सोची जा रही थीं, वह सभा की इच्छानुकूल हो गया। आचार्य रामचन्द्र शुक्ल के अनुपम 'हिन्दी साहित्य का इतिहास' का नवीन संशोधित संस्करण एवं 'संक्षिप्त शब्द सागर' इंडियन प्रेस ने अपने व्यय से मुद्रित कर देने का वचन दिया और उनके विक्रय का अधिकार सभा के हाथ में आया। फिर तो क्रम-क्रम से सभा अपने अन्य प्रकाशन इंडियन प्रेस से लेती गई और दूसरे नए प्रकाशन भी करने लगी। आगे चलकर सभा पुनः अपने पैरों पर खड़ी हो गई। किन्तु इस कार्य में यदि पटल बाबू हमारे सहायक न होते, तो सभा के सामने उस समय तो अन्धकार ही था।

मैं वह दिन नहीं भूल पाता, जब मिश्रजी के घर में पटल बाबू इस कार्य के निमित्त पधारे थे और मैं मिश्रजी की निष्कपट और मोहनेवाली मुद्रा का पटल बाबू की उदाराशयता तथा अपनी खिलखिलाहट में विरोधी को भी आत्मसात करनेवाली हँसी को देख रहा था। उस समय जान पड़ता था कि पटल बाबू के सामने व्यवसाय न था; किन्तु था केवल हिन्दी और सभा की सेवा का एकमात्र वही सहज भाव, जिसकी प्रेरणा उन्हें वहाँ खींच लाई थी। मैं तो सभा को उस दलदल से निकालने के लिए जितना मिश्रजी को श्रेय देता हूँ, उतना ही पटल बाबू को देता हूँ।

अभी कुछ दिन ही बीते हैं, मिश्रजी को इहलोक की लीला-संवरण किए हुए, और अब पटल बाबू भी हमारे बीच नहीं रहे। उन दोनों की यह साहित्य-सेवा कभी बाहरी लोगों के सामने नहीं प्रकट हुई, और पटल बाबू का यह कार्य तो हम दो-चार जन ही जानते हैं। मैं उनकी अन्य हिन्दी-सेवाओं के सामने इसे भी महान् मानता हूँ, इसी के बल पर सभा अपना कार्यक्षेत्र विस्तृत कर सकी। ऐसे हिन्दी-हितैषी का वह सम्पर्क मेरे लिए सदैव स्मरणीय रहेगा।

अध्यापक-बन्धु पटल बाबू

प्रधानाचार्य श्री प्राणेन्द्रनाथ घोषाल

कदाचित् सन् १९२८ ई० की बात है। मैं ऐंग्लो बंगाली हाईस्कूल, बनारस में प्रधानाध्यापक था। वहाँ के कतिपय नवयुवक उत्साही अध्यापकों के मन में यह भावना उठी कि स्कूल की एक वार्षिक पत्रिका प्रकाशित होनी चाहिए। समय आजकल से नितान्त भिन्न था। पत्रिका-प्रकाशन के लिए परिस्थितियाँ तनिक भी अनुकूल न थीं। वर्तमान विद्यालयों के समान उस समय के विद्यालयों के पास धन नहीं था, न उन दिनों कोई पत्रिका-शुल्क ही छात्रों से लिया जाता था। उत्साही अध्यापकों के सामने एक विकट समस्या उपस्थित हुई—प्रकाशन व्यय कहाँ से आवे? पर फलाफलोपेक्षी शूरों की मनोवृत्ति से पूर्ण छात्रों तथा अध्यापकों ने लेख तैयार किए और पत्रिका छपने के लिए इण्डियन प्रेस, बनारस के हवाले कर दी गई। विद्यालय के पदाधिकारियों, अध्यापकों एवं छात्रों की सद्भावना के अनुसार पत्रिका बड़ी सजधज के साथ सुन्दर आकार में छपकर ठीक समय पर प्रकाशित हो गई।

अब फिर वही समस्या आई—प्रकाशन तथा मुद्रण का व्यय मुद्रणालय को कैसे दिया जाय? अनेक संकटों का सामना करके जो स्वल्प-सा द्रव्य पत्रिका के लिए संचित किया जा सका था, वह सम्पूर्ण व्यय के अर्द्धांग से भी कम था। विद्यालय के सभी लोग बड़ी चिन्ता में थे। अन्त में सारी कथा स्वर्गीय पटल बाबू को लिखी गई। उनका नवनीत-कोमल हृदय आर्द्र हो गया। औदार्य, दया तथा सहृदयता का स्रोत उमड़ पड़ा। उनकी नैसर्गिक दानशीलता बरबस फूट पड़ी। उन्होंने अविलम्ब शाखा-व्यवस्थापक महोदय को आज्ञा दी कि विद्यालय को पत्रिका के मुद्रण तथा प्रकाशन के शेष देय-द्रव्य से मुक्त किया जाय। पटल बाबू की उदारता, शिक्षा-संस्थाओं के प्रति अनुरक्ति तथा अध्यापकों की निःस्वार्थ सहायता की भावना ने इस अवसर पर मुझे बहुत ही प्रभावित किया।

मेरे जीवन में यह प्रथम अवसर था कि मैं स्वर्गीय श्रद्धेय पटल बाबू के सम्पर्क में आया और उनके विद्यानुराग तथा उनकी सहज करुणा की झलक पा सका।

सम्पर्क में आने का द्वितीय अवसर सन् १९३१ में आया, जब श्रद्धेय पटल बाबू मेरे गुरु स्वर्गीय कुमार बाबू की लिखी हुई भौतिक विज्ञान की पुस्तक में एक नया अध्याय लिखाने के लिए मेरी झोपड़ी पर पधारे। मुझे पूर्ण विश्वास है कि इसमें भी मुझे सहायता पहुँचाने की भावना ही उनके हृदय में प्रबल थी। यह छोटी - सी घटना उस स्वर्गीय आत्मा की सहृदयता, कर्मपटुता, कष्टसहिष्णुता आदि सद्‌गुणों की द्योतक है। जब वे किसी अध्यापक को दुःख में देखते थे, तो यथाशक्ति उसके दुःख-निवारण के लिए प्रयत्न करते थे।

जब मैं प्रयाग आया, तो शहर के अनेक प्रमुख व्यक्तियों से स्वर्गीय पटल बाबू की प्रशंसा सुनने लगा। अनेक शिक्षा-संस्थाओं से उनका सम्बन्ध था और वे उन संस्थाओं के कल्याण में बड़ी अभिरुचि रखते थे और उसके लिए बड़ी तत्परता से कार्य करते थे। वे कर्नलगंज कालेज की भवन-निर्माण-समिति के अध्यक्ष थे। रुग्णा-


वश में होते हुए भी वे भवन-निर्माण-कार्य का निरन्तर अदम्य उत्साह के साथ निरीक्षण करते रहे। व्याधि तथा अस्वस्थता कभी उनके कर्त्तव्य-मार्ग में बाधक नहीं हुई। समय-पालन के तो वे मानो साक्षात् अवतार थे। जिस कार्य के लिए जो समय दे देते थे, उसको ठीक उसी समय सम्पादित करते थे; कभी एक पल की भी देर नहीं करते थे।

सी० ए० वी० कालेज के प्रधान होने के नाते मैंने गतवर्ष उनसे कालेज की वाणिज्य-परिषद् के उद्‌घाटन करने की प्रार्थना की। अस्वस्थ होते हुए भी उन्होंने मेरी प्रार्थना स्वीकार की और निश्चित समय पर कालेज में पधार-कर बड़ी सफलता एवं सुन्दरता से वाणिज्य-परिषद् का उद्‌घाटन-कार्य सम्पन्न किया। हिन्दी भाषा के प्रति उनका इतना प्रबल अनुराग था कि यद्यपि उन्हें हिन्दी में व्याख्यान देने में कठिनाई पड़ती थी, तथापि उन्होंने हिन्दी में ही अपना भाषण दिया और विद्यार्थियों को अपने निजी अनुभव की ऐसी महत्त्वपूर्ण बातें बताईं, जो बिरले ही सज्जन बता सकते हैं। विद्यालय सदा के लिए उनका आभारी रहेगा।

स्वर्गीय पटल बाबू बड़े ही गुणग्राही महा-पुरुष थे। गुणों का वे बड़ा आदर करते थे, चाहे वे गुण छोटे-से-छोटे व्यक्ति में ही हों। उनका यह समादर केवल मौखिक शब्दों तक ही सीमित नहीं रहता था, बल्कि वह समुचित पुरस्कार के रूप में अभिव्यक्त होता था, जिससे गुणी व्यक्ति का उत्साह दुगुना-तिगुना बढ़ जाया करता था। वे स्वयं अनेक गुणों की खान थे, इसीलिए गुणी व्यक्तियों का आदर करते थे। "गुणी गुणं वेत्ति" वाली उक्ति उनमें पूर्णरूप से चरितार्थ होती थी।

उन्होंने त्रेपन वर्ष की स्वल्प आयु में ही बृहत् तथा सर्वांगीण कार्य-कलाप सम्पन्न कर दिया। वे पुरुष-रत्न थे। अध्यापकों को उचित पारिश्रमिक देना और उनकी कठिनाइयों तथा विपत्तियों में सब प्रकार से सहायता पहुँचाना उनके स्वभाव का प्रधान अंग बन गया था।

उनके निधन से अध्यापकों का एक सच्चा एवं सहृदय बन्धु संसार से उठ गया, जिससे अध्यापक-वर्ग अत्यन्त दुःखित है। उनकी पुण्य स्मृति में अपनी तुच्छ श्रद्धांजलि अर्पित करने का यह सुअवसर पाकर मैं अपना अहोभाग्य समझता हूँ।



पटल बाबू के साथ बीस वर्ष

श्री गिरीशचन्द्र पन्त

अद्यैव हसितं गीतं पठितं यैः शरीरिभिः।
अद्यैव ते न दृश्यन्ते कष्टं कालस्य चेष्टितम्॥

सदा की भाँति ता० १८ मार्च १९५३ के प्रातः कालेज पहुँचा। वहाँ सन्नाटा-सा छाया हुआ था। कारण पूछा, तो मेरे एक सहयोगी अध्यापक ने श्री पटल बाबू के स्वर्गारोहण का हृदयविदारक समाचार सुनाया। मैं बहुत देर तक स्तब्ध रहा, कुछ सच-सा प्रतीत नहीं हुआ। इधर-उधर दौड़ाकर दैनिक पत्र मँगाए, तब यथार्थता मालूम हुई। शोक-सभा के उपरान्त कालेज बन्दकर मैं और श्री आचार्यजी उनके निवासस्थान मालवीय रोड पर पहुँचे। मालूम हुआ, ता० १७ मार्च को पौने पाँच बजे संध्या-समय इनका जीवन-सूर्य अस्त हो गया। विधि के विधान को कौन मेट सकता है? हाथ मलते भारी हृदय लिये हुए लौट आये।

प्रथम दर्शन

जुलाई सन् १९३३ में श्रीमान् भैय्या साहब (श्री एस० एन० चतुर्वेदी, एम० ए०) ने स्वर्गीय श्री कुमारचन्द्र भट्टाचार्य, श्री बी० एन० झा, बी० एड० (एडिन०), स्व० श्री पटल बाबू (श्री हरिकेशव घोष), श्री० मकबूल अहमद, डॉ० इबादुर्रहमान खाँ, पी-एच० डी०, स्व० श्री शालग्राम वर्मा, डा० व्रजविहारीलाल, श्री रामनरेश मिश्र, श्री शीतलादीन द्विवेदी तथा श्री इन्द्रपालसिंह के सहयोग से एक समिति की स्थापना की। इसका नाम ग्राम शिक्षासमिति रखा गया। इसका प्रथम प्रयास झूसी में सेंट्रल ट्रेनिंग स्कूल खोलना था। इसी संस्था में अध्यापक के पद पर मेरी भी नियुक्ति हुई। हमारे प्रधानाध्यापक श्री कृष्णप्यारेलालजी थे, जो अब जिला इन्सपेक्टर हैं। श्री कृष्णप्यारेलालजी का इंडियन प्रेस से घना सम्बन्ध था। उन्हीं के साथ मैं भी वहाँ जाता था। पटल बाबू के मँझले कद, गोरे रंग, हँसमुख चेहरे तथा मधुर वाणी से मैं उनकी ओर बहुत आकर्षित हुआ। जब कभी प्रधानाध्यापक कुछ कार्य से वहाँ भेजते, तो मैं सहर्ष जाता और पटल बाबू के दर्शन का लाभ उठाता।

घनिष्ठता

सन् १९३७ में जब श्री कृष्णप्यारेलालजी वहाँ की अध्यापकी छोड़कर राजकीय पद पर चले गये, मुझे ही प्रायः इंडियन प्रेस जाना पड़ता। सन् १९४५ में जब यह ट्रेनिंग स्कूल नार्मल स्कूल में परिवर्तित हो गया, तब से तो बहुधा श्री पटल बाबू के सम्पर्क में रहना पड़ा। इन्होंने ही कालेज में दो कमरे तथा एक अध्यापक-निवास बनवाने का वचन दिया, जो नार्मल स्कूल के लिए शर्त्त थी। इसी कारण मैं थोड़ा-बहुत उनके विषय में जान सका।

उदार प्रकृति

जब हमारे स्कूल का नया भवन तैयार हुआ, जिसका शिलान्यास तत्कालीन डाइरेक्टर, शिक्षा विभाग स्व० मैकेन्जी साहब तथा उद्घाटन स्व० हैरप साहब ने किया, तो उसका आधा

व्यय आपने ही सहन किया। पूरा बड़ा हाल, जो आपके पिता बाबू चिन्तामणि घोष के नाम से प्रसिद्ध है, आपकी उदारता का परिणाम है। इतना ही नहीं, सन् १९४५ में जो अध्यापक-निवास तथा दो कमरे नए बने और जिनमें कई हजार व्यय हुआ, वे भी आपकी ही कृपा से बने। समय-समय पर आप पुस्तकों, फर्नीचर, मासिक पत्रों आदि से भी सहायता करते रहे।

दयालु

पटल बाबू दयालु इतने थे कि वे जिससे असन्तुष्ट भी रहते थे, उससे ज्यादा उलझना पसन्द नहीं करते थे। फिर उन लोगों के लिए उनका क्या व्यवहार हो सकता था, जो उनके प्रिय तथा मनोनुकूल चलनेवाले हों? मुझसे बड़ी मधुरता से बोलते थे। जब जिस अवस्था में झूसी से कुछ कार्य लेकर जाता, तब कार्य में व्यस्त होने पर भी उसे ध्यानपूर्वक सुनते, नोट करते तथा उचित आदेश देते थे।

उनकी दया का एक उदाहरण है। सन् १९४५ से श्री पटल बाबू ने झूसी में भवन-निर्माण का कार्य मुझे सौंप दिया था। मैं जब चाहता था तथा आवश्यकता होती थी, उनसे रुपया ले आया करता था––कभी नकद, कभी चेक द्वारा। यह कार्य सन् १९४७ तक चालू रहा। इसी बीच में मुझे अपनी लड़की की शादी के लिए अल्मोड़ा जाना पड़ा। जो कुछ हिसाब था, उसे प्रधानाध्यापक तथा श्री वाचस्पति उपाध्यायजी (उस समय के एक सहयोगी) को समझाकर चला गया। जो शेष धन था, उसे उनको देने लगा, पर किसी ने नहीं लिया। इसी आशय से लौटा दिया कि यह कार्य जिसके जिम्मे है, वही करेगा।

प्रधानाध्यापक अपने घर कोटा चले गये और मैं अल्मोड़ा। यहाँ कार्य देखने के लिए श्री उपाध्यायजी रह गए। पता नहीं, उन्होंने श्री भैया साहब के कानों में क्या-क्या भर दिया। गर्मी के अवकाश के बाद लौटने पर मेरे समक्ष प्रश्नों का ढेर, उत्तर देने के लिए तैयार मिला। मैनेजर साहब डॉ० व्रजविहारीलालजी ने गबन का मुकदमा चलाने की धमकी दी। मुझे इस सबकी तनिक भी चिन्ता न हुई, क्योंकि रुपया श्री पटल बाबू दे रहे थे और मैं उनका एक एजेण्ट होकर कार्य कर रहा था और मासिक आय-व्यय का चिट्ठा उनके सामने रखता था। इस बात को मैंने कार्यकारिणी समिति के सामने रखा, किन्तु उसने ध्यान नहीं दिया। दुख यही रहा कि उस समय उस समिति में आप नहीं थे। भाग्यवश जुलाई सन् १९४७ में ट्रेनिंग कालेज के रूप में नार्मल स्कूल हो गया। स्व० श्री डी० एन० मुकर्जी, प्रधानाचार्य बनकर आये। यह मामला उनके सामने भी पेश हुआ। उन्होंने इसका स्पष्टीकरण चाहा। मैं स्वयं श्री पटल बाबू के पास गया। मैंने उनको आद्योपान्त सब कथा सुनाई। अन्त में उन्होंने यह लिखकर दिया––"मैंने श्री गिरीशचन्द्र पन्त को यह रकम अपने एजेण्ट के रूप में खर्च करने को कह दिया था।" इसे लाकर मैंने आचार्य जी तथा प्रबन्धक महोदय को दिखा दिया। उनको मेरी प्रामाणिकता मालूम हो गई। क्या यह पटल बाबू की कम महानता थी?

कुशल भवन-निर्माता

जब ये इमारतें कालेज में बन रही थीं, तभी से मुझे पूर्ण ज्ञान हो गया कि श्री पटल बाबू उदार दिल, मधुर भाषी और विश्वासप्रिय ही नहीं, एक कुशल इञ्जीनियर भी हैं। जब कभी मैं उनके पास किसी आवश्यक सामग्री की माँग

[पृष्ठ २०७ देखिए]

स्वर्गीय पटल बाबू

श्री गोपाललाल खन्ना, एम० ए०

पटल बाबू के निधन का समाचार 'लीडर' में पढ़ा, तो सन्न रह गया। एकाएक यह वज्रपात असह्य-सा हुआ। कार्यालय से दिसम्बर मास में यह समाचार मिला था कि अत्यधिक रुग्ण होकर वे चिकित्सा के लिए कलकत्ता गये हैं।

पटल बाबू का प्रथम दर्शन उस समय हुआ था, जब वे काशी में हिन्दू विश्वविद्यालय में इंजीनियरिंग की ट्रेनिंग प्राप्त कर रहे थे। इनका प्रथम दर्शन ही अत्यन्त प्रभावशाली था। इनका शील-सौन्दर्य, सौम्य और विनयी स्वभाव, प्रखर बुद्धि तथा आत्मविश्वास अतुलनीय था। पिताजी (स्व० डॉ० श्यामसुन्दरदास) और बड़े बाबू (स्व० श्री चिन्तामणि घोष)——दोनों बाबू साहब——में बड़ी आत्मीयता थी। पटल बाबू को काशी भेजने के पूर्व बड़े बाबू ने 'बाबू साहब' के हाथ में पटल बाबू का हाथ देकर कहा कि भाई, इसका ध्यान रखना। तुम्हारा ही बच्चा है। इस कथन की सम्मान-रक्षा पटल बाबू ने जीवन-पर्यन्त की और बाबू साहब के प्रति सदा पितृतुल्य आदर भाव रखा। छात्रावस्था में काशी में कभी विश्वविद्यालय में अथवा अन्यत्र सामना होने पर, न मिलने का इनका एकमात्र उत्तर रहता——'अवकाश नहीं मिलता।' परन्तु इस विनय और शालीनता से इन तीन शब्दों का उच्चारण होता था कि बाबू साहब को निरुत्तर होकर 'अच्छा, अच्छा' ही कहना पड़ता।

अपने-अपने क्षेत्र में दोनों बाबू साहब ने मौलिक (पायनियर) कार्य किया है। भारत में उच्च कोटि की छपाई का कार्य करने योग्य प्रेस की स्थापना करना इनका ध्येय था। इस कार्य में गहरी लगन, उत्साह और घोर परिश्रम का परिचय बड़े बाबू ने दिया था। बाबू साहब ने नागरी-प्रचारिणी सभा, साहित्य-सम्मेलन की लगन से स्थापना कर हिंदी की सेवा करने का जो बीड़ा उठाया था, वह चिरस्मरणीय है। बाबू साहब को इंडियन प्रेस से वही स्नेह था, जो नागरी-प्रचारिणी सभा से था। इन दोनों बाबू साहब के संरक्षण, परामर्श और संकेत पर प्रेस-कार्य में क्रान्ति उत्पन्न करनेवाला एक अत्यन्त मेधावी युवक प्रकट हुआ। उन्नति के प्रत्येक चरण पर परामर्श लेना पटल बाबू अपना कर्त्तव्य समझते थे। विदेश-यात्रा करने के बहुत पहले इस निश्चय पर मेरे पिताजी से परामर्श कर चुके थे और अपनी योजना पर विचार-विनिमय भी।

पटल बाबू के उद्योग से उत्तरप्रदेश की दोनों प्रमुख संस्थाएँ——नागरी-प्रचारिणी सभा तथा इंडियन प्रेस——एक साथ हो गई थीं। सभा द्वारा प्रकाशित प्रत्येक पुस्तक का मुद्रक और विक्रेता इंडियन प्रेस हो गया था। यहीं से इंडियन प्रेस की सर्वतोमुखी उन्नति का प्रारंभ होता है। खेद है, यह संबंध कुछ लोगों की कूटनीति के कारण स्थायी न रह सका।

पटल बाबू के समस्त परिवार एवं भाइयों से मेरा परिचय जगन्नाथपुरी में हुआ था। इन सभी भाइयों में जो स्नेह और सुशीलता दिखाई पड़ी, वह आदर्श थी। कभी आपस में विरोध या अवज्ञा का लवलेश भी न था। अनु-चर की भाँति आदेश का पालन होता था। परन्तु इधर भाई के स्नेह और स्वास्थ्य ने धूनी

बाब को विचलित कर रक्खा था। यही नहीं, प्रत्येक कर्मचारी, परिचित व मित्र सभी चिन्तित रहते थे। प्रायः धूनी बाबू पटल बाबू को कार्य करने से रोकते थे, विश्राम करने का आग्रह करते थे—स्नेहपूर्ण हठ के साथ। परन्तु पटल बाबू को तो प्रतिदिन के नित्य कर्म में भी प्रेस का ही ध्यान रहता था। बीमारी में भी बात करते-करते सहसा प्रेस-कार्य के लिए आदेश दिया करते थे।

प्रेस में समय पर पहुँचना इनका नियम था और शेष अर्थात् लौटना अनियमित। दस बजे प्रेस के दरवाजे पर उनकी मोटर पहुँच जाती थी। प्रेस में पहुँचते ही पहले मशीनों आदि की छपाई का काम देखते थे। कहीं कोई गड़बड़ हुई, तो पटल बाबू स्वयं उपस्थित हैं। बुलाइए या न बुलाइए, आँधी की तरह पहुँच जाते थे। कंपोजिंग, प्रिंटिंग, फोटोग्रेविंग आदि का कार्य वे भली-भाँति जानते थे। तत्काल त्रुटि निकाल देते थे, जैसे दूध में पड़ी मक्खी। उनकी तीक्ष्ण दृष्टि और प्रखर-प्रतिभा अप्रतिम थी। नवीनतम कार्य करना इनको आनन्ददायक था।

खाली बैठना, बेकार की बातचीत करना इनसे बहुत दूर रहता था। घर पर भी विविध विषयक पुस्तकें और पत्रादि पढ़ते ही रहते थे। रात को ग्यारह बजे से पहले सोना इनके स्वभाव के विपरीत था। प्रातःकाल नौ-साढ़े नौ बजे तक इमारतों का निरीक्षण करने या योजनाएँ बनाने में ही व्यतीत होता था। प्रेस में आने पर वे अत्यन्त मिष्ट और मितभाषी रहते थे। इसका कारण उपेक्षा या उदासीनता न थी, परन्तु कार्याधिक्य ही था। अपराह्न तक पत्र-व्यवहार होता और मध्याह्नोपरान्त अन्य प्रेस-कार्य।

बात कहकर बदलना इनके स्वभाव के विरुद्ध था। विरुद्ध आग्रह असह्य था। भृकुटि-मात्र का चढ़ना और क्षणिक दृष्टिपात सारे रहस्य को स्पष्ट कर देता था। किसी को डाँटना-फटकारना इनके स्वभाव के विरुद्ध था। गरीब, निःसहाय अथवा आश्रित की समुचित सहायता और उनके प्रति सहानुभूति इनकी नस-नस में भरी थी। सब पर विश्वास करना और उत्तरदायित्व का अनुभव कराना तथा वांछित कार्य करा लेना इनकी कार्य-कुशलता का परिचायक था।

बहुज्ञता इनकी एक बड़ी विशेषता थी। किसी भी विषय पर विचार-विनिमय करना और पते की बात बतला देना इनके लिए साधारण-सी बात थी। विज्ञान हो या साहित्य, काव्य हो या कला, व्यापार हो या विकास सभी में अधिकारपूर्ण प्रवेश था।

'सरस्वती' और 'बालसखा' इनके प्रिय प्रकाशन थे। अनेक बार अनेक कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। कभी-कभी दुःखित होकर इनका प्रकाशन बंद करने की भावना भी उत्पन्न हुई; परन्तु ऐसा किया नहीं। कोई-न-कोई मार्ग खोजकर इनका प्रकाशन सदा जारी रक्खा।

पटल बाबू के निधन से परिवार का प्राण गया, इंडियन प्रेस का कर्णधार उठ गया, आश्रितों का परिपालक गया, विपन्नों और संकटग्रस्तों का मुक्तिदाता गया और आत्मवत् सर्वभूतेषु समझनेवाला 'पिता' उठ गया। इस क्षति की पूर्त्ति करना असंभव है। काल के समक्ष मानव असहाय है।

सहृदय पटल बाबू

श्री रामलालसिंह, एम० ए०, साहित्यरत्न

मेरा लेखक-जीवन इंडियन प्रेस, लिमिटेड प्रयाग के माध्यम से प्रकाश में आया। इस माध्यम के नियंता पटल बाबू से अपनी पुस्तकों के छपवाने के सिलसिले में तथा व्यावसायिक कार्यों के अतिरिक्त भी कई बार मिलने का अवसर मिला। अतः आज उनके स्वर्गस्थित होने पर उनके जीवन की अनेक स्मृतियों का मेरे हृदय-पटल पर नृत्य होना स्वाभाविक है।

सन् १९४४ में दशहरे की छुट्टियों में पटल बाबू का सर्वप्रथम साक्षात्कार 'कामायनी-अनुशीलन' के प्रकाशन के सिलसिले में हुआ। उस समय तक मेरी कोई पुस्तक छपी नहीं थी। लेखक के रूप में मुझे कोई जानता नहीं था। किन्तु पटल बाबू ने प्रथम परिचय में ही अपनी सहानुभूति भरी, प्रेममयी दिव्य मूर्त्ति की ऐसी छाप मेरे हृदय पर अंकित कर दी, मानो उनसे पूर्वजन्म का कोई प्रगाढ़ परिचय रहा हो। उन्होंने पुस्तक का प्रकाशन ही स्वीकार नहीं किया, वरन् अग्रिम रायल्टी देकर लेखकों के प्रति अपनी उदारता का परिचय भी दिया। उस समय उन्होंने मेरी हस्तलिपि के विषय में व्यावसायिक दृष्टि से कुछ सोचने या अपने साहित्यिक परामर्श-दाताओं से कुछ पूछताछ करने का अवसर नहीं लिया कि यह पुस्तक कैसी है, बाजार में चल सकेगी या नहीं। उस घटना से मैंने यह परिणाम निकाला कि पटल बाबू में आदमियों को ही नहीं, लेखकों को भी देखते ही पहचान लेने की एक पैनी दृष्टि है। वे अपनी स्वयं प्रकाशिका दृष्टि से लेखक को देखते ही उसकी कृति का स्तर भी बिना उसे पढ़े या बिना किसी से पूछे ही समझ जाते थे। व्यावसायिक जीवन में उनकी सफलता के अनेक गुणों में उनका किसी को देखते ही उसका स्तर समझ लेने का गुण बहुत ही महत्त्वपूर्ण था।

पटल बाबू के इस प्रथम दर्शन का चित्र मेरे हृदय से कभी नहीं उतरता, जिसमें उनका शान्ति बरसानेवाला गंभीर व्यक्तित्व, सँभल-सँभलकर पग आगे धरने से अपने व्यावसायिक चिन्तन एवं मनन को व्यक्त करनेवाला कदम, अपनी दुर्बल आकृति से व्यावसायिक साधना एवं सतत परिश्रम को व्यंजित करनेवाला शरीर-यष्टि, आधुनिक वेशभूषा में छिपी हुई भारतीय आत्मा रखनेवाला स्वरूप, आगे-पीछे, दाएँ-बाएँ देखनेवाली दृष्टि में भरी हुई सजगता तथा सुमन बिखराता-सा सौजन्य सभी को बरबस अपनी ओर खींच लेता था।

पटल बाबू का दूसरा महत्त्वपूर्ण दर्शन 'कामायनी-अनुशीलन' के मूल्य बढ़ाने के संबंध में हुआ। मैंने सोचा, इसका ३) रु० मूल्य इसके परिश्रम को देखते हुए बहुत कम है। उस समय मैं सागर से काशी जा रहा था। मैंने सोचा कि इस विषय में पटल बाबू से मिलकर बातचीत कर लूँ। यदि उन्होंने हाँ कह दिया, तो काम बन जायगा। यात्रा से थके हुए शरीर एवं अस्तव्यस्त वेश में उनके पास जाने में कुछ संकोच हो रहा था; किन्तु मानसिक साहस ने साथ दिया और संयोग से वे घर पर मिल भी गए। पहुँचते ही उन्होंने अपनी शान्ति बरसाने-वाली मधुर मुसकान से स्वागत किया। चाय आदि पिलाने के पश्चात् पूछा कि आप कहाँ से आ रहे हैं! मेरे योग्य कोई सेवा? मैंने मन-ही-

मन सोचा कि इतना बड़ा आदमी होते हुए भी यह व्यक्ति कितना निरभिमानी, विनम्र एवं शीलवान् है; व्यावसायिक होते हुए भी इनमें कितनी आन्तरिक शान्ति, सन्तोष एवं प्रसन्नता भरी है। उनके इन गुणों का स्मरण करते ही गीता का यह श्लोक हठात् उनके विषय में मेरी लेखनी से निकल ही जाता है:—

रागद्वेषवियुक्तैस्तु विषयानिन्द्रियैश्चरन्।
आत्मवश्यैर्विधेयात्मा प्रसादमधिगच्छति॥

अर्थात् पटल बाबू रागद्वेष-रहित होकर अपनी इन्द्रियों को विषयों की ओर जाने देते थे। इसी कारण उनके मुख-मण्डल से सदा शान्ति एवं प्रसन्नता बरसती-सी प्रतीत होती थी।

पुस्तक का मूल्य उन्होंने मेरी इच्छानुसार ४) कर दिया और अपनी डायरी में उसे नोट कर लिया। सागर पहुँचते ही उनका उत्तर मिला कि आपकी पुस्तक का दाम बढ़ाकर ४) कर दिया गया। इस घटना से उनके व्यावसायिक जीवन की समय-संकेत-पालन-निष्ठा का पता चलता है।

उदयपुर, नागपुर तथा सागर से बनारस आते-जाते समय इंडियन प्रेस में मेरा वैयक्तिक काम हो या न हो, मैं पटल बाबू का दर्शन करने का अवसर अवश्य प्राप्त कर लेता था; क्योंकि उनके साथ बातचीत करने में एक अपूर्व आनन्द मिलता था; उनके पास रहने में एक अद्भुत शान्ति मिलती थी! उनके व्यक्तित्व का ऐन्द्रजालिक आकर्षण मन को बलात् खींच लेता था। मिलने पर बहुत ही प्रेमपूर्वक भविष्य में निकलनेवाली मेरी पुस्तकों के विषय में वह पूछा करते थे और लिखने के लिए बराबर प्रोत्साहन दिया करते थे। मेरी समझ में वयोवृद्ध व्यक्तियों का सबसे बड़ा काम नवयुवकों को प्रोत्साहित करना है और यह गुण पटल बाबू में कूट-कूटकर भरा था।

दिसम्बर, सन् १९५० में अपनी रायल्टी के कुछ रुपये लेने के लिए मैं इंडियन प्रेस गया था। बगल में 'समीक्षा-दर्शन' की अधूरी हस्तलिपि दबाए पटल बाबू से बातें कर रहा था। उन्होंने पूछा—"बगल में क्या छिपाए हैं?" टालने की दृष्टि से मैंने कहा—"कुछ नहीं।" फिर भी वे ताड़ गए और हँसते हुए उन्होंने कहा—"आप हमसे कुछ नहीं छिपा सकते।" मैंने उत्तर दिया—"जी नहीं, मुझे वह कला नहीं आती।" हस्तलिपि अधूरी थी, इसीलिए मैं नहीं दिखा रहा था। उन्होंने कहा—"इतना छपने दीजिए और तब तक अवशेष पूरा कर डालिए।" और हस्तलिपि अधूरी होते हुए भी उन्होंने अग्रिम रायल्टी देकर मेरी आर्थिक सहायता की।

वे किसी व्यक्ति की कठिनाई, उसके बिना कहे पहचान लेते थे। इसी कारण वे अपने यहाँ के कर्मचारियों को विश्राम ग्रहण करने पर पेन्शन दिया करते थे। इंडियन प्रेस के कर्मचारियों के साथ उनका ऐसा उदार एवं सदय व्यवहार होता था कि सभी उनके पीठ पीछे भी मुक्त कंठ से उनके स्वभाव की प्रशंसा किया करते थे।

पटल बाबू अपने वादे के बड़े पक्के थे। एक बार १९५२ में बी० ए० कक्षा की पाठ्य-पुस्तक के सम्पादन के सम्बन्ध में उनसे बातचीत हुई। समय केवल ५ दिन का था। मैंने कहा—"इतने कम समय में ३०० पृष्ठ की पुस्तक कैसे छपेगी?" उन्होंने कहा—"यह मेरा काम है। आपको चिन्तित होने की आवश्यकता नहीं।" और उन्होंने अपनी प्रतिज्ञा के अनुसार ५ दिन में ही पूरी पुस्तक छपवाकर भेजवा दी।

अमर अस्तित्व

पं० सुदर्शन वाजपेयी

मानवता का महान् आदर्श, प्रतिभापूर्ण प्रकांड पांडित्य, चिंतन-शक्ति, चारित्र्य-बल और अविश्रान्त परिश्रम—यदि इन सब तत्त्वों का साकार समन्वय किया जाय, तो उसका नामकरण होगा—श्री हरिकेशव घोष।

आज से लगभग २० वर्ष पूर्व शक्कर के व्यापार के सम्बन्ध में मेरा उनका सर्वप्रथम परिचय हुआ था। इस अवधि में मैंने उन्हें परखने की जितनी चेष्टा की, उतना ही खरा पाया। घोष बाबू के सरल व्यक्तित्व की पृष्ठ-भूमि में ईश्वरीय आकर्षण निहित था, जिसके कारण जिसने भी उनके निकट आने का प्रयास किया, वह प्रभावित हुए बिना न रह सका। यही कारण है कि स्वयं मैंने भी अपने सम्बन्ध में उन्हें परिवार के किसी प्राणी के समान स्नेह करते हुए पाया।

उनके हृदय में दूसरों के प्रति स्नेह, सद्भाव और सारल्य की त्रिवेणी प्रवाहित होती रहती थी, जिसका आनन्द उन्हीं सौभाग्यशाली व्यक्तियों को प्राप्त हुआ होगा, जिन्होंने उनके निकट बैठकर कुछ सीखने का प्रयास किया होगा। यदि कोई भी व्यक्ति उनका परामर्श प्राप्त करने का इच्छुक रहता, तो वे उसकी उलझन का इतना सटीक उत्तर देते थे, मानो वह घटना उनके लिए चिरपरिचित-सी हो। आप कह सकते हैं कि दूसरों को सलाह देना तो बहुत सरल कार्य है—यह तो मनुष्य का जन्मजात स्वाभाविक गुण ही है। ठीक है, किन्तु सलाह देकर अपने से जो कुछ बन पड़े, उसका भी पूर्ण निर्वाह करना बहुत टेढ़ी खीर है और यही लोहे के चने हमारे घोष बाबू जीवन भर चबाते रहे।

उनकी कार्यदक्षता का ज्वलन्त प्रमाण शीतलपुर शुगर मिल का स्थानान्तरण है, जिसकी स्मृति कभी नहीं भुलाई जा सकती। कुछ वर्षों पूर्व गन्ने की फसल अनुपयोगी होने तथा बाढ़ के प्रकोप के कारण मिल पर व्याधियाँ मँडराने लगीं। ईश्वर की बहुत बड़ी अनुकम्पा थी कि मिल का सारा स्टाक सुरक्षित बच गया। उसी समय मिल के स्थानान्तरण का निर्णय किया गया। इस कार्य को घोष साहब ने जिस कुशलता और धैर्य के साथ निबाहा, उसका वर्णन शब्दों की परिधि में नहीं बाँधा जा सकता है। उन्होंने अपनी समस्त शक्ति लगाकर एक 'सीजन' मिल चलाई और उक्त स्थान से कुछ मील के अन्तर पर 'गरौल' में उसकी स्थापना भी कर दी। मिलों के इतिहास में यह कदाचित् प्रथम आश्चर्यजनक घटना है। यद्यपि मैंने उन्हें नित्य के जीवन में पूजन-पाठ करते कभी नहीं देखा; किन्तु जब मिल का कोई धार्मिक कार्य होता था, तब उनकी श्रद्धा देखने योग्य होती थी।

यदि केवल एक ही शब्द में उनके व्यक्तिगत गुणों को केन्द्रित कर व्यक्त किया जाय, तो यही कहना पड़ेगा कि वे शुद्ध कर्मयोगी थे। 'कर्मण्येवाधिकारस्ते माँ फलेषु कदाचन्' के सिद्धान्तों का उन्होंने जीवन भर प्रतिपालन किया। उनकी वाग्विदग्धता का स्मरण आते ही अतीत की एक व्यापारिक घटना सजीव हो उठती है। व्यापारिक क्षेत्र की संकीर्णता से एक समय ऐसा भी आया, जब शक्कर की

स्थिति मन्दी में थी। कानपुर में इस हलचल का पूर्ण प्रभाव पड़ा और यहाँ के व्यापारियों ने मीटिंग द्वारा भिन्न-भिन्न मिलों की भिन्न-भिन्न कमेटियों का निर्माण कर दिया। कानपुर से शुगर मर्चेण्ट्स के सेक्रेटरी बाबू प्यारेलालजी माहेश्वरी और श्री श्यामसुन्दरजी खंडेलवाल मेरे साथ घोष साहब के बँगले पर इस विषय में विचार-विमर्श करने इलाहाबाद पहुँचे। सौदे की 'डेलिवरी' के भी दो ही महीने शेष रह गए थे। उस परिस्थिति में घोष बाबू के विचार सराहनीय थे। उन्होंने कहा—'ठीक है। जो भाव आपने तय किया है, वह हमें स्वीकार है। व्यापारी की हानि में मिल अवश्य सहयोग दे सकती है; किन्तु किसी कारण उस देय के समय पर बाजार भाव तेज हो जाय, तो उसका लाभ केवल व्यापारी ही उठा सकेगा—उस लाभ से मिल का कोई सम्बन्ध नहीं रह जाता है।"

घोष साहब के इस तर्क ने सबको आश्चर्य में डाल दिया और उनकी बुद्धि का लोहा मानना ही पड़ा।

उनमें राष्ट्रीय निर्माण के प्रति कितना उत्साह एवं आवेग था, उसका जीता-जागता प्रमाण एक छोटी-सी घटना है। कानपुर में खेले गए अंतिम टेस्ट मैच के अवसर पर वे यहाँ पधारे थे। केवल एक ही दिन मैच देखकर जब वे वापस लौटने लगे, तो मैंने उनसे इस शीघ्रता का कारण पूछा। उन्होंने बतलाया कि मुझे इलाहाबाद इसलिए जल्दी जाना है कि वहाँ पर मकानों की नींव डाली जा चुकी है और उन पर इमारत खड़ी करना आवश्यक है।

मैंने छूटते ही प्रश्न किया कि यदि भविष्य में साम्यवादी विचारधारा ने जोर पकड़ा, तो यहाँ कम्युनिस्टों का शासन निश्चित है, जिसके फलस्वरूप सम्पत्ति का वितरण भी अवश्यम्भावी है। ऐसी दशा में मकान बनवाने से आपका क्या तात्पर्य है?

प्रश्न विचित्र था, किन्तु उसका उत्तर कितना मर्मस्पर्शी और देश-प्रेम के साँचे में ढला हुआ था। उन्होंने कहा—"भविष्य में कुछ भी हो, इसकी मुझे कोई चिन्ता नहीं; किन्तु उसका यही तात्पर्य है कि देश के निर्माण-कार्य में मैं भी अपना किंचित् सहयोग दे सकूँगा।"

वास्तव में राष्ट्रीय निर्माण के प्रति वे सदैव सजग और सचेत रहते थे। उनका कथन था कि धन का वास्तविक उपयोग देश की सुख-समृद्धि में ही निहित है। यद्यपि उनके दैनिक जीवन के रहन-सहन का ढंग पाश्चात्य सभ्यता में रँगा हुआ था; किन्तु उस पाश्चात्य ढंग में भी भारतीयता साफ झलकती थी। 'समय ही धन है', 'सादा जीवन उच्च विचार' और 'कार्य ही पूजा है' यही उनके सर्वप्रिय मन्त्र थे, जिनके सम्मान का उन्होंने सदैव ध्यान रक्खा और दूसरों को भी उसका महत्त्व समझाने में कभी नहीं चूके। यही उनके जीवन के ५३ बसन्तों की प्रफुलित पँखुरियाँ हैं, जिनकी सुगंध से घोष-परिवार सदैव सुरभित रहता है।

भाग्य की रेखाओं का निर्माण मनुष्य के वश की वस्तु नहीं है। सचमुच घोष बाबू भी 'मानव' थे—ऐसे 'मानव' जिसका सर्वश्रेष्ठ गुण दूसरों के प्रति सहानुभूति दिखलाने के हेतु सदैव प्रस्तुत रहता था। इसीलिए तो जिस दुखदायी घड़ी में उनकी शव-यात्रा निकल रही थी, इन पंक्तियों के लेखक ने बाबू बेनीप्रसादजी अग्रवाल तथा उनके वकील मुकर्जी साहब के साथ इन पानी भरी आँखों से एक निम्न परिवार

की तरुणी को घोष बाबू के लिए इस प्रकार आँसू बहाते देखा है, मानो स्वयं उसके परिवार का कोई व्यक्ति चल बसा हो। यह दृश्य देखकर किस हृदयहीन का हृदय गीला नहीं हो आया और किसके मस्तिष्क को यह सोचते देर न लगी कि घोष साहब का विशाल वैभव प्रासादों की गोद में खेलकर कुटियों की छाया ही में अपनी थकान मिटाता रहा। जिस व्यक्तित्व में मानवता का विकास इतना स्पष्ट परिलक्षित होता था, आज वही विभूति अपना भौतिक आवरण उतारकर हम लोगों से सदैव के लिए बिछुड़ चुकी है। हमारे शब्दों में इतना साहस कहाँ कि हम उनकी महत्ता का बखान कर सकें; क्योंकि स्मृतियों का मूल्य आँसुओं से नहीं आँका जा सकता, उसकी कसौटी तो हृदय है। कदाचित् इसीलिए लेखनी रुकने को विवश कर रही है। विचारों में और कुछ प्रकट करने की क्षमता ही नहीं है और स्याही में इतनी तरलता कहाँ कि उनकी स्मृति के पवित्र पुष्पों को सजल रख सके। घोष बाबू के पंचतत्त्व से निर्मित नश्वर शरीर को चिता की चार ही लकड़ियों ने भस्मीभूत कर दिया; किन्तु उनके जीवन की अनंत स्मृतियों का अंत करने में समय का बलशाली चक्र भी समर्थ न हो सकेगा।

पटल बाबू के साथ बीस वर्ष

[पृष्ठ २०० का शेष]

लेकर जाता, वे मुझसे तखमीना पूछते थे। मुझे कोई अनुभव नहीं था। वे तुरन्त मुझसे लम्बाई-चौड़ाई पूछकर सामान के परिमाण को निश्चित कर लेते थे। जिन सज्जनों ने इंडियन प्रेस, प्रयाग के भवन को सन् १९४७ के पूर्व देखा होगा, वे स्वयं समझ सकते हैं कि श्री पटल बाबू में भवन-निर्माण तथा डिजाइन आदि के लिए कितनी रुचि थी। इंडियन प्रेस में जनरल मैनेजर के बैठने का स्थान देखिए। वहाँ से जरा-सी आँख ऊपर करते ही आप पूरे कार्यालय का निरीक्षण कर सकते हैं।

'फार्म' में रुचि

जब कभी पटल बाबू कुछ अवकाश में हुए तथा मुझे उनके साथ कुछ दूर चलने का अवसर प्राप्त हुआ, तो वे हमेशा पूछा करते कि झूसी या उसके आस-पास कुछ एकड़ भूमि मिले, तो सूचित करना ताकि एक सुन्दर फार्म बन सके। इसी हेतु उन्होंने अलोपी बाग के पास पड़ाव लिया था, पर लक्ष्य पूर्ण नहीं हुआ। बीच ही में उसमें से कुछ भूमि सरकार ने शरणार्थी-क्वार्टर्स के लिए ले ली।

पटल बाबू कितने प्रबन्ध-कुशल, कर्त्तव्य-परायण और अध्यवसायी थे, इसका ज्वलन्त प्रमाण है वर्तमान समय में इंडियन प्रेस की उन्नतावस्था। मैं इस महान् कर्मयोगी के बारे में लिख ही क्या सकता हूँ?

अपनी बात—

स्वर्गीय बाबू हरिकेशव घोष

सन् १९२८ में इंडियन प्रेस और 'सरस्वती' के संस्थापक बाबू चिंतामणि घोष के दिवंगत होने पर उनके प्रति श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए 'सरस्वती' का एक विशेष अंक प्रकाशित किया गया था। आज इंडियन प्रेस और 'सरस्वती' के उन्नायक स्वर्गीय बाबू हरिकेशव घोष की स्मृति में 'सरस्वती' का यह विशेषांक प्रकाशित हो रहा है।

मृत्यु तो अनिवार्य है। किसी भी अवस्था में किसी की मृत्यु हो जाने पर लोगों को दुख होता है। अपने स्नेह और ममत्व के कारण हम सभी लोग अपने आत्मीय जनों के देहावसान पर शोक से व्याकुल हो जाते हैं। फिर भी वृद्धावस्था में अपने जीवन का कार्य-काल समाप्त कर और अपना कार्य-भार अपने उत्तराधिकारियों को सौंपकर जो सांसारिक चिंताओं से मुक्त होकर परलोक-गमन करते हैं, उनके लिए शोक होने पर भी मन में सांत्वना का यह एक भाव अवश्य आ जाता है कि उन्होंने अपने ऐहिक जीवन के समस्त कर्त्तव्यों को पूर्ण कर लिया था। उनके लिए कोई विशेष कर्त्तव्य नहीं रह गया था। अपने जीवन में उन्हें जो कुछ करना था, उसे वे कर चुके थे। ऐसे लोगों की स्मृति में एक गौरव का भाव भी रहता है। उससे अन्य लोगों को कर्त्तव्य की एक प्रेरणा भी प्राप्त होती है। परन्तु जब थोड़ी अवस्था में किसी की मृत्यु हो जाती है, तब शोक की सीमा नहीं रहती। विश्व के किसी भी कर्म-क्षेत्र में सफलता प्रौढ़ावस्था की अनुभूति पर निर्भर रहती है। सफलता का पथ-प्रदर्शन प्रौढ़ावस्था की अनुभूति ही कर सकती है। तारुण्य में दीप्ति रहती है, उत्साह रहता है, कार्य की क्षमता भी रहती है। पर सफलता के लिए प्रौढ़ावस्था की एक विशेष अनुभूति की आवश्यकता होती है। यह सच है कि सन् १९२८ में इंडियन प्रेस का समस्त भार लेकर स्वर्गीय बाबू हरिकेशव घोष ने उसे उन्नति के शिखर पर पहुँचा दिया। परन्तु अभी उनका कर्त्तव्य-काल पूर्ण नहीं हुआ था। इंडियन प्रेस के संचालन और व्यवस्था में उनकी प्रौढ़ावस्था की अनुभूति की विशेष आवश्यकता थी। इसी से उनके आकस्मिक देहावसान के कारण इंडियन प्रेस की ही नहीं, हिन्दी-साहित्य-जगत् की भी अपार क्षति हुई है। उसकी पूर्त्ति सहसा नहीं हो सकती। इसी से उनके देहावसान का समाचार सुनकर उनके आत्मीय और आश्रित-जनों को ही नहीं, सभी साहित्य-प्रेमियों को दुख हुआ।

यह एक संयोग की बात है कि सन् १९२० में अपने ज्येष्ठ भ्राता श्री हरिपद घोष के निधन पर जब श्री हरिकेशव घोषजी ने इंडियन प्रेस का संचालन-भार लिया, तब मुझे 'सरस्वती' के संपादन-विभाग में काम करने का अवसर मिला। मेरा साहित्य-जीवन प्रारंभ से ही उनके साथ संबद्ध हो गया। सन् १९२८ के अंत में जब मैं इलाहाबाद छोड़कर चला आया, तब कितने ही वर्षों तक मुझे इंडियन प्रेस देखने का अवसर ही नहीं मिला। यह सच है कि इलाहाबाद छोड़ देने पर भी इंडियन प्रेस से मेरा संबंध बना ही रहा। समय-समय पर इंडियन प्रेस का कोई-न-कोई काम मैं करता ही रहता था। इंडियन

प्रेस की जबलपुर शाखा से मेरा विशेष संबंध था। इसी से मुझे इलाहाबाद आने की कोई विशेष आवश्यकता नहीं होती थी। पर इंडियन प्रेस की जो निरंतर उन्नति होती जा रही थी, उससे मैं अपरिचित नहीं था। 'सरस्वती' और 'बाल-सखा' के अतिरिक्त 'देशदूत' और 'मंजरी' का प्रकाशन भी इंडियन प्रेस से हुआ। साहित्य के क्षेत्र में इन दोनों ने एक ख्याति प्राप्त कर ली। जब सरस्वती पुस्तक-माला के नाम से नव-साहित्य-निर्माण की योजना प्रकाशित हुई, तब मैं समझ गया कि इंडियन प्रेस का प्रकाशन-क्षेत्र कितना विस्तृत हो गया है। जबलपुर के अतिरिक्त अन्य प्रांतों के कितने ही नगरों में उसकी शाखाएँ खुल गई थीं। उन सबसे उसकी असाधारण उन्नति के संबंध में मैंने अनुमान कर लिया था। पर दो ही वर्ष पहले जब बाबू हरि-केशव घोष की एकमात्र कृपा से मुझे 'सरस्वती' में काम करने का फिर अवसर मिला, तब इलाहाबाद जाकर मैं न तो इंडियन प्रेस को ही पहचान सका और न उसके संचालक बाबू हरिकेशव घोष को। दोनों में बड़ा विलक्षण परिवर्त्तन हो गया था। परन्तु इंडियन प्रेस की इस आश्चर्यजनक वृद्धि को देखकर मुझे जितना विस्मय हुआ, उतनी ही वेदना बाबू हरिकेशव घोष को श्री-हीन देखकर हुई। जरा की जीर्णा-वस्था तो मुझमें भी आ गई है। एक वर्ष तक मैं भी रोग से ग्रस्त था। पर बाबू हरिकेशव घोष में तो तारुण्य की अपूर्व दीप्ति देखकर मैंने सन् १९२८ में इलाहाबाद छोड़ा था। मैंने कल्पना भी नहीं की थी कि इंडियन प्रेस की इस अपूर्व श्रीवृद्धि में उनकी उस अपूर्व श्री का ह्रास हो गया है। मैं तो उन्हें देखकर क्षण भर अवाक् रह गया। उन्होंने मुझे देखकर पूछा—'अब तो आप अच्छे हैं?' मैंने कहा—'मैं तो अब अच्छा हूँ। पर आपकी....?' उन्होंने बात काटकर कहा—'मैं तो रोगग्रस्त होकर काफी कष्ट पा चुका हूँ। अब कुछ अच्छा हूँ। पर रोग से अभी मुक्ति नहीं हुई है।' फिर उन्होंने अपनी चर्चा छोड़कर तुरन्त ही 'सरस्वती' की चर्चा आरंभ कर दी। उन्होंने कहा—'मैं तो 'सरस्वती' की उन्नति के लिए सब कुछ करने को तैयार हूँ। सामग्री आप दीजिए। उसके प्रकाशन और प्रचार का भार मुझ पर है। जिस प्रकार 'सरस्वती' की सर्वांगीण उन्नति हो, वही आप प्रयत्न कीजिए। मैं अपनी ओर से उसके प्रकाशन और प्रचार के लिए अच्छी से अच्छी व्यवस्था कर दूँगा।'

मैं दो-चार दिनों तक इलाहाबाद में रुका रहा। प्रेस में उनसे फिर भेंट हुई। उसके बाद मैं चला आया। दो वर्षों से मैं 'सरस्वती' का काम अपनी इच्छा के अनुसार करता आया। उनकी ओर से मुझे पूर्ण स्वाधीनता थी। मुझे सभी प्रकार की सुविधाएँ उनसे प्राप्त हो गई थीं। मैं गत अप्रैल में जबलपुर से इलाहाबाद जाने के लिए निश्चय कर चुका था। मैं समझता था कि तब तक वे पूर्ण स्वस्थ होकर कलकत्ते से लौट आवेंगे। सहसा जबलपुर में इंडियन प्रेस की शाखा के मैनेजर बाबू रामानुजलाल श्रीवास्तव से मुझे सूचना मिली कि कलकत्ते में उनका देहा-वसान हो गया। मैं तो सुनकर स्तब्ध हो गया। मुझे ऐसा जान पड़ा, मानो मैं अपना कोई अव-लम्ब खोकर निश्चेष्ट हो गया हूँ।

विश्व की रंगभूमि में जीवन की जो चिरंतन लीला हो रही है, उसका प्रारंभ जैसे अज्ञेय है, वैसे ही अंत भी अत्यन्त रहस्यमय है। हम सभी लोग न जाने किस अज्ञात सूत्रधार के निर्देश से

अपने-अपने जीवन-नाटक की विभिन्न लीलाओं में व्यस्त रहते हैं। जीवन की कथा सदैव अपूर्ण ही रहती है। जब मृत्यु आती है, तब वह अपने साथ न जाने कितनी अपूर्ण कामनाएँ, लालसाएँ, आशाएँ, चिंताएँ और वेदनाएँ ले जाती है। किसी भी स्थिति में यह नहीं कहा जा सकता कि अब जीवन का ध्येय पूर्ण हो गया, अब कोई चिंता नहीं रही, अब कोई आशा नहीं रही।

कहा जाता है कि सभी मनुष्य अपने भाग्य के विधाता होते हैं। वे अपनी ही शक्ति से, अपने ही पौरुष से, अपने ही उद्योग से जीवन में सफलता प्राप्त करते हैं। परन्तु यह देखा जाता है कि किसी एक के प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष प्रभाव के कारण हम लोगों के जीवन की गति निर्दिष्ट होती है। स्वर्गीय बाबू हरिकेशव घोष की गणना भी ऐसे ही लोगों में की जा सकती है, जिनके साथ मेरे समान कितने ही लोगों का जीवन विशेष रूप से संबद्ध था। उनके चले जाने पर हम सभी लोग ऐसा अनुभव कर रहे हैं, मानो हम लोगों का एकमात्र आधार ही विलुप्त हो गया है, मानो हम निराश्रय हो गए हैं, मानो हमारी जीवन-गति ही अवरुद्ध हो गई है।

